अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 23°C

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

हल्द्वानी, रविवार 7 जून 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 280 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 | 20 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सीबीएसई में अनियमितताएं धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का प्रमाण: कांग्रेस पेज 2



प्रज्ञानंद ने आखिरी राउंड में नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता खेल टाइम्स



अमेरिका-ईरान फिर सैन्य टकराव के बेहद करीब पेज11



AI के सबसे अच्छे 5 कोर्स: नहीं होगी नौकरी की दिक्कत करियर

# कॉकरोच पार्टी का 5 घंटे प्रदर्शन

## सीजेपी के फाउंडर दीपके ने शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा, शनिवार को फिर जंतर-मंतर पर जुटेंगे

दीपके ने कहा: मंत्री के इस्तीफे के लिए 5 दिन का समय, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा

प्रदर्शन में शामिल हुए सोनम वांगचुक, 1000+ पुलिसकर्मी, बार्डर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, (सीजेपी) ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा था कि इस्तीफे के लिए 5 दिन तक इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा।

अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे। सीजेपी को जंतर-मंतर पर शनिवार शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी, लेकिन दोपहर 3.30 बजे अभिजीत की तबीयत खराब हो जाने के बाद यह समाप्त हो गया। इसके बाद में सोनम वांगचुक के साथ धरनास्थल से रवाना हो गए। अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की आटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे। अभिजीत दीपके सुबह 7.30 बर्ज अमेरिका से दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वे डेढ़ घंटे बाद बाहर निकले। सुबह 9.30 बजे अभिजीत सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ जंतर-मंतर के लिए रवाना हुए। हाथ अंबेडकर की आटो बायोग्राफी थी। सुबह 10.00 बजे -शेष पृष्ठ दो पर





### कॉकरोच जनता पार्टी परेशान लोगों की आवाज: अभिजीत दीपके

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की कोख से हाल में जन्मी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवर्तक अभिजीत दीपके ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी पूर्व-नियोजित राजनीतिक रणनीति की उपज नहीं, बल्कि वह सरकार से नाराज लोगों की आवाज बनकर उभरी है और कुछ ही दिनों में लाखों लोग उससे जुड़ चुके हैं। श्री दीपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा ने जनता को हिंदू-मुस्लिम मुद्दों में उलझाकर रखा है, जबकि असली सवाल रोजगार, आजीविका और आम लोगों की समस्याओं का है। उन्होंने कहा कि पिछले पिछले 10-12 वर्षों से हमें हिन्दू-मुस्लिम में उलझाकर रखा गया। क्या हिंदू-मुस्लिम से नौकरियां मिल रही हैं? क्या हिंदू-मुस्लिम की राजनीति से लोगों के घर अच्छी तरह से चल रहे हैं?

# श्रेयस अय्यर टी-20 के नए कप्तान वैभव सूर्यवंशी की टीम में एंट्री

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी दौरों (जून-जुलाई) और सितम्बर से जापान में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए श्रेयस अय्यर को राष्ट्रीय टी-20 टीम का नया कप्तान बनाया है।

राष्ट्रीय टीम चयनकर्ताओं युवा आतिशी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया है। तिलक वर्मा भारतीय टीम के उपकप्तान होंगे। इसके अलावा 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें तीनों टीमों जगह मिली है। टीम में हर्षित राणा की भी वापसी हुई है, जिन्होंने आखिरी बार इस साल फरवरी की शुरुआत में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला है। सूर्यकुमार यादव को टीम में जगह भी नहीं मिली है। वहीं, घरेलू मैदान पर विश्वकप के दौरान नौ पारियों में 136.72 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाने वाले 35 साल के सूर्यकुमार को खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया गया। आईपीएल 2026 में भी उन्होंने मुम्बई इंडियंस के लिए 13 पारियों में 270 रन बनाए थे।



▪ बीसीसीआई ने तीन प्रतियोगिताओं के लिए किया टीम का ऐलान



### आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम:

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

### इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टी -20 टीम:

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, ईशान किशन, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

### एशियाई गेम्स के लिए भारतीय टीम:

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती और वैभव सूर्यवंशी।

COLUMBUS PUBLIC SCHOOL RUDRAPUR
GLORIA IN EXCELSIS
Estd. 1997

Columbus Public School
(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120

Columbus Family congratulates its CBSE SSE/SSCE 2026 students for their marvellous performance.

SSE 2026 (Class X)




Other Top Performers

Vaibhav Tiwari 89.4% | Deepti Kapoor 89.4% | Amrit Singh 88.6% | Priyanshu Bisht 88.6% | Tanmay Bisht 88.4%
Vidit Singh Rana 88% | Gopal Gangwar 87.4% | Abhinav Rawat 87% | Naman Sachdeva 86.6% | Bhavesh Bisht 86.2%
Satvant Singh 85.8% | Vedika Chaudhary 85% | Mohammad Ayaan 84.4% | Neha Khatri 84% | Diksha Mishra 83.8%
Anushka Sharma 82.2% | Farman Ali Ansari 82.2% | Mudit Semwal 81.8% | Pushkar Singh 80.2%


Subjectwise Top Scorers

English (100) : Rajnandani Chauhan, Vrinda Khera | I.T. (100) : Divyanshu Mehra, Vainavi Negi, Vrinda Khera
Hindi (98) : Rajnandani Chauhan | Social Sc. (99) : Tapashya Sirohi | Science (99) : Divyanshu Mehra
Maths (97) : Divyanshu Mehra

- Class Aggregate: 80%
- 21/78 students secured more than 90%
- More than 50% students secured above 80%
- High Subject Aggregates:
  English: 86.04%, Hindi 82.30%, I.T. 86.57%

Aggregate percentage calculated as per Annexure II - 'Scheme of Studies at Secondary Level (Classes IX-X)' of Circular No. Skill-01/2023 of CBSE/Dir/SE/2023

SSCE 2026 (Class XII)




Other Top Performers

Sajal Kumar Gheek 89.6% | Manas Singh 89.2% | Pragati Upadhyaya 89% | Utkarshha Pratap Singh 88.4%
Alvira Mirza 86.6% | Bhumika Joshi 86.4% | Khagendra Pratap Singh 86.2% | Paarth Yash 86.2%
Rohit Kapoor 85.8% | Vanshika Joshi 85% | Priya Kumari 84.2% | Chetna Kharkwal 82.8% | Utkarsh Gupta 82%
Damya Gupta 81.6% | Prabhpuneet Singh Dhillon 81% | Ayushmaan Kesarwani 80.8% | Tanuja Goswami 80.6%
Aman Sharma 80.2%

Subjectwise Top Scorers

Actts. (94) : Alisha Parveen | Maths (96) : Anas Ahmad | B.Std. (95) : Rohit Kapoor | Pol. Sc. (95) : Srishti Pal
Hindi (96) : Utkarsh Gupta, Srishti Pal | Comp. (99) : Utkarshha Pratap Singh | P.Ed. (96) : Pragati Upadhyaya
Hist. (96) : Utkarsh Gupta | Eco. (98) : Jagjeevan Singh Gill | Physics (86) : Anas Ahmad | Chem. (92) : Manas Singh
English (96) : Utkarshha Pratap Singh, Prabhpuneet Singh Dhillon | Bio. (93) : Alvira Mirza
Psychology (98) : Shweta Singh

- High Subject Aggregates:
  Comp. 90.1%, P.Ed. 84.9%, Hindi 82.5%, English: 81.9%, Psych. 80%

Admissions Open For Class 11 (Arts, Science & Commerce)
(Merit based Fee Waiver for Students with more than 90% marks)
Bali Vihar, Model Colony, Rudrapur (Uttarakhand) | 99279 27999 | 9927963999 | www.cps.edu.in

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर ने टीईटी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका की दायर

**नई दिल्ली।/श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की है। केंद्र शासित प्रदेश की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने कहा कि सरकार ने इस मामले को लगातार आगे बढ़ाया है और उच्चतम न्यायालय के फैसले से प्रभावित शिक्षकों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुश्री इटू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रतिबद्धता के अनुसार समीक्षा याचिका उच्चतम न्यायालय में दायर की जा चुकी है। सरकार ने इस मामले को लगातार आगे बढ़ाया है और हम शिक्षकों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत द्वारा मई के अंतिम सप्ताह में उसके 2025 के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं को खारिज करने के बाद सामने आया है, जिसमें शिक्षा का अधिकार अधि. नियम, 2009 के लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए भी टीईटी को अनिवार्य कर दिया गया था।

### जयंत ने बच्चों के लिए शिशु सदन केंद्र का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** समावेशी, करुणामय और जन-केंद्रित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा कदम उठाते हुए केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी मंत्रालय के कर्मचारियों के बच्चों के लिए कौशल भवन में शिशु सदन केंद्र का उद्घाटन किया। एमएसडीई मुख्यालय में लगभग 600 वर्ग मीटर में फैला यह नया शिशु सदन बच्चों के लिए एक स्वागतपूर्ण, सुरक्षित और शैक्षिक वातावरण प्रदान करेगा।

# सीबीएसई में अनियमितताएं धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का प्रमाण: जयराम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा है कि सीबीएसई की परीक्षा, ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं से साबित हो गया है कि प्रधान सक्षम नहीं है और उनकी अक्षमता सबके सामने अब उजागर हो गई है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि शिक्षा मंत्रालय से जुड़े मामलों की परतें लगातार खुल रही हैं। सीबीएसई के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल के लिए चयनित कंपनी सीओईएमपीटी ने साइबर सुरक्षा संबंधी जिन प्रमाणपत्रों को निविदा प्रक्रिया में प्रस्तुत किया था, उनमें गंभीर खामियां थीं। उनका कहना था कि एक प्रमाणपत्र किसी अन्य ग्राहक से संबंधित था और उसकी वैधता समाप्त हो चुकी थी, जबकि दूसरा केवल अस्थाई एप्लिकेशन के ऑडिट पर आधारित था। कांग्रेस नेता ने कहा कि इन तथ्यों के बावजूद सीबीएसई ने कंपनी को ऊंची दरों पर ठेका प्रदान किया। पार्टी का कहना है कि फरवरी 2025 में कुछ एथिकल हैकर्स ने पोर्टल की साइबर सुरक्षा में गंभीर कमियों की ओर ध्यान दिलाया था, लेकिन सीबीएसई ने लंबे समय तक इन तथ्यों को स्वीकार नहीं किया।

### कांग्रेस का दलित-अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अनुसूचित जाति, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई व्यापक स्तर पर लड़ने का फैसला करते हुए कहा है कि इसके तहत 20 जुलाई को यहां जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने शनिवार को दोनों विभागों के कार्यकर्ताओं की यहां दिनभर चली बैठक के बाद संयुक्त सम्मेलन में कहा कि देश में दलितों, आदिवा. सियों, अल्पसंख्यकों और अतिपिछड़े वर्गों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है और उनके उत्पीड़न की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं, जिन्हें देखते हुए दोनों विभाग मिलकर देशव्यापी अभियान चलाएंगे।

# भाजपा में राजनीतिक विरासत की मची होड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ कई वरिष्ठ नेताओं की चाहत,उनके बच्चे सियासत में सक्रिय हों, परिवार की राजनीतिक जमीन को आगे बढ़ाएं**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव करीब आते ही भारतीय जनता पार्टी के भीतर 'विरासत की राजनीति' फिर चर्चा में है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की चाहत है कि उनके बच्चे सियासत में सक्रिय हों और परिवार की राजनीतिक जमीन को आगे बढ़ाएं। टिकट को लेकर अभी कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है, लेकिन इन नेताओं के बेटे-बेटियों ने जमीनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़ी उपस्थिति, जनता से सीधा संवाद और सोशल मीडिया पर सक्रियता से साफ है कि वे मैदान में उतरने के लिए कमर कस चुके हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बड़े बेटे पंकज सिंह पहले से विधायक हैं। अब छोटे बेटे नीरज सिंह भी राजनीतिक गलियारों में तेजी से सक्रिय हुए हैं। पिछले कई सालों से नीरज लखनऊ में पिता की अनुपस्थिति में पार्टी कार्यक्रमों और सार्वजनिक मंचों पर प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक भाजपा उन्हें लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट से उतार सकती है, या फिर संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। यूके की लीड्स यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट नीरज सोशल मीडिया पर खासे सक्रिय हैं और युवाओं के बीच उनकी पकड़ भी मजबूत मानी जाती है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे अभिनव सिन्हा भी चुनावी दौड़ में हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उनके नाम की चर्चा थी, लेकिन टिकट नहीं मिला। इस बार गाजीपुर सदर से उन्हें मौका मिलने की संभावना ज्यादा बताई जा रही है। अभिनव जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वच्छता अभियान और पार्टी बैठकों में लगातार नजर आ रहे हैं। गाजीपुर सदर सीट 2022 में भाजपा से संगीता बलवंत ने लड़ी थी, जो अब राज्यसभा पहुंच चुकी हैं। ऐसे में नए चेहरे की तलाश में अभिनव का नाम सबसे ऊपर है। फिलहाल यह सीट सपा विधायक जय किशन साहू के पास है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के बेटे करण महाना भी सक्रिय हुए हैं। बिजनेसमैन और भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य करण ने पिता के क्षेत्र महाराजपुर में हाल में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। इसी तरह झारखंड के राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार को भी टिकट मिल सकता है। 2024 लोकसभा में उनका नाम चला था, लेकिन टिकट नहीं मिला। अब बरेली की बहेड़ी सीट खाली होने से समीकरण उनके पक्ष में दिख रहे हैं।

छत्रपाल गंगवार के लोकसभा पहुंचने के बाद भाजपा को यहां नए चेहरे की जरूरत है। मुस्लिम और कुर्मी बहुल बहेड़ी में श्रुति की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। पूर्व भाजपा विधायक बृज भूषण शरण सिंह की बेटी शालिनी सिंह नोएडा में सक्रिय हैं। सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार से मुलाकात और सामाजिक मंचों पर मुखरता से वे चर्चा में आईं। नोएडा सिटीजन फोरम की कार्यकारी अध्यक्ष शालिनी वकील, लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

### उप्र में सरकारों के नतमस्तक हो जाने का दौर अब खत्म: मुख्यमंत्री

# योगी का दंगाइयों और उपद्रवियों को अल्टीमेटम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ कहा: किसी ने उत्सव के रंग में भंग डाला तो, उसका वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा**

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में अब वह दौर नहीं रहा, जब दंगाइयों और उपद्र. वियों के सामने सरकारें नतमस्तक हो जाती थीं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी पर्व, उत्सव या धार्मिक आयोजन में बाधा डालने का प्रयास करेगा तो उसका ष्वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को गोंडा जिले के कटरा और करनैलगंज विधानसभा क्षेत्रों में कुल 516 करोड़ रुपये की 262 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कटरा विधानसभा क्षेत्र में 256 करोड़ रुपये तथा करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में 260 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब रामभक्तों को ही अयोध्या जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले रामभक्त अपने प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या नहीं जा पाते थे। आज राम मंदिर का भव्य निर्माण हो चुका है और अब अयोध्या में रामभक्त ही जा सकते हैं, रामद्रोही नहीं।ष मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा के युवा ऊर्जावान, किसान मेहनती तथा महिलाएं प्रतिभाशाली हैं, लेकिन लंबे समय तक तुष्टिकरण, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और अराजकता की राजनीति के कारण जनपद अपेक्षित विकास से वंचित रहा। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के सभी 75 जिलों, तहसीलों, विकास खंडों और ग्राम पंचायतों तक बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ कार्य कर रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के समर्थन से प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, सड़क, पुल और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार इसी जनसमर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब आपने कमल का बटन दबाया, तो मां लक्ष्मी का आशीर्वाद मिला।

### योगी ने मां पाटेश्वरी के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

**बलरामपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बलरामपुर पहुंचे थे। विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद उन्होंने मां पाटेश्वरी मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम किया।

# यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में तीन कंपनियों का भूमि आवंटन रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्रएक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अलीगढ़ फेज-1 डिफेंस नोड में भूमि आवंटित तीन कंपनियों के आवंटन रद्द कर दिए हैं। यह कार्रवाई कंपनियों द्वारा करीब पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य और औद्योगिक गतिविधियां शुरू न करने के कारण की गई है। यूपीडा के अनुसार यह कदम राज्य सरकार की उस नीति के तहत उठाया गया है, जिसके तहत रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण के लिए आरक्षित भूमि का समयबद्ध निवेश, जवाबदेही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। प्राधिकरण ने कहा कि संबंधित कंपनियां बार-बार की गई समीक्षा और निगरानी के बावजूद अपनी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में आगे नहीं बढ़ा सकीं। अधिकारियों का कहना है कि परियोजनाओं में लंबे समय तक हुई देरी से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की संभावनाएं प्रभावित हो रही थीं। अनुपालन समीक्षा के बाद उपीडा ने लीज समझौते के प्रावधानों के तहत आवंटन निरस्त करने की प्रक्रिया पूरी की। यूपिडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कॉकरोच पार्टी...**

अभिजीत जंतर-मंतर पहुंचे। यहां समर्थकों ने स्वागत किया और लोगों से बातचीत की। सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक दीपके ने अपने समर्थकों के बीच 5 बार छोटी-छोटी स्पीच दी। इस दौरान धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाए गए। दोपहर 3.30 बजे दीपके की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें गाड़ी में बैठाया गया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया गया। वे सोनम वांगचुक के साथ रवाना हो गए। प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के महासचिव दिपांकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता एनी राजा और वामपंथी छात्र और युवा संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उनके साथ सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका भी मौजूद थे। आशुतोष आईआईटी कानपुर से पास आउट हैं। वे पिछले साल लंदन से भारत लौटे हैं। सीजेपी के प्रदर्शन के मद्देनजर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट, मुख्य रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और दिल्ली के बॉर्डर पॉइंट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। 1000 से ज्यादा पुलिस जवान पहले से तय पॉइंट्स पर तैनात किए गए थे। बाजारों और संवेदनशील इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई थी। अभिजीत ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी अपनी मांग पर अड़ी है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने धमेंद्र को इस्तीफे के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर कॉकरोच जनता पार्टी की बात नहीं मानी जाती है, तो 13 जून को जंतर-मंतर पर दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं शिवेसना (उद्धव) के चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि युवाओं को कॉकरोच कहकर उनका अपमान करना गलत है। अब यही युवा अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रहे हैं और सरकार को उनकी बात सुननी होगी। अखिलेश यादव ने सीजेपी प्रदर्शन का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा कि गुरूरमंद हुक्मरानों तक पहुंचे ये आवाज, अब नौजवानों ने भी कर दिया है इंकलाब। एनसीपी(एसपी) के महासचिव रोहित पवार ने कहा कि सीजेपी मिल रहा समर्थन यह दिखाता है कि देश के युवाओं में केंद्र सरकार की नीतियों और मुख्य परीक्षाओं में हुई कथित लापरवाही को लेकर गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

30 साल के अभिजीत महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल, अमेरिका की बास्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशंस से मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे हैं। अभिजीत 2020 से 2022 तक आम आदमी पार्टी (आप) के सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट रहे हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अभिजीत आप के लिए वायरल मीम बेस्ड ऑनलाइन प्रचार का मटेरियल बनाते थे। किसान आंदोलन से लेकर महंगाई जैसे राजनीतिक मुद्दों पर अभिजीत एक्स अकाउंट पर केंद्र सरकार और पीएम पर निशाना साधते रहे हैं।

### महबूबा ने जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक स्थिति की समीक्षा की

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने शनिवार को बैठक आयोजित कर पार्टी के कामकाज और जम्मू-कश्मीर की मौजूदा राजनी. तिक स्थिति पर चर्चा की। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के शहर के बाहरी इलाके में स्थित उनके आवास पर हुई। इसमें पार्टी के लगभग सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि खिमबर में हुई बैठक में पीडीपी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सरताज मदनी, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष अब्दुल रहीम वीरी, महासचिव (संगठन) गुलाम नबी हंजूरा, मुख्य प्रवक्ता महबूब बेग एवं नईम अख्तर, श्री बशारत बुखारी, मंसूर हुसैन और यासिर रेशी सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पार्टी के तीन विधायक श्री रफीक अहमद नाइक, फैयाज अहमद मीर और वहीद पारा भी बैठक में मौजूद थे।

**काम कोर्स उदास क्यों?**
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

**स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है**
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : UA40109UP2001SGC025867 /2358
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड़, देहरादून
दूरभाष संख्या : 0135-2763672-75, फैक्स : 0135-2760289, वेबसाईट : www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा विशिष्टीकरण संख्या सीसीपी-II/5/2026-2027**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित सामग्री हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है:-

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा (नग) | अनुमानित लागत (₹करोड़) | विगत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर (₹करोड़) | धरोहर राशि (₹लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (₹) | निविदा क्रय करने एवं निविदा प्रपत्र आनलाईन एवं आफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफलाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थ्री फेज फोर वायर (10-60ए) डीएलएमएस कॉम्प्लीयंट इलेक्ट्रोनिक मीटर बाक्स सहित। | 10,000 | 1.915 | 3.831 | 3.831 | 11 800 | 30.06.2026 को 17:00 बजे तक | 01.07.2026 को 15:45 बजे तक |

अन्य विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

No. 407/EE(CM)/UPCL/A-2 Dt.: 06-06-2026

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें।" (टोल फ्री न0: 1800 419 0405 पर दें)"
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री न0: 1800 180 4185 पर दें)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर

पत्रांक **955** / निविदा / **20** / 2025-26 दिनॉक 06/06/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतदद्वारा मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उ0ज0सं0 शाखा रामनगर, के विकास खण्ड काशीपुर में नगर निगम वार्ड नं0 24 में अल्लीखॉ चौराहे से श्री अब्दुल मलिक के घर तक क्षतिग्रस्त पाईप को बदलने के कार्य हेतु मोहरबन्द निविदा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारो से टैण्डर बाक्स के माध्यम से दिंनाक 22.06.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा, उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपराह्न 3:30 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र पंजीकृत ठेकेदारो द्वारा स्वंय अथवा उनके पत्र द्वारा अधीकृत किये गये प्रतिनिधियो को (जिनके हस्ताक्षर प्रमाणित हो) पंजीकरण की छायाप्रति उपलब्ध कराने के बाद ही निर्गत किये जायेगें।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +जी.एस.टी. (रू.) | निविदा की वैधता | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विकास खण्ड काशीपुर में नगर निगम वार्ड नं0 24 में अल्लीखॉ चौराहे से श्री अब्दुल मलिक के घर तक क्षतिग्रस्त पाईप को बदलने का कार्य। | 17000.00 | 1000+180.00 =1080.00 | 45 दिन | 'D' अथवा उच्चतर श्रेणी। |

**शर्तें :-**

1. धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./बी.जी./एन.एस.सी. के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, जो अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर के नाम से न्यूनतम 180 दिनों हेतु बंधक हों, जमा करानी होगी।
2. निविदा दिनांक 09.06.2026 के सायं 3:00 बजे से दिनांक 20.06.2026 के सांय 5.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में अधाहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि, शपथ पत्र, स्टाम्प पेपर्स के Originals अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर के कार्यालय में दिनांक 22.06.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा कराये जाने होंगे।
4. एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर में निहित होगा।
5. शेष समस्त नियम एवं शर्तें टैण्डर प्रपत्र के अनुसार होंगी।

अधिशासी अभियन्ता

## कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर (ऊधमसिंहनगर)

email:-nppjashpur@gmail.com Fax or Phone No- 05947220058

पत्रांक: मैमो /04-सम्पत्ति कर अनुभाग/2025-26/2025 दिनांक- 06/06/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर जिला उधमसिंह नगर के कर विभाग में अभिलेखों में नामान्तरण/दाखिल खारिज हेतु आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त हुए है- सूची निम्नवत् है।

| क्र. स. | आवेदन का दिनांक | मौहल्ला /डिमाण्ड रजि0 संख्या | वर्तमान अभिलेखों में दर्ज नाम व पता | नामान्तरण होने वाले का नाम व पता | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01.06.2026 | गुजरातियान | श्रीमती शशी ठाकुर पत्नि आदित्यवीर, अजय कुमार, हर्ष कुमार पुत्र अर्जुन सिंह | श्री हर्ष कुमार व श्री अजय कुमार पुत्र अर्जुन सिंह | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 02 | 07.05.2026 | गुजरातियान | श्रीमती शांति देवी पत्नि श्री रमेश शर्मा | श्रीमती रानी शर्मा पत्नि श्री राजकुमार शर्मा | विरासतन |

जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामान्तरण/दाखिल-खारिज किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह एक माह (30 दिन) के अन्दर लिखित रूप से सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्त होने पर नामान्तरण/दाखिल-खारिज कर दिया जायेगा, तथा समयावधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी
न0पा0प0जसपुर

# किसानों के हित में हो रहा कार्य, बढ़ रही आयः सीएम

## खेत बचाओ अभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान, किसानों ने लिया मिट्टी और कृषि संरक्षण का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अल्मोड़ा।** जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच कृषि और किसानों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से हवालबाग में राज्य स्तरीय ष्खेत बचाओ अभियानष् कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए कृषि संरक्षण, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने तथा किसानों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। मोटे अनाजों विशेषकर मांडुआ, झंगोरा, चौलाई एवं अन्य पारंपरिक फसलों के संरक्षण और उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि अल्मोड़ा की धरती पर किसानों के बीच आकर उन्हें नई ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि ष्खेत बचाओ अभियानष् अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा जनांदोलन बन



अल्मोड़ा के हवालबाग में हुआ भव्य कार्यक्रम, बड़ी संख्या में पहुंचे किसान

चुका है। उन्होंने किसानों से अपनी कृषि भूमि, मिट्टी और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं बल्कि देश की शक्ति और हिम्मत हैं। हमारी संस्कृति में मिट्टी केवल भूमि का टुकड़ा नहीं बल्कि मां के समान पूजनीय है। इसलिए मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखना और खेतों को रासायनिक पदार्थों से यथासंभव मुक्त रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित कृषि व्यवस्था छोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। कहा कि किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए बजट में 200 करोड़ रुपये का प्राविधान भी किया है।

मुख्यमंत्री ने किसानों से नियमित रूप से मिट्टी का परीक्षण कराने, पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा कृषि विशेषज्ञों की सलाह और वैज्ञानिक शोध के अनुरूप खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप फसलों का चयन किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक समृद्धि दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं तथा इकोलॉजी और इकोनॉमी के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। प्रधानमंत्री के ष्मन की बातष् कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से बाग. वानी क्षेत्र के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पॉलीहाउस, फलोत्पादन, कोल्ड स्टोरेज, मेगा फूड पार्क तथा सुगंधित फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं।

वर्तमान में प्रदेश में लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मोटे अनाजों को भी विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को योजनाओं का लाभ सीधे डीबीटी के माध्यम से दिया जा रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों से केवल वादे नहीं करती, बल्कि धरातल पर कार्य करने में विश्वास रखती है। उन्होंने किसानों से अपनी खेती और मिट्टी का परीक्षण कराने तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, महिला समूहों, जनप्रति. निधियों एवं अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए कृषि संरक्षण, मिट्टी संवर्धन और जलवायु अनुक. ूल खेती को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विधायक रानीखेत डॉ प्रमोद नैनवाल, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, विधायक सल्ट महेश जीना, जिला पंचायत अध्यक्षा हेमा गैडा, दायित्वधारी गंगा बिष्ट, गो. विंद पिलख्वाल, मेयर अल्मोड़ा अजय वर्मा, कृषि सचिव सुरेंद्र नारायण पांडे, निदेशक कृषि, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रति. निधि, अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

### 6 करोड़ रुपए से जनपद अल्मोड़ा में कराई जाएगी तारबाड़, खेती होगी सुरक्षितः धामी

मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा जनपद में तारबाड़ योजना के अंतर्गत लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से कार्य कराए जाने घोषणा भी की।जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार की नीतियों और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जनपदवासियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि के मामले में देश में उत्तराखंड का नाम प्रथम श्रेणी में आना सरकार की नीतियों की सफलता का जीता जागता उदाहरण है।

### खेतों को बचाकर ही आत्मनिर्भर उत्तराखंड का निर्माण संभव : जोशी

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाते हुए उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है तथा अब तक सरकारी विभागों में 30 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में किसानों के हित में ड्रैगन फ्रूट, कीवी तथा मिलेट जैसी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी नीतियां बनाई गई हैं। खेती का क्षेत्रफल घटने के बावजूद कृषि उत्पादों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि खेतों को बचाकर ही आत्मनिर्भर उत्तराखंड का निर्माण संभव है।

# उच्च व तकनीकी शिक्षा में सभी अटैचमेंट होंगे समाप्तः डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के सभी प्रकार की सम्बद्धताओं (अटैचमेंट) को समाप्त किया जाएगा। साथ ही विभिन्न संस्थानों एवं विभागों में प्रतिनियुक्ति पर गये कार्मिकों की भी वापसी सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को ठोस निर्देश दे दिए गए हैं।

सूबे के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि दोनों विभागों में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी अपने मूल तैनाती स्थलों के बजाय अन्य महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं विभागों में सम्बद्ध अथवा प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। इससे महाविद्यालयों व पॉलीटेक्निक संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के



■ प्रतिनियुक्ति पर गये कार्मिकों की भी होगी वापसी,अधिकारियों को दिए निर्देश ■ कहा, वार्षिक स्थानांतरण से पहले मूल तैनाती स्थलों पर भेजे जाएंगे शिक्षक व कर्मचारी

साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

डॉ. रावत ने स्पष्ट किया कि विद्यालयी शिक्षा विभाग की तर्ज पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में भी अटैचमेंट व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्षिक स्थानांतरण से पहले सभी प्रकार की सम्बद्धताओं को समाप्त करते हुए संबंधित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उनके मूल तैनाती स्थलों पर भेजा जाए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य सभी शिक्षण संस्थानों में मानव संसाधनों का संतुलित एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करना है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके तथा संस्थानों की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बन सके।

डॉ रावत ने प्रतिनियुक्ति पर गये कार्मिकों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यकतानुसार उन्हें शीघ्र मूल तैनाती पर वापस भेजने की कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

## पद्म पुरस्कार-2027 के लिए नामांकन आमंत्रित

देहरादून। अपर जिला अधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के. के. मिश्रा ने बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2027 के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारोंख्रपद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्रीख्रके लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अपर सचिव, मंत्रिपरिषद अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन के अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन एवं संस्तुतियां ऑनलाइन आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्थाएं गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं। शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजने की अंतिम तिथि 12 जून, 2026 निर्धारित की गई है। अपर जिला अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनपद स्तर पर आवेदन एवं संस्तुतियां 10 जून, 2026 तक ही जिला कार्यालय, देहरादून में स्वीकार की जाएंगी। उन्होंने पात्र व्यक्तियों, संस्थाओं एवं नागरिकों से समयावधि के भीतर अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अपील की है।

# स्वास्थ्य विभाग में मूल तैनाती को लेकर आदेश जारी, वापस लौटेंगे अटैच कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में काम कर रहे संबद्ध अधिकारियों और कर्मचारियों को अब अपने मूल तनाती के स्थान पर लौटना होगा। इसको लेकर उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने संबद्ध कर्मचारियों की मूल तैनाती के स्थान पर वापस भेजने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के महानिद. ेशक ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, अधिकारियों/कर्मचारियों को जून 2026 से मूल तैनाती स्थल पर उपस्थिति के आधार पर ही वेतन मिलेगा।

■ स्वास्थ्य महानिदेशक की ओर से आदेश जारी

हाल ही में उत्तराखंड स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण समेत संबंधित विभागों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य से संबंधित सभी विभागों को इस बाबत निर्देश दिए थे कि विभाग में अटैक अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके मूल तनाती स्थल पर भेजा जाए. इसके लिए 31 मार्च 2026 तक अटैक सभी कर्मचारियों को मूल तैनाती स्थल पर तत्काल भेजने के लिए कार्य मुक्त कर दें।

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल के निर्देश के बाद, स्वास्थ्य विभाग ने सभी मंडलीय और जिला स्तरीय अधिकारियों को उनके अधीन संबद्ध अधिकारी एवं कर्मचारी को बिना किसी देरी के अपने मूल कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग की महानिद. ेशक ने सभी सक्षम प्राधिकारियों और आहरण-वितरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाये. साथ ही सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जून 2026 और उसके बाद के महीनों का वेतन, उन सभी संबंधित कर्मचारियों को उनके मूल तैनाती स्थल पर उनकी उपस्थिति के आधार पर ही जारी किया जाएगा।

स्वास्थ्य महानिदेशक की ओर से आदेश जारी होने के साथ ही इसे तत्काल प्रभाव से भी लागू कर दिया गया है.।

# डीएम के ग्रीन बिल्डिंग परियोजना की प्रगति में तेजी लाने व नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लिमिटेड डॉ. आशीष चौहान ने ऋषिपर्णा सभागार, कलेक्ट्रेट में स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परियोजनाओं की प्रगति, हैंडओवर की स्थिति तथा संचालन एवं अनुरक्षण (ऑपरेशन एंड मेंटिनेंस) कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में जानकारी दी गई कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत स्वीकृत 22 परियोजनाओं में से 21 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा इनमें से 10 परियोजनाओं को संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जा चुका है।

एक परियोजना, ग्रीन बिल्डिंग, वर्तमान में निर्माणाधीन है। इस पर जिलाधिकारी ने शेष 11 पूर्ण



■ स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की प्रगति, हैंडओवर की स्थिति एवं संचालन-अनुरक्षण कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

परियोजनाओं के हस्तांतरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण सहित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान ग्रीन बिल्डिंग परियोजना की प्रगति लगभग 40 प्रतिशत बताए जाने पर जिलाधिकारी ने कार्यों में अपेक्षित गति लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने, निर्धारित लेबर प्लान के अनुसार पर्याप्त श्रमिकों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से प्रगति की मॉनिटरिंग करते हुए अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश स्मार्ट सिटी अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि परियोजना में हुई देरी के कारणों तथा इसके लिए उत्तरदायी अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के संबंध में की गई कार्रवाई का विवरण भी प्रस्तुत किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी के अंतर्गत पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा उनकी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका भुगतान निर्धारित प्रक्रियाओं एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही किया जाए। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लि. तीरथपाल सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद वर्चुअल माध्यम से तथा कृष्णा चमोला एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स प्रतिष्ठित पदकों से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के आर्मी कैडेट कॉलेज (एसीसी) विंग के एसीसी-126 कोर्स के दीक्षांत समारोह का शनिवार को आयोजन हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को विभिन्न प्रतिष्ठित पदकों और सम्मानों से अलंकृत किया गया।

समारोह में कोर्स की समग्र योग्यता सूची में पहला स्थान पाने वाले डब्ल्यूसीसी नवीन को थल सेना प्रमुख स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। दूसरे स्थान पर रहे सीसीसी अवनीश कुमार मिश्रा को थल सेना प्रमुख रजत पदक और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले डब्ल्यूसीक्यूएम

■ आईएमए एसीसी ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

हर्षराज को थल सेना प्रमुख कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

सेवा विषयों में सर्वोच्च प्रदर्शन करने पर सीक्यूएमएस अमनप्रीत सिंह को सेवा प्रशिक्षण में प्रथम का सम्मान दिया गया। वहीं शैक्षणिक क्षेत्र में मानविकी संकाय में सीसीसी अवनीश कुमार मिश्रा ने प्रथम स्थान पाया। जबकि विज्ञान संकाय में डब्ल्यूसीसी नवीन को पहला स्थान मिला। समारोह के दौरान कमांडेंट द्वारा कैडेटों को शपथ दिलाई गई।

## उत्तराखण्ड में बीएलओ को मिलेगा एक माह के मोबाइल रिचार्ज का भुगतान



■ एसआईआर के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर "बीएलओ ऐप" से करेंगे गणना फॉर्म को डिजिटलाइज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान कार्य में जुटे बूथ लेवल ऑफिसर्स को मोबाइल डाटा रिचार्ज हेतु आयोग द्वारा हर बीएलओ को 350 का भुगतान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी वी आर सी पुरुषोत्तम की विशेष पहल पर प्रदेश के सभी 11733 बीएलओ को मोबाइल रिचार्ज के लिए भुगतान के बाबत आदेश जारी कर दिए गए हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी वी आर सी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो गई गई। इस दौरान बीएलओ 8 जून से 7 जुलाई तक घर- घर जाकर मतदाताओं को गणना फॉर्म बांटेंगे। इस एक माह के फेज में बीएलओ द्वारा मतदाताओं से प्राप्त भरे हुए गणना फॉर्म्स को "बीएलओ ऐप" के माध्यम से डिजिटलाइज किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में बीएलओ को मोबाइल डाटा प्लान की कमी ना आए इसी बात को ध्यान में रखते हुए बीएलओ को एक माह का मोबाइल रिचार्ज प्लान के लिए धनराशि देने का निर्णय लिया गया है।



# काशीपुर को विकास कार्यों की सौगात

## मुख्यमंत्री धामी ने किया वर्चुअल शिलान्यास व लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर को विकास कार्यों की बड़ी सौगात देते हुए करोड़ों रुपए से होने वाले तीन कार्यो का शिलान्यास और दो विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया।

काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट तथा महापौर दीपक वाली ने मुख्यमंत्री द्वारा किए गए शिलान्यास एवं लोकार्पण पर प्रसन्नता जताते हुए रामनगर और काशीपुर की जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। महापौर दीपक बाली ने कहा कि काशीपुर में आज जिन कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है वह सभी बहुप्रतीक्षित योजनाएं थी और काशीपुर की जनता को उनका लंबे समय से इंतजार था। मुख्यमंत्री ने



काशीपुर-रामनगर एनएच-309 मार्ग के निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए 16.81 करोड़, महाराणा प्रताप चौक निर्माण एवं सुंदरीकरण कार्य के लिए 4.30 करोड़ तथा ननकाना साहिब चौक निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 3.35 करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिला स्तरीय प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर के क्षेत्रीय कार्यालय, काशीपुर में प्रीफैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर निर्माण कार्य (49.24 लाख) तथा स्टेडियम काशीपुर में ओपन जिम निर्माण कार्य (24 लाख) का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि उक्त परियोजनाओं से काशीपुर की यातायात व्यवस्था भी ठीक होगी और रामनगर काशीपुर के बीच में सड़क के निर्माण से क्षेत्रीय जनता और बाहरी पर्यटकों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि काशीपुर से मुरादाबाद जाने वाली रोड के पेंच वर्क कार्य को भी बरसात से पूर्व पूरा करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, राज्य मंत्री शायरा बानो, डॉ. यशपाल रावत, आशीष गुप्ता, राहुल पैगिया, विजय बॉबी, खिलेन्द्र चौधरी, मोहन बिष्ट, विकास प्राधिकरण के वीसी जय किशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, तहसीलदार पंकज चंदोला, नगर निगम के कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### परीक्षा केंद्र में मोबाइल लेकर पहुंच गया छात्र

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर सचल दल ने फिर से एक छात्र को नकल करते पड़का है। छात्र परीक्षा के दौरान मोबाइल की सहायता से प्रश्नों के उत्तर लिख रहा था। सचल दल ने छात्र की परीक्षा की कॉपी को सील की है। वहीं, अब विवि प्रशासन की ओर से मामले में कार्रवाई की जाएगी। एसएसजे परिसर की इन दिनों स्नातक स्तरीय परीक्षा चल रही है। इस दौरान पीजी डिप्लोमा योगा का एक छात्र परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल लेकर पहुंच गया। साथ ही मोबाइल की सहायता से प्रश्नों के उत्तर भी लिखने लगा, लेकिन ऐसा करते हुए विश्व. विद्यालय के सचल दल ने उसे ऐसा करते हुए पकड़ लिया। बता दें कि कुछ दिन पूर्व भी एक छात्र नकल करते हुए पकड़ा गया था। इस बार की परीक्षा में अब तक कुल नौ छात्रों को नकल करते हुए पकड़ा गया है। परीक्षा के बाद सभी छात्रों पर विश्वविद्यालय स्तर से कार्रवाई होगी। वहीं, परीक्षा की पहली पाली में कुल 796 छात्र पंजीकृत थे। इनमें से 766 ने परीक्षा दी और 30 परीक्षा देने के लिए नहीं पहुंचे। दूसरी पाली में कुल 219 पंजीकृत थे।

### अग्निवीर योजना को समाप्त किया जाए: पूर्व सैनिक

**अल्मोड़ा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की शनिवार को मासिक बैठक हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने अग्निवीर योजना को समाप्त कर पूर्व की तरह व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि देश में अग्निवीर योजना सही नहीं है। इससे देश की सुरक्षा को खतरा होगा। पूर्व सैनिकों ने अग्निवीर योजना को समाप्त कर पूर्व की तरह लागू करने की मांग उठाई। इसके अलावा शहर में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने, पुलिस से सत्यापन अभियान चलाने, प्रत्येक वर्ष जल मूल्य में बढ़ोत्तरी नहीं करने समेत नगर में बंद पड़ी नालियों की सफाई करने की मांग की। यहां बैठक में डीसी तिवारी, पीसी लोहनी, सीएस बिष्ट, एनसी जोशी, मोहन सिंह अल्मियां, मनमोहन वर्मा, आनंद सिंह लटवाल, एचसी जोशी, केशव दत्त पांडे, पीजी गोस्वामी, मोहन जोशी, धनानंद जोशी, महेंद्र सिंह मनराल, विनोद गिरी, त्रिलोक सिंह, सुरेंद्र लाल टम्टा, शेर सिंह नेगी, भगवान सिंह आदि रहे।

## एक नजर

### लापता ट्रैकर की तलाश में रेस्क्यू अभियान

**बागेश्वर।** विश्व प्रसिद्ध पिंडारी ग्लेशियर ट्रैकिंग मार्ग पर लापता हुए नोएडा निवासी 28 वर्षीय ट्रैकर अभिषेक चौहान की तलाश के लिए पुलिस, प्रशासन और विभिन्न रेस्क्यू एजेंसियों द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। खाती गांव से आगे पिंडारी घाटी के दुर्गम क्षेत्रों में पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर सर्विस, वन विभाग और स्थानीय ग्रामीण संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन में जुटे हैं। पुलिस अधीक्षक बागेश्वर के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान में आधुनिक तकनीकों का भी सहारा लिया जा रहा है। क्षेत्र की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए गहरी घाटियों, घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ी रास्तों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों तथा डॉग स्क्वायड की मदद ली जा रही है। रेस्क्यू टीमें घटना स्थल और आसपास के संभावित क्षेत्रों की गहन तलाशी ले रही हैं। पुलिस गुमशुदा युवक के परिजनों के साथ संपर्क बनाए हुए है। साथ ही उसके दोस्तों, परिचितों और रिश्तेदारों से भी जानकारी जुटाई जा रही है ताकि किसी भी संभावित सुराग तक पहुंचा जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों, ट्रैकर्स और गाइडों से अपील की है कि यदि अभिषेक चौहान के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल थानाध्यक्ष कपकोट के मोबाइल नंबर 9411113310 अथवा जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष 9411112983 पर सूचना दें।

### कैमरों से चुस्त होगी कालिका मंदिर की सुरक्षा

**बागेश्वर।** प्रसिद्ध कालिका मंदिर कांडा की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मंदिर परिसर में 16 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। यह महत्वपूर्ण कार्य जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या की पहल पर उनकी निधि एवं राज्य वित्त मद से कराया जा रहा है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगने से श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ-साथ मंदिर की गतिविधियों पर भी चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा सकेगी। आधुनिक तकनीक से लैस यह व्यवस्था किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल नजर रखने में सहायक होगी तथा सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाएगी। स्थानीय लोगों और मंदिर समिति के सदस्यों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरों की स्थापना से मंदिर की सुरक्षा को नया बल मिलेगा।

### दो किलोग्राम गांजा समेत एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली काशीपुर पुलिस टीम ने दौराने रात्रि चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहन के आचार फैक्ट्री के पास प्रतापपुर को जाने वाली सड़क के पास से सुधांशु कुमार उर्फ सुच्चा पुत्र धर्मी निवासी भीमनगर कुंडेश्वरी काशीपुर को 2.02 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक कौशल भाकुनी, मनोज सिंह धोनी, कांस्टेबल किरन कुमार मेहता व जगदीश पपनै थे।

### गन्ना किसान संस्थान ने की कृषक गोष्ठी

**काशीपुर।** गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर द्वारा गन्ना विकास परिषद काशीपुर परिक्षेत्र के ग्राम गोविंद नगर में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने आगामी गन्ने की बुवाई जैसे विषय में किसानों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गन्ने की कृषि में गहराई तथा दूरी का बहुत महत्व है। अत: किसान बंधु इसका पालन करें। गहराई में गूल खोलकर गन्ने की बुवाई करें तथा दूरी बनाए रखें, जिससे कि गन्ने को फैलाव में मदद मिलेगी। गोष्ठी में प्रतिभाग करते हुए गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 15023, 13235, 14201,12226 जैसी उन्नतशील प्रजातियां है जिनको गन्ना कृषकों को प्रोत्साहित करना चाहिए। वर्तमान में 0238 रेड रोड की चपेट में आ गई है। अत: कृषक बंधुओ से अनुरोध है कि इस प्रजाति के गन्ने की बुवाई बिल्कुल भी ना करें है।

### कई प्रतिष्ठानों को अग्निशमन विभाग के नोटिस

**अल्मोड़ा।** अग्निशमन विभाग ने अल्मोड़ा क्षेत्र में होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में विशेष अग्नि सुरक्षा जांच अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण में सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर कई प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया। एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेन्द्र सिंह कुंवर के नेतृत्व में अग्निशमन टीम ने अल्मोड़ा के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंटो और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने अग्निशमन यंत्रों की स्थिति, आपातकालीन निकास व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन की सुरक्षा, अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि जांच की गई। कई जगहो पर व्यवस्थाओं में खामियां पाई गई।

### विवि में मास्टर्स एवं पीएचडी प्रवेश परीक्षाएं संपन्न

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर द्वारा आयोजित मास्टर्स एवं पीएचडी कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। मास्टर्स प्रवेश परीक्षा के लिए पंतनगर और देहरादून में दो केंद्र बनाए गए थे, जबकि पीएचडी प्रवेश परीक्षा पंतनगर में आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के अनुसार दोनों कार्यक्रमों में कुल 1603 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए आवंटित किया गया था, जिनमें से 1303 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। कुल उपस्थिति 81.29 प्रतिशत दर्ज की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के निष्पक्ष एवं सुचारु संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं।

## खिलाड़ियों को कुलपति ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए चयनित विभिन्न खेलों के विश्वविद्यालय कप्तानों तथा उत्तराखण्ड राज्य अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। विशेष रूप से 4-100 मीटर रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा टेबल टेनिस में रजत पदक तथा एथलेटिक्स में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मान मिला। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. वीसी ध्यानी, क्रीड़ा परिषद के सदस्य डा. प्रमोद मल्ल, डा. साक्षी कपूर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. गोविन्द सिंह बोहरा ने किया।

# सीएम को ज्ञापन: पंचायतों को पर्याप्त अधिकार और संसाधन देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** ग्राम प्रधान संगठन, विकासखंड हवालबाग ने पंचायतों और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

अल्मोड़ा में आयोजित खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि पंचायत चुनाव संपन्न हुए लगभग दस माह बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक उप-प्रधानों का चुनाव नहीं हो पाया है। संगठन के अनुसार उप-प्रधानों के निर्वाचन के अभाव में पंचायतें पूर्ण रूप से कार्यशील नहीं हो पा रही हैं। इसलिए उप-प्रधानों के चुनाव शीघ्र कराए जाने की मांग की गई है। ग्राम प्रधान संगठन ने राज्य वित्त से मिलने वाली धनराशि में कंटिजेंसी मद की कटौती पर भी आपत्ति जताई। संगठन का कहना है कि इसी राशि से प्रधानों और उप-प्रधानों के मानदेय का भुगतान किया जा रहा है, जिससे पंचायतों के नियमित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में पंचायत निधियों पर प्राप्त ब्याज के उपयोग का अधिकार ग्राम पंचायतों को दिए जाने तथा मानदेय की अलग व्यवस्था किए जाने की मांग उठाई गई। संगठन ने ग्राम प्रधानों का मानदेय बढ़ाकर न्यूनतम 15 हजार रुपये प्रतिमाह करने की भी मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम प्रधान विकास कार्यों के संचालन, जनसमस्याओं के समाधान, आपदा प्रबंधन और प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में लगातार सक्रिय रहते हैं, जबकि वर्तमान मानदेय उनकी जिम्मेदारियों के अनुरूप नहीं है। इसके अलावा वीबी-जीरामजी योजना की गाइडलाइन को उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप संशोधित करने की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि वर्तमान मानक पहाड़ी क्षेत्रों की आवश्यकताओं से मेल नहीं खाते, जिससे विकास कार्यों की प्रभावशीलता प्रभावित होती है। ज्ञापन में पंचायती राज अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए ग्राम पंचायतों को अधिक वित्तीय, प्रशास. निक और विकासात्मक अधिकार दिए जाने की भी मांग की गई। संगठन ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर पंचायत व्यवस्था को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कदम उठाएगी। यहां ज्ञापन देने वालों में संगठन अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नयाल, महामंत्री विनोद जोशी, उपाध्यक्ष सुंदर मटियानी, चंद्रिका तिवारी, देवेंद्र मेहरा आदि मौजूद रहे।

### त्रिलोक सिंह चड्ढा के नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**काशीपुर।** बाजपुर रोड निवासी 84 वर्षीय त्रिलोक सिंह चड्ढा के निधन के बाद उनके परिवार ने मानवता और सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेत्रदान कराया। दिवंगत के पुत्र प्रीत सिंह चड्ढा ने अपने पिता जी की आखें दान करने की इच्छा जताई, जिसके बाद उन्होंने निर्मल आश्रम नेत्र संस्थान को सूचना दी। संस्थान की टीम डॉ. मनिका शर्मा और श्री मक्रेंदु ने दिवंगत के आवास पर पहुँचकर सफलतापूर्वक कार्निया प्राप्त किए। इस नेत्रदान के माध्यम से अब दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी आएगी और वे इस सुन्दर संसार को देख सकेंगे। पिछले महीने स्थानीय निवासी स्व. सरबजीत सिंह की आँखें दान की गई थी जिससे यहाँ पर अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिली।

## राज्य आन्दोलनकारियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** राज्य निर्माण आन्दोलनकारियों का सम्मान सम्मेलन श्री अग्रवाल सभा में सम्पन्न हुआ जिसमें नगर के चिन्हीकरण के किये गये आवेदकों ने भाग लिया। राज्य निर्माण आन्दोलनकारियों के सम्मान सम्मेलन में सर्वप्रथम नगर के घोषित आन्दोलनकारियों नरपत सिंह राजपूत, राजेन्द्र पाल, शोभित कुमार का प्रदेश, जिला, नगर कमेटी व सभी उपस्थित आवेदकों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिला महामंत्री विनय विश्नोई ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि चिन्हीकरण को लेकर राज्य निर्माण सक्रिय आन्दोलनकारी समिति उत्तराखंड की आगे की रणनीति और कार्यवाही पर कोर कमेटी ने विस्तारपूर्वक विचार विमर्श व मंथन करके निर्णय लेकर कार्यवाहियों को संचालित करने की जिम्मेदारी आपस में वितरित कर एकजुट और सहयोग से पूर्व की भांति सभी कार्यवाहियों को पूर्ण करने का संकल्परत है। कोर कमेटी में प्रदेश स्तरीय कमेटी से महामंत्री नीरज ठाकुर, नगर के महामंत्री अनुराग सारस्वत ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अंत में घोषित आन्दोलनकारियों द्वारा वहां उपस्थित 60 आवेदकों को उत्तराखण्ड सक्रिय आन्दोलन सम्मान पत्र वितरण किया गया। सम्मेलन में वेद प्रकाश विद्यार्थी, संदीप सहगल, मंयक गुप्ता, मीनू लता गुप्ता, महेन्द्र खुराना, महेन्द्र कुमार, राम सिंह, इरशाद, दीपक कश्यप, सुनील प्रताप सिंह, डॉ. दिनेश शर्मा, भूपेन्द्र कुमार, रामकुमार, सतीश कुमार, विनोद कुमार, जयपाल सिंह अहेरिया, रिजवान अहमद, डॉ. एके सेन, अमित शर्मा, विनय शर्मा, अरविन्द कुमार, सुभाष चन्द्र शर्मा, एड. जगदीश पनेरू, सुशील कुमार विक्की, सुशील शर्मा, दिशा गुप्ता, संजीव कुमार, कृष्ण कुमार सारस्वत रहे।

## स्कूली बच्चों, ग्रामीणों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** नगर के गौरव का सम्मान समारोह नामक एक कार्यक्रम में भाजपा नेता मनोज पाठक ने कालाढूंगी के एक निजी बैंकेट हाल में स्कूली बच्चों और ग्रामवासियों को सम्मानित किया। मनोज पाठक ने कहा कि उनके द्वारा गाँव का गौरव सम्मान समारोह नाम से एक कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसमें कालाढूंगी विधानसभा के विभिन्न नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को संचालित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि अलग अलग क्षेत्रों जैसे आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, वरिष्ठ नागरिक, स्कूली बच्चे, समा. जसेवी, डाक्टर, शिक्षक, महिला स्वयं सहायता समूह, सफाई नायक



आदि लोगों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया है। जिससे कि उन लोगों को और अधिक ऊर्जा से जनता कि सेवा करने का अवसर मिले। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता गोपाल बुधलाकोटी, सभासद हरीश मेहरा, पूर्व सभासद आन सिंह कैड़ा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सम्मान पाने वालों में यशोदा बिष्ट, तारा, गीता जोशी, भावना, पुष्पा, शमा, नारी सशक्तिकरण सम्मान में अर्चना सैनी, तमन्ना पंत (एयरफोर्स, अग्नवीर योजना), शिक्षा सेवा सम्मान में नितीशा भट्ट, जगदीश चंद्र जोशी, रत्न सिंह मेवाड़ी, आंगनबाड़ी सेवा सम्मान में निर्मला, सरस्वती, पूर्व सैनिक सम्मान ललित मोहन कांडपाल, महेंद्र सिंह, विनोद सिंह शामिल रहे।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने ओबीसी मोर्चा महानगर मंडल काशीपुर के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्व हेतु बधाई दी और उनका स्वागत किया एवं उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।



इस दौरान विधायक चीमा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों, राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वहीं उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश विकास, सुशासन, पारदर्शिता एवं जनसेवा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष पारस प्रजापति, राहुल पाल, दीपक चौरसिया, अरुण प्रजापति, कार्तिक यादव, धीरज प्रजापति, शिवम कुमार, हर्षित पाल, विजय पाल, सूर्य प्रताप, शिवम कश्यप, रजत प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# जिपं सदस्य पद कुन्दन राम अयोग्य घोषित

## तीसरी जैविक संतान छुपाने का मामला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र-04 असों से निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कुन्दन राम को उत्तराखण्ड पंचायतीराज (संशोधन) अध्यादेश, 2025 के तहत सदस्य पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी आरसी तिवारी ने शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया।

जानकारी के अनुसार कुन्दन राम के खिलाफ विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन के दौरान अपनी तीसरी जीवित जैविक संतान के संबंध में तथ्य छिपाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए निदेशक पंचायतीराज, उत्तराखण्ड के निर्देश पर जांच कराई गई। जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति में परियोजना निद.ेशक (डीआरडीए), जिला पंचायतराज अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी बागेश्वर को शामिल किया गया। समिति ने महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पोषण ट्रैकर एप, टीकाकरण पंजिकाओं, टेक होम राशन (टीएचआर) अभिलेखों, गोदनामा दस्तावेजों समेत अन्य रिकार्ड का परीक्षण किया।

जांच में यह तथ्य सामने आया कि कुन्दन राम की तीन जीवित जैविक संतानें हैं।

समिति को मिले अभिलेखों के अनुसार 6 सितम्बर 2025 को पंजीकृत गोदनामे में स्वयं कुन्दन राम ने तीन जीवित जैविक संतानें होने का उल्लेख किया था। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अभिलेखों में भी तीसरी संतान के जन्म और पोषण संबंधी विवरण दर्ज पाए गए। जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत होकर उन्होंने लिखित रूप से तीसरी संतान के जन्म की पुष्टि भी की। उत्तराखण्ड पंचायतीराज (संशोधन) अध्यादेश, 2025 की धारा 90(1)(द) के अनुसार दो से अधिक जीवित जैविक संतान वाले व्यक्ति को जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अयोग्य माना गया है। उपलब्ध साक्ष्यों, अभिलेखों और जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर विहित प्राधिकारी ने कुन्दन राम को जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्णय लेने से पूर्व संबंधित पक्ष को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया तथा सभी दस्तावेजों और तथ्यों का विस्तृत परीक्षण किया गया। आदेश के विरुद्ध कुन्दन राम को पत्र प्राप्ति की तिथि से 15 दिन के भीतर कुमाऊँ मंडल के मंडलायुक्त के समक्ष अपील करने का अधिकार प्राप्त है।

## आईजीएल ने किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** भारत का अग्रणी हरित रसायन उत्पादन करने वाले इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड काशीपुर संस्थान के आलोक सिंघल अधिशासी निदेशक और राजेश कुमार सिंह मानव संसाधन प्रशासन लाइजिनिंग हेड के दिशा निर्देश पर विक्रांत चौधरी सहायक महाप्रबंधक (प्रशासन) के नेतृत्व में आईजीएल



काशीपुर द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता रैली एवं पर्यावरण ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा प्रत्येक को एक-एक पौधा भेंट कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों, ईएचएस विभागध्यक्ष डॉ. आरके शर्मा एवं पर्यावरण विभागध्यक्ष डॉ. अशुतोष गौतम ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार भी रखे। इसके उपरांत उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण विभाग, एचएसई विभाग, आईटी विभाग तथा मानव संसाधन प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर आईजीएल काशीपुर द्वारा 400 से अधिक फलदार एवं ऑक्सीजन प्रदान करने वाले विविध प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एसपी सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी, सुनील आर्या एवं दिलदार अली, सहायक पर्यावरण अभियंता, मोहित खुल्बे पर्यावरण कार्यालय अधीक्षक आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. गौरव मुंद्रा, सारंग खाती, मनीष शेरॉन, जितेन्द्र जवला, सुनील शर्मा, रितेश पांडे, आरसी उपाध्याय, तरुण सकलानी, अमित भट्ट, सचिन गुप्ता, दीपक भट्ट, शरद शर्मा सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी, हॉर्टिकल्चर कर्मी व पर्यावरण प्रेमी सम्मिलित हुए।

# बरसात में जलभराव की चिंता

## मंडलसेरा वासियों को आश्वासन के बाद भी राहत नहीं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** मंडलसेरा क्षेत्र के निवा. सियों को इस वर्ष भी बरसात के मौसम में जलभराव और आवागमन की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ सकता है। मंडलसेरा बाईपास से विवेकानंद विद्या मंदिर तक जाने वाला लिंक मोटर मार्ग हर वर्ष बारिश के दौरान पानी से लबालब भर जाता है, जिससे स्थानीय लोगों की परेशानियां बढ़ जाती हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार इस मार्ग से होकर दो प्रमुख नालों-ढुगाड़ गधेरा और कुंती नाला का पानी बहता है। बरसात के दिनों में इन नालों का जलप्रवाह नदी का रूप ले लेता है और पूरा मार्ग जलमग्न हो जाता है। पिछले एक दशक से यह समस्या स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। गत वर्ष हुई भारी बारिश के दौरान दोनों नालों से आए पानी और मलबे ने कई घरों में घुसकर नुकसान पहुंचाया था। उस समय शासन-प्रशासन ने प्रभावित लोगों को आश्वासन दिया था कि अगली बरसात से पहले जल



निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाएगी। इस दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्यों के लिए निविदाएं भी आमंत्रित की गई थीं। समस्या के समाधान को लेकर स्थानीय जनप्रति. निधियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी मुलाकात की थी। इसके बाद सड़क और नालों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के लिए करोड़ों रुपये का बजट स्वीकृत हुआ। बावजूद इसके, मानसून की दस्तक में अब केवल कुछ ही दिन शेष हैं, जबकि स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालों की उचित व्यवस्था और सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो इस बार भी बरसात के दौरान जलभराव, मलबा और आवागमन बाधित होने जैसी समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कर मानसून से पहले समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड बागेश्वर

पत्रांक: 121/ल0सिं0/नि0सू0/2026-27 — दिनांक: 01 जून 2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 16.06.2026 के अपराह्न 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 2.00 बजे अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड, बागेश्वर के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पंजीकरण के प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि के साथ निविदा प्रपत्र दिनांक 15.06.2026 को खण्डीय कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। निविदा क्रय के समय जी0एस0टी0 नम्बर चालू होना, जी0एस0टी0 अदेयता प्रमाण पत्र दिखाया जाना तथा निविदा क्रय हेतु प्रत्येक योजना की अलग-अलग धरोहर धनराशि दिखाया जाना अनिवार्य है एवं निविदाकर्ता के पास लघु सिंचाई विभाग में सिंचाई हेतु दो सोलर पम्प लिफ्ट सिंचाई योजना का अनुभव प्रमाण पत्र होना आवश्यक है अन्यथा निविदा विक्रय नहीं किया जाएगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | दरों की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत वज्यूला में सोलर पम्प योजना निर्माण कार्य। | 28000.00 | 1500 + 18% GST | 45 दिन | 120 दिन | ई0 एवं उच्च |

निविदा संबंधी अन्य शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड बागेश्वर

# अमेज़न गोदाम में भीषण आग दो कर्मचारियों की जलकर मौत

## शटर बंद होने से रेस्क्यू में आई मुश्किलें, लाखों का सामान, स्कूटी और मालवाहक वाहन राख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड स्थित अमेजन कंपनी के गोदाम में बीते गुरुवार देर रात लगी भीषण आग ने दो कर्मचारियों की जान ले ली। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरा गोदाम इसकी चपेट में

- शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका
- मारे गए लोगों के घरों में कोहराम

आ गया। दमकल और पुलिस की घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दो कर्मचारी अंदर फंस चुके थे। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर सर्विस की टीमें तत्काल मौके के लिए रवाना हो गईं। राहत और बचाव शुरू



हुआ लेकिन दो कर्मियों के झुलस जाने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब पौने 12 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली कि शीतल होटल के सामने स्थित अमेजन के गोदाम में आग लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर सर्विस की टीमें मौके पर पहुंच गईं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग की लपटें काफी ऊंचाई तक उठ रही थीं और देखते ही देखते पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। आग से उठ रहे घने धुएं के कारण पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए, जबकि पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र की घेराबंदी कर लोगों को दूर रखा। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल और कोतवाल विजय मेहता भी मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और संयुक्त राहत एवं बचाव अभियान की निगरानी की। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने लगातार चार घंटे तक आग बुझाने का प्रयास किया, जिसके बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका। आग बुझने के बाद गोदाम के भीतर चलाए गए सर्च अभियान में दो कर्मचारियों के शव बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में दोनों की मौत गंभीर रूप से झुलसने और धुएं के कारण दम घुटने से होने की बात सामने आई है। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय नरेन्द्र प्रसाद पुत्र सदी राम निवासी बागजाला गौलापार तथा 25 वर्षीय अमित आर्य पुत्र प्रताप राम निवासी पंचायत घर के पास रामपुर रोड, हल्द्वानी के रूप में हुई है। बतायचा जा रहा है कि दोनों मृतक गोदाम में कार्यरत थे और आग लगने के दौरान बाहर नहीं निकल सके। अग्निकांड में गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं चार्जिंग में लगी एक स्कूटी और परिसर में खड़ा टेंपो भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की जांच में जुटे है। बताया जा रहा है कि हादसे के समय गोदाम बंद था और दोनों कर्मचारी अंदर सो रहे थे। आग लगने के बाद शटर बंद होने के कारण उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि जब तक बचाव दल अंदर पहुंचा, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। शनिवार को पुलिस ने दोनो शवों का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस और संबंधित विभाग विद्युत शॉर्ट सर्किट समेत सभी संभावित कारणों की जांच कर रहे हैं। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य विभागों की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं। घटना स्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए हैं और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### पूरे क्षेत्र में फैला धुआं, सहमे रहे लोग

आग लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर पहुंच गए। लोगों ने बताया कि आग की लपटें काफी ऊंची उठ रही थीं और दूर-दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। धुएं के कारण पूरे क्षेत्र का वातावरण प्रभावित हो गया और देर रात तक लोग घटना को लेकर चिंतित बने रहे।

## अग्निकांड के बाद हरकत में आया प्रशासन

### सिटी मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण, बरेली रोड स्थित पेंट का गोदाम सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड स्थित अमेजन के गोदाम में भीषण आग लगने और दो कर्मचारियों की मौत के बाद जिला प्रशासन और अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के नेतृत्व में बरेली रोड स्थित



एक बड़े पेंट गोदाम पर कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया गया। संयुक्त टीम में तहस.ीलदार कुलदीप पांडेय, अग्निशमन विभाग के अधिकारी मिंदर पाल और विकास प्राधिकरण के अधिकारी शामिल रहे। जांच के दौरान पाया गया कि गोदाम में करीब नौ लाख लीटर पेंट का भंडारण किया गया था और यह पिछले लगभग एक वर्ष से बिना वैध फायर एनओसी के संचालित हो रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि गोदाम की फायर एनओसी अक्टूबर 2025 में समाप्त हो चुकी थी। अग्निशमन विभाग की ओर से पूर्व में नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन गोदाम संचालक और संबंधित कंपनी ने इसका नवीनीकरण नहीं कराया। उन्होंने बताया कि गोदाम घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है, ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। निरीक्षण के दौरान गोदाम में पर्याप्त अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा मानकों का भी अभाव पाया गया। इसके बाद फायर विभाग, तहसील प्रशासन और विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने गोदाम को सील कर दिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि शहर में संचालित ऐसे सभी व्यावसायिक गोदामों और भवनों की जांच की जाएगी, जिनके पास फायर एनओसी नहीं है या जो निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे प्रतिष्ठानों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि रामपुर रोड स्थित अमेजन के गोदाम में शुक्रवार देर रात लगी भीषण आग में दो कर्मचारियों की मौत के बाद प्रशासन ने शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि लोगों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नगर निगम की शर्तों का करना होगा पालनः मेयर

### बाजार व फूड कोर्ट संचालकों के लिए नियम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के बाजार एवं फूड कोर्ट संचालकों के साथ शनिवार को नगर निगम सभागार में मेयर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जन सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था, अनुबंध की शर्तों के पालन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने संचालकों को निर्देश दिए कि नगर निगम के साथ किए गए अनुबंध की सभी शर्तों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत कूड़ा पृथक्करण, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। फूड कोर्ट और बाजार संचालकों का सहयोग जन सुविधाओं के विस्तार और शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि बाजार एवं फूड कोर्ट संचालकों का सहयोग जनसुविधाओं के विस्तार तथा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए सभी संचालकों को निर्धारित नियमों और मानकों का पालन करना अनिवार्य है। स्वच्छता और जनहित से जुड़े विषयों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में कर अधीक्षक महेश पाठक, नोडल मार्केटिंग अनुभाग के गणेश भट्ट सहित नगर निगम के अधिकारी एवं फूड कोर्ट संचालक उपस्थित रहे। बैठक में कर अधीक्षक महेश पाठक, नोडल मार्केटिंग अनुभाग गणेश भट्ट समेत नगर निगम के अधिकारी और फूड कोर्ट संचालक मौजूद रहे।

## काठगोदाम में बिजली चोरी का मामला पकड़ा, केबल बरामद कर दर्ज कराया मुकदमा

**हल्द्वानी।** विद्युत विभाग की सतर्कता टीम ने काठगोदाम क्षेत्र में विशेष जांच अभियान के दौरान बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। जांच के दौरान विभागीय अधिकारियों ने अवैध रूप से विद्युत उपयोग किए जाने के प्रमाण मिलने पर संबंधित उपभोक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार विद्युत वितरण उपखंड सुभाषनगर के उपखंड अधिकारी उज्ज्वल भास्कर के नेतृत्व में टीम ने प्रतापगढ़ी, काठगोदाम क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान आयुष बिष्ट के परिसर की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान टीम को परिसर में बिजली चोरी के लिए इस्तेमाल की जा रही लगभग आठ मीटर लंबी दो-कोर केबल मिली। टीम ने केबल को कब्जे में लेकर सील कर दिया तथा मौके पर आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई पूरी की। विभागीय अधिक.ारियों ने बताया कि मामले में विद्युत अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से बिजली का वैध उपयोग करने तथा चोरी की गतिविधियों से दूर रहने की अपील की है।

## काठगोदाम पुलिस की तत्परता से जंगल में मिला गुमशुदा युवक, सकुशल परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई और सक्रिय खोज अभियान के जरिए मानसिक रूप से कमजोर एक गुमशुदा व्यक्ति को जंगल से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार पश्चिमी खेड़ा, गोलापार निवासी नंदा वल्लभ बेलवाल बीते शुक्रवार को अपराह्न करीब चार बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गए थे। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। बाद में सूचना मिलने पर काठगोदाम पुलिस हरकत में आई। जिसके बाद एक टीम काठगोदाम प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में गठित की गई और गुम हुए व्यक्ति की तत्काल खोज अभियान शुरू किया गया। संभावित स्थानों पर तलाश के साथ कालीचौड़ मंदिर क्षेत्र के जंगल में सघन खोजबीन की गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने नंदा वल्लभ बेलवाल को जंगल से सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक पूछताछ और सत्यापन के बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपने परिजन को सकुशल वापस पाकर परिवार ने राहत की सांस ली।

## दीक्षा पांडे को भावभीनी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सारथी फाउंडेशन समिति की सदस्य एवं समन्वयक दीक्षा पांडे के आकस्मिक निधन पर शनिवार को नहर कवरिंग रोड स्थित बैंक्वेट हाल में श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के पदा.धिकारियों और सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में वक्ताओं ने दीक्षा पांडे के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने संस्था के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से शोक पत्र का वाचन किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत, सचिव ज्ञानेंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष कमल जोशी, सरोज जोशी, प्रदीप सबरवाल, जाकिर हुसैन, हेमा जोशी, मीना साही, गीता बेलवाल, पूजा पंत, भावना जोशी, कौशल्या जोशी, दीप्ति जोशी, रमा जोशी, रंजना जोशी आदि मौजूद रहे।

## आयुक्त के जनता दरबार में उमड़े फरियादी

### दीपक रावत ने किया दर्जनों जनसमस्याओं का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने शनिवार को कैंप कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान भूमि विवाद, अवैध कब्जा, धन वापसी और साइबर उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर सुनवाई करते हुए अधिक.ांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई में भव्ये भंडारी ने बताया कि केवीएम पब्लिक स्कूल के संच.ालन के लिए शमशाद हुसैन के साथ 30 वर्ष का भूमि लीज अनुबंध किया गया था, लेकिन भूमि स्वामी ने संबंधित जमीन पर कब्जा कर रखा



है। इस पर शमशाद हुसैन ने बताया कि स्कूल को दी गई धनराशि में से 40 लाख और 12 लाख रुपये, कुल 52 लाख रुपये वापस कर दिए गए हैं। मामले में आयुक्त ने शिकायतकर्ता को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करने की सलाह दी। नई बस्ती वार्ड-26 निवासी जुबेदा पत्नी स्व. राशिद ने बताया कि उनके पति ने अब्दुल खालिक को साढ़े तीन लाख रुपये उधार दिए थे जिनमें से 1.20 लाख रुपये वापस कर दिए गए हैं, जबकि शेष राशि देने में टालमटोल की जा रही है। इस पर आयुक्त ने अगली जनसुनवाई में दोनों पक्षों को बुलाकर मामले का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। काठगोदाम निवासी हिमानी आर्या ने शिकायत दर्ज कराई कि कोटाबाग निवासी अशोक कुमार द्वारा फेसबुक और इंस्टाग्राम पर उनके अश्लील फोटो और वीडियो प्रसारित किए जा रहे है। मामले को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त दीपक रावत ने संबंधित व्यक्ति को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि भविष्य में ऐसी हरकत दोबारा होने पर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## जरूरतमंद मरीजों को सौहार्द जन सेवा समिति ने दी आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सामाजिक संस्था सौहार्द जन सेवा समिति हल्द्वानी ने शनिवार को दो जरूरतमंद मरीजों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था की ओर से कुल 22 हजार रुपये की सहायता राशि दान की गई। संस्था के अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने बताया कि ऊंचापुल निवासी जीवन चंद्र बिष्ट गंभीर रूप से झुलस गए थे। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनके उपचार में कठिनाइयां आ रही हैं। संस्था ने उन्हें चेक के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इसके अलावा आठ वर्षीय रुद्राक्षी पांडे, पुत्री कंचन पांडे निवासी रामनगर, का उपचार राम मूर्ति



अस्पताल में चल रहा है। बच्ची के इलाज में भारी खर्च होने के कारण परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था ने पूर्व में भी ऑनलाइन माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई थी और अब पुनः सहयोग दिया गया है। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष विद्या महतो.लिया, संयुक्त सचिव शशि जोशी, सदस्य पुनीता पांडे, मीडिया प्रभारी मोहन चंद्र जोशी आदि थे।

## श्याम संकीर्तन महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### देर रात तक गूंजते रहे बाबा श्याम के जयकारे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री श्याम युवा मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्याम संकीर्तन महोत्सव शनिवार को भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लेकर बाबा श्याम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। सुबह से लेकर देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः लटूरिया बाबा मंदिर से मुखानी स्थित खाटू श्याम मंदिर तक निकाली गई भव्य निशान यात्रा के साथ हुई। यात्रा में हजारों श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। विशेष बात यह रही कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु नंगे पैर निशान



लेकर यात्रा में शामिल हुए और पूरे श्रद्धाभाव के साथ मंदिर तक पहुंचे। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर निशान यात्रा का स्वागत किया गया। पूरे वातावरण में 'हारे के सहारे श्याम हमारे' और 'जय श्री श्याम' के जयघोष गूंजते रहे। संस्था अध्यक्ष अंकित पाल ने बताया कि श्याम संकीर्तन महोत्सव का उद्देश्य समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना तथा युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने का प्रयास किया गया, जिसे श्रद्धालुओं का भरपूर सहयोग और स्नेह प्राप्त हुआ। शाम सात बजे से आरंभ हुए भव्य श्याम संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन गायक सौरभ शर्मा ने 'बाबा ये नैया कैसे डगमग डोली जाए' भजन प्रस्तुत कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। वहीं परविंदर पलक ने 'करो स्वागत बाबा का' और 'खाटू धाम की माटी' जैसे लोकप्रिय भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायिका कनिका ग्रोवर ने 'तेरे दरवाजे पर एक अर्जी छोड़ी है' भजन की प्रस्तुति देकर भक्तों की खूब वाहवाही बटोरी। इसके अलावा निहाल ठाकरान और पंडित विवेक शर्मा ने भी बाबा श्याम के सुंदर भजनों का गुणगान कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों के दौरान श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में सराबोर होकर नृत्य करते नजर आए। पूरा पंडाल बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा और देर रात तक भक्तों का उत्साह बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के पदाधिक.ारियों और कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में संजीव कश्यप, रतन चौहान, सोनू बेलवाल, हर्षित पाल, कमल पाल, अनिल पाल, ललित पांडेय, सनी कपूर, रामू गुप्ता, राजू प्रजापति, वासु नाथ गोस्वामी, पल्लवी गोयल, चंदन जोशी, कमल गोयल, नीरज मिश्रा, मयंक जोशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जो धर्म के मार्ग पर चलते हैं विजय उन्हीं की होती है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति की ओर से श्री दत्तात्रेय आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस की कथा में व्यास डा. नवीन चंद्र जोशी ने शुक्रदेव व पाण्डवों की उत्पत्ति का वर्णन सुनाते हुए कहा कि परमात्मा संसार में धर्म की स्थापना के लिए विविध रूप में अवतार लेते है। उन्होंने महाभारत की कथा सुनाते हुए कहा कि जो धर्म के मार्ग पर चलते उन्ही की विजय होती है। यतो धर्मस्ततो जयः इसलिए मनुष्य को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण ही पूर्ण सत्य है। मनुष्य को धर्मानुकूल आचरण करना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि भगवत प्राप्ति का सरल साधन भागवत है, अतः मनुष्य को भागवत जी की कथा श्रवण करनी



चाहिए। कलियुग में हरि नाम स्मरण ही भवसागर से पार होने का सुगम मार्ग है। महामण्डलेश्वर स्वामी परेश यति महाराज ने कहा कि संतों दर्शन करने से भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। मनुष्य को सदा चिंतन करते रहना चाहिए। कथा ज्ञान यज्ञ के संयोजक मोहन पाठक ने कहा कि समस्त क्षेत्रवासियों के कल्याणार्थ यज्ञ किया जा रहा है। पूजन यज्ञ में पान सिंह बिष्ट, तुलसी बिष्ट, मनोज बिष्ट ने प्रतिभाग किया। आचार्य प्रकाश चंद्र जोशी, आचार्य गोविन्द बल्लभ जोशी, प्रमोद जोशी, हेम चंद्र जोशी, सचिन जोशी आदि ने पाठ व यज्ञ कार्य किया। समिति के संरक्षक प्रो. एसडी तिवारी ने बताया कि रविवार को श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति समाजसेवा में समर्पित चयनित स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेगी।

## नैनीताल रूट पर बसों का संकट, शाम होते ही यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्यटन सीजन के बीच हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग पर उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों की कमी एक बार फिर उजागर हो गई। शुक्रवार शाम नैनीताल जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब निर्धारित समय पर बस उपलब्ध नहीं हो सकी और अंतिम बस कुछ ही मिनटों में यात्रियों से खचाखच भर गई। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी बस स्टेशन से नैनीताल के लिए परिवहन निगम की अंतिम बस शाम छह बजे संचालित होती है, जबकि काठगोदाम डिपो की एक बस शाम पौने 6 बजे पहुंचती है। शनिवार को काठगोदाम डिपो की बस बस स्टेशन नहीं पहुंची, जिससे यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गईं। शाम छह बजे पहुंची अंतिम बस देखते ही



देखते पूरी तरह भर गई। इसके बाद दर्जनों यात्री बस स्टेशन पर ही फंस गए। इनमें रोजाना नौकरी, व्यापार और अन्य कार्यों के सिलसिले में हल्द्वानी आने-जाने वाले यात्री भी शामिल थे। बस नहीं मिलने से नाराज यात्रियों ने सहायक महाप्र.बंधक हल्द्वानी संजय पांडे से मुलाकात कर नैनीताल के लिए अतिरिक्त बस संचालित करने की मांग की। यात्रियों का कहना था कि पर्यटन सीजन और बढ़ती यात्री संख्या के बावजूद निगम पर्याप्त बसों की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। खबर लिखे जाने तक नैनीताल के लिए कोई अतिरिक्त बस उपलब्ध नहीं हो सकी थी, जिससे यात्रियों में नाराजगी बनी हुई थी। स्थानीय लोगों ने निगम प्रशासन से नैनीताल मार्ग पर बसों की संख्या बढ़ाने तथा शाम के समय अतिरिक्त सेवाएं संचालित करने की मांग की है।

## एटीएस फिटनेस सेंटर में पौधारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिवहन विभाग के एटीएस फिटनेस सेंटर, प्रणाम ऑटो फिटनेस में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और हरित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर सोनू यादव, सेंटर हेड राजू जोशी एवं समस्त कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गरीबों से निवाला छीन रही है भाजपा: रावत

■ नजूल, श्रमिकों और किसानों के मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शनिवार को सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व सैनिकों, अग्निवीर योजना, नजूल भूमि, श्रमिकों, किसानों तथा बंगाली समाज से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए भाजपा सरकार पर जनता के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

हरीश रावत ने कहा कि आज बढ़ती महंगाई ने गरीबों से निवाला छीन लिया है। अमीरों को फयदा पहुंचाने के लिए आम जनता का उत्पीड़न हो रहा है। पूर्व सैनिक लंबे समय से वन रैंक-वन पेंशन की विसंगतियों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। कांग्रेस का स्पष्ट वादा है कि सत्ता में आने पर इन विसंगतियों को दूर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सहित पूरे देश में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक अग्निवीर योजना से निराश हैं। यह योजना सेना की गौरवशाली रेजीमेंट प्रणाली को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि कांग्रेस सरकार बनने पर



अग्निवीर योजना को समाप्त कर पूर्व की भर्ती व्यवस्था बहाल की जाएगी।

कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2015 में सैनिक कल्याण और अर्द्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गठन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए थे और भविष्य में भी सैनिकों के हितों के प्रति पार्टी प्रतिबद्ध रहेगी। अल्मोड़ा में आयोजित कांग्रेस की जनसभा का उल्लेख करते हुए हरीश रावत ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक रही। खराब मौसम के कारण नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कार्यक्रम में भौतिक रूप से नहीं पहुंच सके, लेकिन उन्होंने वर्चुअल संबोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने का काम किया।

रावत ने कहा कि अल्मोड़ा में दिखाई दिया जोश और उत्साह अब गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा और यही ऊर्जा आगामी चुनावों में कांग्रेस की ताकत बनेगी।

नजूल भूमि के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में नाममात्र शुल्क पर लोगों को मालिकाना हक देने की ऐतिहासिक पहल की थी। वर्ग-4 की भूमि पर भी मालिकाना हक देने का निर्णय किसानों और आम लोगों के हित में लिया गया था, लेकिन भाजपा सरकार ने पिछले कई वर्षों में इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

विधायक एवं पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नजूल नीति को लेकर सरकार जनता को भ्रमित कर रही है। यदि हरीश रावत सरकार की नजूल नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तो हजारों परिवारों को इसका लाभ मिल सकता है।

पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष ममता रानी, हरीश बाबरा, साजिद खान, मोहन खेड़ा, चंदन नयाल, त्रिनाथ विश्वास, सतीश राजपूत, बाबू विश्वकर्मा, ममता हाल्दार, किशोर कुमार, ललित बिष्ट, संजय ठुकराल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दो दिवसीय खटीमा भ्रमण पर शनिवार को कैंप कार्यालय लोहियाहेड में जनता व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है,इसलिए जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री ने चौहान अकादमी नानकमत्ता के ताइकांडो, कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया व उनसे संवाद किया कर शुभकामनाएं दी।

इसके उपरान्त मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्रमानुसार जनपद अल्मोड़ा के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक शिव अरोरा, मेयर दीपक बाली,नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नानकमत्ता प्रेम सिंह टूरना,दर्जा मंत्री हेमन्त द्विवेदी, फरजाना बेगम,मो. हिनी पोखरिया, पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा,प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सतीश भट्ट, रमेश जोशी, विवेक सक्सेना, अमित कुमार पांडे, भवानी भंडारी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, चम्पावत मनीष कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति,अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि,जनता उपस्थित थे।

## एक नजर

### दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण, खिले चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी विकासखंड सभागार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में एक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद जोशी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दिव्यांगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह आयोजन समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुविधा पहुँचाने का सशक्त प्रयास है। इस अवसर पर विकास खंड अधिकारी संजय गांधी, रविंद्र राणा, अमित पांडे, गुड्डू टम्टा और तरन्नुम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपकरण पाकर लाभार्थियों ने सरकार का आभार जताया।

### वन विभाग ने पिकअप वाहन में पकड़े सागौन के चार नग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रभागीय वनाधिकारी के आदेश के क्रम में वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम गुरुवार की रात्रि पश्चिमी किलपुरा के द्वितीय बीट में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक पिकअप वाहन को पकड़ा। जिसकी तलाशी लेने पर पानी के ड्रम में सागौन प्रकोष्ठ के चार नग लाते हुए पाया गया। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वहीं वन विभाग की टीम ने उक्त वाहन को कब्जे में लेकर किलपुरा रेंज परिसर में सुरक्षित खड़ा कर दिया। इसके साथ ही मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। टीम में वन रेंज अधिकारी मनोज कुमार पांडे तथा वन दरोगा खीमानंद आर्य आदि शामिल रहे।



**किलपुरा रेंज परिसर में वाहन को सुरक्षित खड़ा किया**

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेतलसण्डाखाम (वार्ड नंबर 18) में शुक्रवार रात एक 52 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के भीतर बेड पर पड़ा मिला। मृतका की पहचान कमला जोशी पत्नी बसन्त बल्लभ जोशी के रूप में हुई है। पुलिस को आपातकालीन सेवा 112 के जरिए महिला द्वारा सुसाइड किए जाने की सूचना मिली थी।

सूचना मिलते ही एसएसआई केसी आर्या और उपनिरीक्षक किशोर पन्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, मृतका के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं हैं, लेकिन चेहरे, पीठ और हथेलियों पर नीलापन पाया गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने शव व घटनास्थल को सील कर दिया है। साक्ष्य जुटाने के लिए जिला फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### चोरी की योजना बनाते तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** सिडकुल क्षेत्र में बंद पड़ी फैक्ट्री में चोरी की योजना बना रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से दो रामपुरी चाकू, चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार, टार्च और अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिडकुल चौकी प्रभारी जगत सिंह शाही ने बताया कि शुक्रवार देर रात गश्त के दौरान केएई इंजीनियरिंग कंपनी के पास एक पुराने खंडहर में संदिग्ध लोगों के होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी और तीन युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम संजू सरकार, धीरज मंडल और राहुल सरकार उर्फ बिट्टू बताए।

तलाशी में दो रामपुरी चाकू, तीन आला नकब, दो पेचकस, एक आरी का ब्लेड और एक टार्च बरामद हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी बंद फैक्ट्री में चोरी की योजना बना रहे थे।

### सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य ने समस्याएं सुनीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य नितिन चरन वाल्मीकि ने शनिवार को नगर पालिका सितारगंज कार्यालय में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान विभिन्न विभागीय व जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सफाई कर्मचारियों ने आयोग के सदस्य के सम्मुख अपनी लंबे समय से लंबित गंभीर समस्याओं और मांगों को रखा। कर्मचारियों ने वेतन, ईपीएफ से उन्हें अवगत कराया। अधिकारियों ने आयोग को आश्वस्त किया कि सफाई कर्मचारियों के उठाए गए सभी जायज मुद्दों और स्थानीय समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निस्तारण कर दिया जाएगा। यहां राजेश अरोरा, सोवेंद्र कुमार, मोहित श्रीवास्तव, अर्पिता पांडे, कर्मचारी नेता विनोद कुमार, कल्लू चरन, राकेश वाल्मीकि, राजपाल, विनय कुमार मौजूद रहे।

### चार वर्षीय मासूम को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस रामनगर द्वारा काशीपुर बस स्टैंड रामनगर में 4 वर्षीय बालक इस्माइल पुत्र पप्पू निवासी रामनगर लावारिस एवं परेशान अवस्था में मिला।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि बालक अपनी कम उम्र के कारण अपना पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा था। कोतवाली रामनगर के चीता मोबाइल में नियुक्त कांस्टेबल संजय कुमार और कांस्टेबल अमित द्वारा तत्परता दिखाते हुए बच्चे से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया और आसपास खोजबीन कर उसके परिजनों का पता लगाया गया। लगातार प्रयासों के बाद बालक को उसकी माता रूबिना एवं पिता पप्पू के सुपुर्द सुरक्षित सकुशल किया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और रामनगर पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य के लिए कांस्टेबल अमित गहलोत एवं कांस्टेबल संजय सिंह की स्थानीय जनता एवं परिजनों द्वारा प्रशंसा की गई।



### रणजीत सिंह नामधारी बने पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष क्षेत्र में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी को उत्तराखंड सरकार द्वारा पशु कल्याण बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शासन के मंत्री परिषद अनुभाग द्वारा इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया गया। उनकी इस नियुक्ति की घोषणा होने से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।भाजपा समर्थकों में क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना कि सरकार का यह निर्णय अत्यंत सराहनीय है, क्योंकि नामधारी लंबे समय से सामाजिक कार्यों को धरातल पर उतरने के काम कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के विभिन्न संगठनों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।



# पालिकाध्यक्ष ने सराहा बच्चों का हुनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में तारा बाल संस्थान में एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे नगर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनकी कल्पनाशक्ति की जमकर सराहना की।

पालिकाध्यक्ष जोशी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसी रचनात्मक गति. विधियां बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनमें आत्मविश्वास जगाने का सशक्त माध्यम हैं।




उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें मंच देना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए नेहरू युवा केंद्र और संस्थान की टीम को बधाई दी।

इस अवसर पर बाबा वी जे, रेखा वर्मा, अभिषेक, जतिन कापड़ी, राहुल, सानिया आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय ख्वाजा गरीब नवाज का उर्स नौ जून से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** हर साल की तरह इस वर्ष भी सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी रहमतुल्लाह का 65 वां दो दिवसीय सालाना उर्स 9 जून से 10 जून तक पुरानी तहसील रोड खटीमा में बेहद धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। उर्स को लेकर तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। इस धार्मिक आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



उर्स कमेटी के पदाधिकारी ने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस उर्स में यूट्यूब पर फेमस सिंगर नुसरत कादरी राजस्थान से शिरकत करेंगे। मंगलवार शाम को मिलादे पाक तथा देर रात को शानदार कव्वालियों का प्रोग्राम होगा।

वहीं बुधवार को सुबह 8:00 बजे से कुल शरीफ होगा और 11:00 बजे लंगर का आयोजन किया जाएगा।

ख्वाजा कमेटी के सदस्य जाकिर हुसैन सकलानी चिश्ती ने क्षेत्र वासियों से अपील की है की उर्स पाक के प्रोग्राम में शिरकत कर महफिल की रौनक बढ़ाएं।

इस दौरान कमेटी के सदस्य मोहसिन बैग, जीशान ओवैसी, गुड्डू खान, अनवर फरीदी, वसीम रिजवी, शकील अंसारी, अजहर सिद्दीकी, सब्बू सिद्दीकी, सलीम अहमद, रंगरेज मोहम्मद, तारिक उर्फ बंटी, आरिफ सकलानी, मुन्ना, बबलू वारसी, कक्कन खा आदि सदस्य मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में खड़े वाहनों में लगी आग

■ दर्जनों वाहन जलकर राख, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पुलिस लाइन परिसर में शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वहां खड़े जब्त दोपहिया और चारपहिया वाहनों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास खड़े कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।

इसी बीच सूचना पर रुद्रपुर फायर स्टेशन से दो दमकल वाहन तथा पंतनगर फायर स्टेशन से एक वाहन मौके पर पहुंचा। दमकल कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए आग पर पानी की बौछार शुरू की और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए कई वाहनों को आग की चपेट में आने से बचा लिया। जवानों ने जोखिम उठाकर वाहनों को घटनास्थल से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। हालांकि आग की चपेट में आकर दर्जनों वाहन जलकर राख हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ये वाहन लंबे समय से पुलिस लाइन में खड़े जब्त वाहन थे। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। अधिकारियों का कहना है कि आग पूरी तरह बुझने के बाद नुकसान का विस्तृत आकलन किया जाएगा तथा आग लगने के कारणों की जांच कराई जाएगी। पुलिस और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग को और फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# डीएम ने दिए हादसों के मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला मजिस्ट्रेट नितिन सिंह भदौरिया ने किच्छा क्षेत्रान्तर्गत हुई दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए है। जिलाधिकारी ने किच्छा क्षेत्रान्तर्गत दुर्घटनों की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट किच्छा को जॉच अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया गया है कि दुर्घटनाओं की सम्पूर्ण पहलुओं की विस्तृत जॉच करते हुए जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

**हादसे के लिए दिए गए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश !**

जांच अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट किच्छा गौरव पाण्डेय ने कहा है कि 05 नवम्बर 2025 को रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने सिरौलीकला में कार संख्या-यूके 06-एजेड-8441 का चालक का नाम पता अज्ञात अभि0 द्वारा वाहन को तेजी व लाप. रवाही से चलाकर वादी के भाई अजीमुद्दीन उम्र 40 वर्ष के आटो सं0-यूके 06-टीए-8047 में टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल हो जाने, 29 नवम्बर 2025 को देवरिया के सामने लालपुर में बस सं0-यूके 06-पीए-1963 का चालक नाम पता अज्ञात अभि0 द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर वादी के भाई जीशान व मो0सा0 में सवार अरबाज उम्र 22 वर्ष की मृत्यु हो जाने, 01 दिसम्बर 2025 को शंकर फार्म के पास पुलभट्टा में पिकप वाहन सं0 यूके 06-सीसी-6818 का चालक नाम पता अज्ञात अभि0 द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर टुकटुक वाहन सं0-यूके 06-ईएस-0286 में टक्कर मारकर वादी के पुत्र रंजित सिंह उम्र 28 वर्ष को गम्भीर रूप से घायल कर देने, 02 दिसम्बर 2025 को रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास रोडबेज बस सं0-यूपी-25-एफटी-4036 का चालक नाम पता अज्ञात अभि0 द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर वादी के भाई विजय कुमार की मो0सा0 यूके-06 एक्स-6351 में टक्कर मारकर वादी के भाई व मो0सा0 में सवार नरेश कुमार को गम्भीर रूप से घायल कर देने, 04 फरवरी 2026 को पुलभट्टा ओवर ब्रिज के पास वाहन सं0-यूपी-26 टी-5427 चालक नाम पता अज्ञात अभि0 द्वारा वाहन को तेजी व लाप. रवाही से चलाकर एम्बुलेंस सं. यूके-06 टीए-7799 में टक्कर मारकर वादी की पत्नी ललिता देवी उम्र 34 की मृत्यु कर देने व 07 जनवरी 2026 को खालसा ढाबे के सामने मेन हाईवे रोड कार सं0-यूके-3 टीए-9600 का चालक नाम पता अज्ञात अभि0 द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर वादी के भाई प्रेमपाल उम्र 39 वर्ष के टुकटुक ई-रिक्शा सं0-यूके-06 ईआर-4163 में टक्कर मारना जिससे टुकटुक वाहन का ट्रक सं0-यूपी-23 एटी-0510 से टकराने से उसकी मृत्यु हो जाना तथा टुकटुक में सवार सहनाज पत्नी शकील अहमद व नाजमा बी पत्नी वकील अहमद का गम्भीर रूप से घायल हो जाने के सम्बन्ध में जॉच गतिमान है।

जॉच अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट किच्छा गौरव पाण्डेय ने कहा है कि उपरोक्त घटनाओं/प्रकरणों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को भी अपना पक्ष रखना हो अथवा किसी के पास कोई अन्य जानकारी हो तो वह 30 जून 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे बयान हेतु या साक्ष्य/दस्तावेज सहित उपस्थित हो सकते है।

# मेघालय बोर्ड की राष्ट्रीय कार्यशाला में उत्तराखण्ड बोर्ड के अधिकारियों ने निभाई सन्दर्भदाता की भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर के लिए यह गौरव का विषय रहा कि परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी एवं शोध अधिकारी शैलेन्द्र जोशी ने मेघालय बोर्ड द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में सन्दर्भदाता (रिसोर्स पर्सन) के रूप में प्रतिभाग किया। यह पहला अवसर है जब किसी अन्य राज्य शिक्षा बोर्ड ने उत्तराखण्ड बोर्ड के अधिकारियों को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया।उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी और शोध अधिकारी शैलेन्द्र जोशी ने मेघालय बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा परख एवं एनसीईआरटी के सहयोग से आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला में सन्दर्भदाता के रूप में प्रतिभाग कर उत्तराखण्ड का मान बढ़ाया। कार्यशाला का मुख्य विषय समग्र प्रगति पत्र, दक्षता आधारित आकलन, परख टैक्सॉनामी तथा



आईटीएमएस रहा।कार्यशाला का शुभारम्भ मेघालय सरकार के शिक्षा सचिव डी. डी. संगमा, आईएएस द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में परख के माध्यम से देश के विभिन्न स्कूल बोर्डों के बीच समतुल्यता स्थापित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यशाला में उत्तराखण्ड बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने परिषद की परख सेल द्वारा किए जा रहे कार्यों को विस्तार से साझा किया। वहीं उत्तराखण्ड बोर्ड के परख समन्वयक एवं कार्यशाला के सन्दर्भदाता शैलेन्द्र जोशी ने परख टैक्सॉनामी में परिभाषित विभिन्न योग्यताओं पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला के दौरान इन प्रश्नों को प्रश्नपत्र निर्माण के लिए विकसित आईटीएमएस सॉफ्टवेयर में अपलोड कर प्रश्नपत्र निर्माण की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया।

इसी क्रम में मेघालय बोर्ड ने परख से प्राप्त वित्तीय सहायता के माध्यम से आईटीएमएस सॉफ्टवेयर क्रय करने के लिए संबंधित निर्माता कंपनी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यशाला में उत्तराखण्ड बोर्ड की सक्रिय भागीदारी ने राष्ट्रीय स्तर पर परिषद की विशेषज्ञता और नवाचारों को नई पहचान दिलाई है।

# हर पात्र को मिले जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ: रामपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (राज्य स्तरीय) के नवनियुक्त उपाध्यक्ष रामपाल सिंह ने देहरादून में पदभार ग्रहण करते ही अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचा. लित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट तलब करते हुए नियमित समीक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। रामपाल सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 20 सूत्रीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंच. ाना है और इसे धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना उनकी प्राथमिकता होगी।



उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही प्रदेश के विकास, गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रमों की नियमित निगरानी कर सरकार की मंशा के अनुरूप परिणाम सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश नेतृत्व एवं पार्टी संगठन का आभार व्यक्त करते हुए उनके विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प दोहराया। पदभार ग्रहण समारोह में रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा, गुरमीत सिंह, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अनिल चौहान, पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह, जगदीश सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, रोशन अरोड़ा, संजय कुमार, रोहित मित्तल, अंजू सिंह, सिमरन सिंह, केशव शर्मा, दीपक खन्ना, पारस चुघ, गौरव, संदीप वाल्मीकि और हरीश चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व की झिरना रेंज के विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां' के नाम थीम पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झिरना रेंज के रेंजर दीपक तिवारी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में जानकारी दी गयीं। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की गयी।



पौधा रोपण कार्यक्रम में लालढांग वन परिसर के अन्तर्गत विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया गया साथ ही विभिन्न कर्मचारियों को अपने-अपने चौकी परिसरों में पौधा रोपण के लिए पौधे उपलब्ध कराये गये।कार्यक्रम के अन्त में पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण की गयी। इस दौरान झिरना रेंज रेंजर दीपक कुमार तिवारी,अजीत कुमार चौहान,तरूण कुमार,स्नेहा गडाकोटी, चन्द्र प्रकाश बेलवाल,हरीश चन्द्र रिखाडी,दयाल सिंह,धनीराम जदली,तारादत्त दानी आदि मौजूद रहे।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में नगर पालिका प्रशासन ने नगर के कई इलाकों में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कार्रवाई करते हुए कई अवैध अतिक्रमण ध्वस्त करने के साथ ही कई लोगों का सामान जप्त करने की कार्रवाई करते हुए गंदगी करने वाले लोगों का चालान कर नगद जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की गई। नगर पालिका प्रशासन की टीम के साथ कई अतिक्रमण कारियो की बहस भी हुई। अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि पालिका की टीम द्वारा मुर्गा मार्केट में अभियान चलाते हुए इस क्षेत्र से कई लोगों का सामान जप्त करने की कार्रवाई करते हुए इस इलाके में समय-समय पर कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य निरीक्षक को दिए इसके साथ ही टीम ने फड बाजार व मुख्य बाजार में भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई लोगों का सामान जप्त किया। ईओ ने बताया कि इसके अलावा टीम ने मोहल्ला मोतीमहल क्षेत्र में नजूल भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त करने के साथ ही भविष्य में यहां पर कोई अतिक्रमण न कर पाए।

# सामूहिक प्रयासों से सरमोली को पर्यटन के क्षेत्र में मिली एक विशिष्ट पहचानः राज्यपाल

**नंदा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर की प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने अपने दो दिवसीय मुनस्यारी भ्रमण के दौरान आज शनिवार प्रसिद्ध नंदा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने क्षेत्र में संचालित पर्यटन गतिविधियों का अवलोकन किया तथा नंदा देवी मंदिर परिसर एवं उसके आसपास विकसित पर्यटन सुविधाओं और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए जिला प्रशासन को बधाई दी। जिला प्रशासन द्वारा उन्हें विकासखंड मुनस्यारी में विकसित हो रही पर्यटन गतिविधियों, मिलम, खलिया टॉप, बिर्थी, पंचाचूली क्षेत्र तथा अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया तथा स्थानीय स्तर पर किए जा रहे नवाचारों और विकास कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने मंदिर परिसर में उपस्थित स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों तथा ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महिला समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके उपरांत राज्यपाल ने वर्ष 2023 में 'बेस्ट टूरिज्म विलेज' पुरस्कार से सम्मानित सरमोली ग्राम पंचायत का भ्रमण किया। उन्होंने सरमोली के सामुदायिक पर्यटन एवं होमस्टे मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि यह गांव स्थानीय सहभागिता, महिला सशक्तिकरण और सतत पर्यटन विकास का उत्कृष्ट उदाहरण है।



राज्यपाल ने ग्रामवासियों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा होमस्टे संचालकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके सामूहिक प्रयासों ने सरमोली को पर्यटन के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। उन्होंने स्थानीय महिलाओं से अपने पारंपरिक उत्पादों, लोक संस्कृति, स्थानीय खान-पान तथा प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण हेतु आभार व्यक्त किया। और इसी तरह लोक संस्कृति का प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य करते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरमोली का यह मॉडल स्थानीय लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यटकों को उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और ग्रामीण जीवनशैली से परिचित कराने का भी प्रभावी माध्यम बन रहा है। यहां संचालित होमस्टे पर्यटकों को स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों, संस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली का अनुभव प्रदान करते हैं, जो देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करता है।

राज्यपाल ने क्षेत्र के होमस्टे संच. ालकों से भी मुलाकात की तथा उनके अनुभवों, सुझावों एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मुनस्यारी आज उत्तराखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। वर्तमान में नगर क्षेत्र में लगभग 120 होमस्टे संचालित हो रहे हैं, जबकि 32 होटल, एक दर्जन से अधिक लॉज, तीन गेस्ट हाउस तथा 50 से अधिक टेंट पर्यटकों को आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि मुनस्यारी में पर्यटन, संस्कृति, प्रकृति एवं स्थानीय आजीविकाओं का अनूठा संगम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें स्थानीय युवाओं एवं महिलाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित कर रहा है तथा मुनस्यारी को देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में और अधिक प्रतिष्ठा दिला रहा है।

## निजी अस्पताल में भर्ती तीन बच्चों में हुई हेपेटाइटिस-ए की पुष्टि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** सितारगंज के नयागांव में बुखार, पेट दर्द और डायरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एक निजी अस्पताल में भर्ती तीन बच्चों में हेपेटाइटिस-ए की पुष्टि हुई है। वहीं, रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) द्वारा लिए गए नमूनों में 20 से अधिक बच्चों के लिवर में सूजन और संक्रमण के लक्षण पाए गए हैं। इधर, जल संस्थान ने छह घरों से पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। नयागांव और आसपास के क्षेत्रों में वायरल हेपेटाइटिस के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। पीलिया से पीड़ित एक किशोर की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत भी हो चुकी है। गांव में 55 से अधिक बच्चे बुखार, पेट दर्द, डायरिया और लिवर संक्रमण से प्रभावित बताए जा रहे हैं। शुक्रवार को भी पांच बच्चों के लिवर में सूजन की पुष्टि होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनका उपचार कर दवाइयां वितरित की थीं।

उप जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि नयागांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है और संदिग्ध मरीजों की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में चम्पावत का दम, दस खिलाड़ियों का हुआ चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** खेल निदेशालय उत्तराखंड के निर्देशन में 20 मई से देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को हुआ। समापन समारोह में उत्तराखंड खेल परिषद के अध्यक्ष कुलदीप बुटोला तथा खेल निदेशालय के अपर निदेशक अजय अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जनपद चम्पावत के 10 प्रतिभावान कराटे खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय कराटे चौंपियनशिप के लिए किया गया है। यह खिलाड़ी 4 जून से 7 जून 2026 तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में भावना अधिकारी, अनामिका बिष्ट, पार्थ बिष्ट, प्रश्रान साह, ऋषभ ढेक, आभाष वर्मा, अभिषेक कुंवर, विवेक साकी, करन अधिकारी और अभिजीत बिष्ट शामिल हैं। जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के सचिव दीपक सिंह अधिकारी ने बताया कि खिलाड़ियों ने कठिन प्रशिक्षण और अनुशासित अभ्यास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।इस उपलब्धि पर जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के पदाधिकारियों, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय सहित विभिन्न अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

## पूर्णागिरि धाम बनेगा सालभर आस्था और पर्यटन का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत उत्तर भारत के प्रसिद्ध पूर्णागिरि मेले को वर्षभर संचालित करने की दिशा में तेजी से काम शुरू हो गया है। मेला क्षेत्र में स्थायी सुविधाओं के विकास के लिए 8 करोड़ 54 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिसमें प्रथम किस्त के रूप में 4 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि इस धनराशि से पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में आधुनिक एवं बहुउद्देशीय प्रशासनिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इस भवन के बनने से मेला संचालन से जुड़े सभी विभागों और अधिकारियों को एक ही छत के नीचे कार्य करने की सुविधा मिलेगी, जिससे व्यवस्थाओं का बेहतर समन्वय और संचालन संभव हो सकेगा। इसके साथ ही हनुमानगढ़ी स्थित प्रसिद्ध मंदिर का भी सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास किया जाएगा। मंदिर परिसर को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के साथ श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, विश्राम, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले वर्ष पूर्णागिरि मेले के उद्घाटन अवसर पर मेले को केवल तीन माह तक सीमित न रखकर 365 दिन संचालित करने की घोषणा की थी। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। पूरे मेला क्षेत्र को आधुनिक विद्युत प्रकाश व्यवस्था से जगमगाने की योजना पर भी कार्य चल रहा है।

## डीएम का एक्शन मोडः मनिहार गोठ पहुंचे

**जलभराव और गंदगी पर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने शनिवार को टनकपुर तहसील अंतर्गत ग्राम मनिहार गोठ का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वर्षों से चली आ रही जलभराव और नाले में गंदगी की समस्या पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि नाले की नियमित सफाई नहीं होने से बरसात के दौरान घरों और




आबादी वाले क्षेत्रों में पानी भर जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शिकायत सुनते ही जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से जवाब तलब किया और अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को नाले की तत्काल सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम मनीष कुमार ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के मानकों के अनुरूप सिंचाई विभाग और नमामि गंगे परियोजना के बीच समन्वय स्थापित कर स्थायी समाधान की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता को आवश्यक स्थानों पर आरबीएम कार्य कराने के निर्देश भी दिए ताकि जल निकासी व्यवस्था मजबूत हो सके और भविष्य में ग्रामीणों को जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी की त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पहली बार उनकी समस्या को गंभीरता से सुना गया है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार पिंकी आर्या, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग मनोज तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका टनकपुर ऋषभ उनियाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पाटी नगर पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन तैयार, नौ जून को होगा मतदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नवसृजित नगर पंचायत पाटी के प्रथम नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग ने सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। रिटर्निंग ऑफिसर अजय सिंह ने मतदान कार्मिकों, पीठासीन अधिकारियों तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ समन्वय स्थापित कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मनीष कुमार पहले ही चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि निर्वाचन प्रक्रिया की गरिमा, निष्पक्षता और पारदर्शिता ही उनके कार्य मूल्यांकन का प्रमुख आधार होगी। रिटर्निंग ऑफिसर अजय सिंह के अनुसार नवगठित नगर पंचायत पाटी में कुल 2067 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। वहीं चार वार्डों में से दो वार्ड अनुसूचित जाति तथा दो वार्ड सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हैं। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी के नवीन राम, पार्वती देवी तथा निर्दलीय प्रत्याशी नारायण लाल के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच चुका है और प्रत्याशी समर्थकों के साथ घर-घर संपर्क अभियान में जुटे हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 8 जून को ब्लॉक कार्यालय पाटी से मतदान कार्मिकों को चुनाव सामग्री वितरित की जाएगी, जबकि 9 जून को मतदान कराया जाएगा।

वहीं विकास भवन में आयोजित प्रशिक्षण में सीडीओ डॉ जी एस खाती, अध्यक्ष पद के रिटर्निंग ऑफिसर अजय सिंह, सदस्य पद के आरओ डी एस दिगारी आदि की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर जीवन कलोनी तथा मास्टर ट्रेनर प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने दो पालियों में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट/पीठासीन अधिकारी/मतदान कार्मिकों तथा मतगणना कार्मिकों को गहन सैद्धांतिक प्रशिक्षण देने के साथ ही हैंड्स ऑन प्रैक्टिस कराई।

# गदरपुर पालिका में किसका चलता है हुक्म ?

- **डीएम के आदेश के बाद भी निकले 90 काम के टेंडर**
- **डीएम के निर्देशों को दरकिनार कर करोड़ों की निविदाएं, गदरपुर में नया विवाद**
- **93 टेंडर रद्द होने का नहीं पड़ा असर, पालि. का ने दोबारा खोला टेंडरों का पिटारा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर पालिका परिषद गदरपुर एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। करोड़ों रुपये के टेंडरों को लेकर पहले से घिरी पालिका ने 93 निविदाएं निरस्त होने के बाद शनिवार को फिर लगभग 90 नए टेंडर जारी कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा मामला उस समय सामने आया है जब जिलाधिकारी की ओर से स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि किसी भी नगर निकाय में पर्याप्त बजट उपलब्ध न होने की स्थिति में बजट से अधिक राशि के टेंडर प्रकाशित नहीं किए जाएं।

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि गदरपुर पालिका प्रशासन जिलाधिकारी के आदेशों को खुलेआम नजरअंदाज कर रहा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब पालिका की वित्तीय स्थिति सीमित है और उपलब्ध बजट करीब एक करोड़ रुपये के आसपास बताया जा रहा है, तब आठ करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की निविदाएं किस आधार पर जारी की जा रही हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में टेंडर प्रक्रिया को लेकर उठे विवाद और शिकायतों के बाद करीब 93 निविदाओं को निरस्त कर दिया गया था। माना जा रहा था कि प्रशासन इस पूरे प्रकरण से सबक लेकर वित्तीय नियमों और शासनादेशों का पालन करेगा, लेकिन इसके उलट शनिवार को फिर लगभग 90 नए टेंडर जारी कर दिए गए। इससे यह संदेश जा रहा है कि पालिका बोर्ड और प्रशासनिक अधिकारी किसी भी स्तर पर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या गदरपुर नगर पालिका में जिलाधिकारी के आदेशों से ऊपर कोई और व्यवस्था काम कर रही है? यदि डीएम का स्पष्ट निर्देश मौजूद है तो फिर इन टेंडरों को स्वीकृति किसने दी? क्या शासन और जिला प्रशासन को गुमराह किया जा रहा है या फिर नियमों को जानबूझकर दरकिनार किया जा रहा है? विपक्षी नेताओं का कहना है कि यदि पर्याप्त बजट के बिना करोड़ों रुपये के टेंडर जारी किए जाते हैं तो यह वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता दोनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। उनका आरोप है कि विकास कार्यों की आड़ में ठेकेदारी व्यवस्था को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। जनता भी अब जवाब चाहती है। 93 टेंडर निरस्त होने के बावजूद फिर उसी राह पर चलने का फैसला आखिर किसके इशारे पर लिया गया? यदि डीएम के आद. ेशों की अवहेलना हुई है तो जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर क्या कार्रवाई होगी? गदरपुर की सियासत और प्रशासन में इस समय यही सबसे बड़ा सवाल है। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मामले में सख्त रुख अपनाता है या नहीं।

> प्राप्त धनराशि एवं प्राप्त होने वाली धनराशि की प्रत्याशा मैं टेंडर जारी किए हैं बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव हुआ कि टेंडर प्रक्रिया कर ली जाए, लेकिन वर्क आर्डर वही जारी किए जाएं जितना पैसा नगर पालिका गदरपुर में है जिलाधिकारी के साफ निर्देश हैं। निकायो पर पर्याप्त बजट न होने पर वर्क ओडर जारी नहीं किए जाएं लेकिन गदरपुर नगर पालिका में जितना बजट है उतने ही कार्यों के वर्क आर्डर जारी किए जाएंगे जिससे आगे समय में होने वाले टेंडर का समय भी बचेगा।
>
> **कैलाश सिंह पटवाल**
> **अधिशासी अधिकारी**
> **नगर पालिका परिषद गदरपुर**

> भारतीय जनता पार्टी के पालिकाध्यक्ष ओर सरकार ये बताएं कि ग्रांड के अलावा अन्य किसी तरह की आर्थिक मदद गदरपुर नगर पालिका की क्यों नहीं की जा रही और सामान्य ग्रांड से करोड़ों रुपए के विकास कार्य करा पाना असंभव है। जनता को बेवकूफ बनाना बंद करें करोड़ों रुपए की टेंडर जारी होने के बाद उन्हें पूरा करने के लिए पालिका पर पर्याप्त बजट भी नहीं है।
>
> **सिद्धार्थ भुसरी**
> **कांग्रेस नगर अध्यक्ष गदरपुर**

### आदेश धरे रह गए, टेंडर फिर निकल गए!

गदरपुर नगर पालिका में डीएम के निर्देशों की धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। 93 निविदाएं निरस्त होने के बाद भी पालिका ने 90 नई निविदाएं जारी कर दीं। जबकि जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेश हैं कि पर्याप्त बजट न होने की स्थिति में अतिरिक्त कार्यों के टेंडर जारी न किए जाएं। इसके बावजूद पालिका बोर्ड और अधिशासी अधिकारी नियमों से ज्यादा अपनी ष्सहमतिष को महत्व देते दिखाई दे रहे हैं।अधिशासी अधिकारी कैलाश सिंह पटवाल का तर्क है कि टेंडर निकालने पर बोर्ड की सहमति है, हालांकि कार्यादेश केवल उतने ही कामों के जारी होंगे जितना बजट उपलब्ध होगा। सवाल यह है कि जब खजाना खाली है तो फिर टेंडरों की इतनी जल्दबाजी क्यों? क्या यह प्रशासनिक व्यवस्था है या फिर नियमों को ठेंगा दिखाने की नई परंपरा?

## रिटायर्ड डीएलएम सखावत अली फारूकी का आकस्मिक निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर में रिटायर्ड डीएलएम सखावत अली फारूकी का आकस्मिक निधन हो गया और वह 67 साल के थे।उनके निधन से परि. जनों में कोहराम मचा गया।

रिटायर्ड डीएलएम के करीबी दोस्त डॉक्टर मोहम्मद शमी ने बताया कि उनकी अचानक तबीयत खराब हुई। अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को पुश्तैनी घर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश ले जाया गया। जहां नमाजे जनाजे के बाद कब्रिस्तान में सुपूर्द खाक किया गया।फारूकी 2018 में रामनगर में डीएलएम के पद से रिटायर हुए थे और वह रामनगर में ही अपने परिवार के साथ फ्रेंड्स कॉलोनी में रहते थे।उनके निधन पर डॉक्टर फरहत हुसैन,डॉक्टर शमी,डॉक्टर जफर सैफी,डॉक्टर नूर,डॉक्टर अतीक वारसी,डॉक्टर रजा, एडवोकेट फैजुल हक,प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी,नदीम वारसी आदि ने शौक व्यक्त किया है।

# मानसून से पहले अलर्ट मोड में प्रशासन

- **आपदा से निपटने को सिविल-मिलिट्री ने बनाई संयुक्त रणनीति**
- **डीएम मनीष कुमार ने विभागों को दिए सख्त निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। संभावित आपदाओं एवं आकस्मिक घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मनीष कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सभागार में सिविल-मिलिट्री लाइजन की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सेना, एसएसबी, आईटीबीपी, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन की तैयारियों, उपलब्ध संसाधनों और समन्वय तंत्र की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, अग्निकांड समेत अन्य संभावित आपदाओं के जोखिमों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जनपद के आपदा संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से आवश्यक निवारक एवं सुरक्षात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बाढ़ सुरक्षा उपायों को मजबूत करें तथा अस्पतालों, होटलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अग्निशमन उपकरणों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की नियमित जांच करें। डीएम मनीष कुमार ने मानसून के दौरान सड़कों को सुचारु रखने, नालों की समयबद्ध सफाई करने तथा संचार नेटवर्क को व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, अपर जिलाधिकारी के.एन. गोस्वामी, मेजर सुर्जन सिंह नेगी, एसएसबी अधिकारी सुदेश कुमार, आईटीबीपी अधिकारी अनिल कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ. बलवीर सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य महिला उद्यमिता परिषद की भाजपा नेत्री आशा बिष्ट सदस्य नामित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड शासन द्वारा राज्य महिला उद्यमिता परिषद में रामनगर निवासी भाजपा नेत्री आशा बिष्ट को सदस्य नामित किया गया है।आशा बिष्ट ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट , विधायक दीवान सिंह बिष्ट और नैनीताल विधायक सरिता आर्य का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि अपने शीर्ष नेतृत्व को विश्वास दिलाना चाहती हूं कि जो दायित्व मुझे दिया गया है। इसका पूर्णतया निर्वहन करूंगी और



साथ ही पार्टी की मजबूती के लिए पहले से अधिक ऊर्जा से कार्य किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट , जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट,विधायक सरिता आर्य, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, जगमोहन सिंह बिष्ट,गणेश रावत, संजय डोरबी, भूपेंद्र सिंह खाती, इंदर सिंह रावत, रेखा रावत, राकेश नैनवाल, शिशुपाल सिंह रावत, भगीरथ लाल चौधरी, चंदन सिंह बिष्ट, सैयद अली नकवी, अशोक गुप्ता, विपिन काण्डपाल, अजीज खान, अनवर मलिक, भावना भट्ट , पारस गोला, राहुल रावत, अमिता लोहनी,दिनेश मेहरा, नवीन कारगेती,ेम चंद्र जोशी, सत्यप्रकाश शर्मा, रुचि गिरी शर्मा आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## चीनी मिल कर्मचारियों ने उठाई समस्याएं प्रबंधन से शीघ्र समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सहकारी चीनी मिल बाजपुर के कर्मचारियों ने मिल समिति के माध्यम से प्रधान प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर मिल संचालन, वित्तीय प्रबंधन एवं कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। कर्मचारियों ने मांग की है कि आगामी पेराई सत्र 2026-27 से पूर्व इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि मिल परिसर में बायलरों के लिए रिटर्न बगास कैरियर स्थापित करने का प्रस्ताव वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में अनावश्यक व्यय साबित होगा। कर्मचारियों का कहना है कि इससे मिल की वित्तीय स्थिति और कमजोर हो सकती है तथा श्रमिकों के देयकों के भुगतान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने इस कार्य को फिलहाल स्थगित करने की मांग की है। कर्मचारियों ने पिछले पेराई सत्र में ड्रायर टर्बाइनों में आई तकनीकी समस्याओं का भी उल्लेख किया है। उनका कहना है कि नई स्टीम लाइन बिछाने पर होने वाले लगभग 16 लाख रुपये के खर्च की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी से वहन कराई जानी चाहिए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि गत पेराई सत्र में केवल लगभग 15 लाख कुंतल गन्ने की पेराई हो सकी, जबकि मिल की क्षमता इससे कहीं अधिक है। कर्मचारियों ने गन्ना खरीद केंद्रों के पुनः आवंटन तथा बाजपुर चीनी मिल को पर्याप्त गन्ना उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि क्षेत्र में गन्ने की पर्याप्त उपलब्धता होने के बावजूद मिल को अपेक्षित मात्रा में गन्ना नहीं मिल पा रहा है। मिल समिति ने आगामी सत्र में मिल संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सिंगल मिलिंग टेंडम प्रणाली लागू करने का सुझाव भी दिया है। कर्मचारियों का दावा है कि इससे कम कर्मचारियों के साथ बेहतर संचालन संभव होगा और मिल को आर्थिक लाभ मिलेगा। ज्ञापन में कर्मचारियों के वेतन, कटौतियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी भुगतान संबंधी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में स्वीकृत वेतनमान समाप्त किए जाने के कारण उनके वेतन में 40 से 50 प्रतिशत तक की कमी आई है। साथ ही कई कर्मचारियों के देयक एवं ग्रेच्युटी भुगतान लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने इन भुगतानों को शीघ्र जारी करने की मांग की है। कर्मचारी प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री, गन्ना मंत्री, जिलाधिकारी, गन्ना आयुक्त एवं उत्तराखंड शुगर फेडरेशन को भी ज्ञापन की प्रतिलिपि भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं किया गया तो मिल कर्मचारियों में असंतोष बढ़ सकता है। ज्ञापन पर मिल समिति एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर हैं।

# पूजा टम्टा को 'लखपति दीदी' सम्मान, राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मालधनचौड़ की निवासी पूजा टम्टा को श्लखपति दीदीश योजना के तहत उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने नैनीताल में आयोजित समारोह में पूजा टम्टा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।राजभवन में हुए इस कार्यक्रम में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पूजा टम्टा को सम्मानित किया।लखपति दीदीश योजना के तहत पूजा टम्टा ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपनी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक पहुंचाई है। उनके समूह के उत्पाद अब स्थानीय बाजार के साथ-साथ रामनगर और हल्द्वानी तक पहुंच रहे हैं।राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं पहाड़ जैसी दृढ़ता से आत्मनिर्भर बन रही हैं। पूजा टम्टा अन्य महिलाओं के लिए मिसाल हैं। उन्होंने पूजा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ष्जब एक महिला आगे बढ़ती है तो पूरा परिवार और समाज आगे बढ़ता है।सम्मान मिलने पर पूजा टम्टा ने कहा कि यह सम्मान मेरे पूरे समूह की मेहनत का है। राज्यपाल से सम्मान पाकर हौसला और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अब हमारा अगला लक्ष्य 2 लाख सालाना कमाना है।लखपति दीदीश योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत 2026 तक 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है।



## एलटी ग्रेड भर्ती मामले पर हाई कोर्ट ने आयोग को तीन माह में

# आदेश पालन के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने एलटी ग्रेड सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मामले में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की सभी विशेष अपीलों को निस्तारित कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने आयोग द्वारा अपीलें वापस लेने की अनुमति देते हुए एकलपीठ के आदेश का अनुपालन तीन माह के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मामला एलटी ग्रेड सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र डी के प्रश्न संख्या 34 से जुड़ा था। एकलपीठ ने अपने पूर्व आदेश में पाया था कि इस प्रश्न के लिए आयोग द्वारा केवल विकल्प बी को सही माना गया था जबकि विशेषज्ञों की राय के



अनुसार विकल्प बी और सी दोनों सही उत्तर थे। इस आधार पर न्यायालय ने प्रश्न का पुनर्मूल्यांकन कर अभ्यर्थियों को आयोग की गाइडलाइन के अनुसार अंक देने का निर्देश दिया था। एकलपीठ ने यह भी स्पष्ट किया था कि 9 फरवरी 2025 को जारी अनंतिम चयन सूची में शामिल अभ्यर्थियों के परिणामों को प्रभावित नहीं किया जाएगा। पुनर्मूल्यांकन केवल अन्य अभ्यर्थियों के लिए किया जाएगा तथा संशोधित परिणाम के आधार पर जिन अभ्यर्थियों के अंक अंतिम चयनित अभ्यर्थी के बराबर या उससे अधिक होंगेए उन्हें नियुक्ति का अवसर दिया जाएगा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से यह भी कहा गया था कि राज्य में एलटी ग्रेड सहायक अध्यापकों के अनेक पद रिक्त हैं। यदि पुनर्मूल्यांकन के बाद नए अभ्यर्थी चयनित होते हैं और रिक्त पद पर्याप्त नहीं होते तो उनके लिए अधिसंख्य पद सृजित कर नियुक्ति दी जा सकती है। इसी आधार पर एकलपीठ ने राज्य सरकार को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए थे। खंडपीठ के समक्ष आयोग की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता ने कहा कि आयोग अब अपीलों को आगे नहीं बढ़ाना चाहता और एकलपीठ के आदेश का पालन करेगा। न्यायालय ने आयोग के इस आश्वासन को रिकॉर्ड पर लेते हुए लंबित अवमानना कार्यवाही भी बंद करने का आदेश दिया। हालांकि न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि तीन माह के भीतर आदेश का अनुपालन नहीं किया गया तो अवमानना याचिकाकर्ताओं को अवमानना कार्यवाही पुनर्जीवित कराने की स्वतंत्रता होगी।

## पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भवाली विश्व पर्यावरण दिवस पर ललित उत्कर्ष कला अकेडमी एवं हार्ट ऑफ हिमालय के संयुक्त तत्वाधान में नगर पालिका सभागार में विभिन्न विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रथम सत्र में इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज आर्य प्रकाश आर्य जीबी पंत के बच्चों ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान विभिन्न विद्यालयों से आए हुए बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता पेड़ लगाओ शिप्रा बचाओ विषय पर अपने-अपने अपनी कला का प्रदर्शन किया उसके बाद पर्यावरण गीत अकाल और सामूहिक गायन में अपने गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया जीबी पंत के बच्चों ने जीवन का आधार धारा है करुणा तुम न करो अति दोहन गीत ने सबका ध्यान पर्यावरण संरक्षण की ओर खींचा। कार्यक्रम के दूसरे चरण में मुख्य अतिथि पद्मश्री यशोधर मंठपाल ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में अपने महत्वपूर्ण विचार प्रकट किया उनका कहना था कि पर्यावरण से हमारे जीवन से सीधा जुड़ा हुआ है सभी का कर्तव्य है कि अपने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना वह सक्रिय योगदान दे जिससे कि हमारे पर्यावरण को बचाया जा सके और लोगों का जीवन बचाया जा सके राज्य मंत्री नवीन चंद्र वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के साथ ही इस धरती को हरा भरा बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम लेकस इंटरनेशनल हर्षिता चौरसिया प्रांजल पांडे हर्षित आर्य कनिका बिष्ट हिमांशी रेपवाल विजय रहे पर्यावरण गीत प्रतियोगिता मानसी व अर्थव विजेता रहे। प्रतियोगिता में इस कार्यक्रम में राज्य दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य कृषि व बागवानी परिषद के राज्य मंत्री मंत्री देवेंद्र ढैला, प्रकाश आर्य वरिष्ठ भाजपा नेता हेमचंद आर्य, एडवोकेट प्रदीप राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त राजेंद्र पुंडीर, खजान भट्ट, खष्टी बिष्ट, नंद किशोर पांडे, सुनील कुमार, शांति तिवारी, बालम मेहरा, जुगल मठपाल, ललित भगत तथा दीपक भंडारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### नैनीताल में मिशन ग्रीन कार्यक्रम का शुभारंभ

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग शनिवार को मिशन ग्रीन कार्यक्रम–2026 कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस विशेष मौके पर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से डा. गीता पालीवाल ने पौधारोपण कर इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर डा. पाल. ीवाल ने कहा कि जीवन का सबसे बेहतरीन कार्य पौधे लगाना तथा उनकी सुरक्षा करना जिससे हमें जीवन हेतु आकसीजन मिलती रहे। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि पर्यावरण दिवस के बाद विभाग वर्षों से लगातार ग्रीन मिशन आयोजित करते हैं जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। इस अवसर पर अखरोट के बड़े पौधे को गमले से भूमि में हस्तांतरित किया गया। डा. गीता पालीवाल को शॉल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह के साथ पौधे के फ्लायर भेंट किए गए। कार्यक्रम में डा. प्रभा पंत, डा. हिमानी कार्की, डा. हेम जोशी, डा. नवीन पांडे तथा शीतल कोरंगा व विशाल बिष्ट व लीला आदि उपस्थित रहे।

### असलहा अधिनियम के अभियोग में वारंटी गिरफ्तार

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत आर्म्स एक्ट यानी असलहा अधिनियम के एक अभियोग में वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात जगदीश चंद्र के निर्देशन तथा भवाली के क्षेत्राधिक. ारी रविकांत सैमवाल के पर्यवेक्षण में बेतालघाट के थानाध्यक्ष विजय नेगी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने शनिवार को प्रथम अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में दीपक जलाल निवासी धनियाकोट तल्लाकोट बेतालघाट को उसके निवास स्थान के समीप से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के उपरांत वारंटी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। कार्रवाई करने वाली टीम में उप निरीक्षक शंकर नयाल, आरक्षी दीपक सिंह, आरक्षी राम कृपाल तथा आरक्षी जितेंद्र सिंह शामिल रहे।

### गुड टच बैड टच के बारे में बताया

**नैनीताल।** भारत विकास परिषद की नैनीताल शाखा द्वारा राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल मल्लीताल में बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया तथा कक्षा 1 से 8 तक विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा, शिक्षा एवं शिक्षकों के महत्व तथा गुड टच तथा बेड टच आदि के विषय में जानक. ारी दी गयी। शिविर में भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष एनके पपनोई, सचिव गीता पाण्डे, मीनू बुधलाकोटी, भगवती बिष्ट, ज्योति ढौंडियाल, कविता त्रिपाठी, अमिता साह समेत विद्यालय के प्रधानाचार्या मंजू पाण्डे समेत आलोक जोशी, ज्योति तिवारी, सरिता त्रिपाठी, सुनिता राणा एवं हेमलता लखेड़ा आदि शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा।

### स्नोव्यू वार्ड में गुलदार के आतंक से बढ़ी दहशत

**नैनीताल।** नगर के स्नोव्यू वार्ड में पिछले कुछ दिनों से गुलदार की बढ़ती गतिविधियों के चलते क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। हाल ही में ओल्ड गवर्नर हाउस क्षेत्र में गुलदार की ओर से एक गौवंश और एक कुत्ते को शिकार बनाए जाने के बाद स्थानीय लोगों की चिंता और बढ़ गई है। इस संबंध में पालिका के वार्ड सभासद जितेंद्र कुमार पांडे ने अधिशासी अधिक. ारी रोहिताश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि स्नोव्यू वार्ड पूर्ण रूप से पर्वतीय एवं वनाच्छादित क्षेत्र है जहां जंगली जानवरों का खतरा हमेशा बना रहता है। ऐसे में रात के समय पर्याप्त रोशनी न होने से लोगों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने वार्ड के विभिन्न मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था के संचालन के लिए 90 मीटर विद्युत तार, 10–10 लैम्प तथा 10 एलईडी लाइट मुहैया कराने की मांग की है। कहा कि विद्युत पोल पहले से स्थापित हैं लेकिन आवश्यक सामग्री के अभाव में कई स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से संचा. लित नहीं हो पा रही है। उन्होंने जनहित में शीघ्र ही आवश्यक सामग्री मुहैया कराने तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने कर वार्ड में प्रकाश व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### पर्यटक वाहनों की भीड़ से लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** ग्रीष्मकालीन पर्यटन सत्र के दौरान नैनीताल में पर्यटकों की आमद लगातार बढ़ रही है। शनिवार को भी बड़ी संखया में सैलानी नगर पहुंचे और सुहावने मौसम के बीच नैनी झील, माल रोड तथा अन्य पर्यटन स्थलों का आनंद लिया। नगर के अधिकांश होटल पूर्ण रूप से भरे रहे तथा आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। नैनी झील में नौकायन के लिए दिनभर पर्यटकों की भीड़ लगी रही। प्राणी उद्यान में डेढ़ हजार से अधिक जबकि केव गार्डन में लगभग 650 तथा रोपवे में करीब 600 पर्यटकों ने भ्रमण किया। शनिवार को 2 हजार से अधिक पर्यटक वाहन नगर में पहुंचे जिसके चलते सभी पार्किंग स्थल भर गये और पर्यटकों को वाहन पार्क करने के लिए लंबे समय तक स्थान तलाशना पड़ा। हल्द्वानी, कालाढूंगी और भवाली मार्ग पर यातायात दबाव के कारण जाम की स्थिति बनी रही। कैंची धाम से लौटने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के कारण भवाली मार्ग पर दो से तीन किलोमीटर तक लंबा जाम लगा रहा जिससे स्थानीय लोगों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा। शाम के समय बस अड्डे पर भी यात्रियों की भीड़ देखी गयी। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों के अनुसार वर्तमान सत्र उनके लिए उत्साहजनक बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की ओर से शांतिपुरी–किच्छा खनन क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण किया गया। जिसमें जिला खान



अधिकारी मनीष परिहार की मौजूदगी में बड़ी संख्या में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सहित दर्जनों ग्रामवासियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर क्षेत्र को हरित बनाने का संकल्प लिया गया। जिला खान अधिकारी मनीष परिहार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और वृक्षारोपण इसका सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शांतिपुरी नंबर 3 ललित बिष्ट, वरिष्ठ समाजसेवी सोनू बिष्ट, अभिषेक सिंह आदि थे।

# उत्तराखंड में उद्यमिता को मिलेगी नई उड़ान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत ने उत्तराखंड में उद्यमिता आधारित विकास एवं

### कुविवि व ईडीआईआई के संयुक्त प्रयास

नवाचार संस्कृति को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद के महानिदेशक डा. सुनील शुक्ला के साथ विस्तृत विचार विमर्श किया। बैठक में विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में उद्यमिता एवं नवाचार को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं स्टार्टअप गतिविधियों से जोड़ने तथा स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्यमों को प्रोत्साहित करने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा



नीति–2020 के अनुरूप कुमाऊं विश्वविद्यालय युवाओं को केवल डिग्रीधारी नहीं, बल्कि रोजगार सृजक और नवाचार के अग्रदूत के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों के स्थानीय उत्पादों, पारंपरिक ज्ञान, कृषि एवं खाद्य संसाधनों पर आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के दौरान स्थानीय खाद्य आधारित उद्यमों के लिए ए ऽ एसएसएआई प्रमाणान प्रक्रिया को सुगम बनाने, विद्यार्थियों में उद्यमिता की संस्कृति को मजबूत करने तथा युवा उद्यमियों के लिए बाजार संपर्क एवं विपणन अवसरों का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की गई। ईडीआईआई के महानिदेशक डा. सुनील शुक्ला ने कुमाऊं विश्व. विद्यालय द्वारा उद्यमिता संवर्धन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विश्व. विद्यालयों की सक्रिय भागीदारी से उत्तराखंड में नवाचार एवं स्टार्टअप आधारित विकास को नई गति मिल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षणए मार्गदर्शनए उद्योग संपर्क और उद्यम स्थापना के लिए आवश्यक सहयोग मुहैया कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। दोनों संस्थानों ने विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ने तथा स्टार्टअप्स को बाजार मुहैया कराने तथा उद्यमिता को शिक्षा के साथ प्रभावी रूप से जोड़ने के लिए संयुक्त प्रयासों को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।

### एफआईआर निरस्त करने की याचिकाएं खारिज

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के पुरकुल क्षेत्र की भूमि से जुड़े बहुचर्चित करोड़ों रुपये के कथित धोखाधड़ी प्रकरण में बड़ी राहत देने से इनकार करते हुए एफआईआर निरस्त करने की मांग वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने न्यायालय के समक्ष सभी महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा नहीं किया तथा उनका रवैया भ्रामक प्रतीत होता है। अदालत ने दोनों याचिकाओं को निराधार मानते हुए लागत सहित खारिज कर दिया।

### कूटा ने विवि कर्मी अमित के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के उपाधि अनुभाग के कर्मचारी अमित कुमार (33) के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी है। कूटा के तरफ से प्रो. ललित तिवारी, डा. नीलू, डा. दीपक, डा. युगल जोशी, डा. संतोष कुमार समेत कूटा परिवार ने दुख जताया है।


**सूचना: सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र विक्रम सिंह कनवाल गलत संगत में पड़ गया है। हमारे व परिवार के सदस्यों के साथ अभद्रता व गलत व्यवहार करता है। अत: हमने उसे अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य की हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**अमर सिंह कनवाल**
**कलावती कनवाल**
निवासी: शिव शक्ति विहार, पनियाली, कठघरिया, हल्द्वानी।


## हॉकी: रानीखेत व अल्मोड़ा ने खिलाड़ियों का रहा दबदबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के डीएसए मैदान में खेली जा रही 100वीं ऐतिहासिक अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को खेले गये पहले मुकाबले में रानीखेत इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शादे सोसायटी बरेली को 5–2 से पराजित कर जीत दर्ज की। बता दें मध्यांतर तक बेहद रोमांचक रहे मुकाबले में दोनों टीमें 1–1 गोल की बराबरी पर थीं लेकिन मध्यांतर के बाद रानीखेत इलेवन ने तेजी दिखाते हुए बढ़त बनाई और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए 5–2 से मुकाबला अपने नाम कर प्रतियोगिता में विजयी शुरुआत की। रानीखेत की ओर से ललित ने 9वें और 56वें मिनट में दो जबकि हर्षित ने 32वें मिनट में एक तथा दीपक ने 39वें और 45वें मिनट में दो गोल दागे। बरेली की ओर से सौरभ ने 10वें मिनट और आयुष ने 31वें मिनट में एक–एक गोल किया। प्रतियोगिता के दूसरा मैच अल्मोड़ा इलेवन अल्मोड़ा तथा डीएससी कालेज अलीगढ़ के बीच खेला गया। मध्यांतर तक अल्मोड़ा की टीम 1–0 से बढ़त पर थी। मैच के 10वें मिनट में संजय रावत ने गोल दागा जबकि मध्यांतर के बाद 37वें मिनट में फिर गणेश ने गोल कर अपनी टीम को 2–0 से बढ़त दिला दी जबकि 60वें मिनट में अल्मोड़ा की ओर से फिर अजय ने गोल कर यह मैच 3–0 से अपनी टीम के नाम कर लिया। मैच में अनुराग, मो. हित, मनीष द्विवेदी व विजय फर्त्याल ने अंपायर के रूप में एवं मनोज चौहान ने उद्घोषणा में योगदान दिया जबकि तकनीक समिति में रोहित साह, राजेश साह, दीपक साह, ललित साह व कैलाश बोरा व सजय गुप्ता रहे।

## कुलपति प्रो. रावत ने कुविवि के भीमताल परिसर में किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत विश्व. विद्यालय के भीमताल परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान परिसर के निदेशक प्रो. एलके सिंह, प्रभारी कुलसचिव राकेश विश्वकर्मा, विश्व. विद्यालय के एनआईआरएफ संयोजक प्रो. अर्चना नेगी साह, तकनीकी संकायाध्यक्ष प्रो. अनीता सिंह द्वारा भी पौधरोपण किया गया। परिसर भ्रमण के दौरान कुलपति द्वारा भीमताल सोनगांव में निर्माणाधीन लॉ कॉलेज और ब्लॉक रोड में फार्मेसी ब्लॉक के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और कार्यदाई संस्था की आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कुलपति द्वारा परिसर में संचालित



परीक्षाओं का भी निरीक्षण किया गया। वहीं भ्रमण के दौरान उनके द्वारा फार्मेसी विभाग की वेबसाइट का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर संकायाध्यक्ष बायोमेडिकल प्रो. महेंद्र सिंह राणा, संकायाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन प्रो. अमित जोशी, विभागाध्यक्ष फार्मेसी प्रो. कुमुद उपाध्याय, डा. राजेश्वर कमल कांत, डा. बामाप्रसाद दत्ता, डा. संतोष उपाध्याय, डा. हितेश पंत, डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला, भगवान ध्यानी, गिरीश भट्ट, गोकर्ण सिंह सहित शिक्षक कर्मचारी शामिल हुए।

## विमला महिला आयोग की सदस्य बनीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड शासन ने राज्य में महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकारों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जनपद नैनीताल की विमला अधिकारी को उत्तराखंड राज्य महिला आयोग में सदस्य के पद पर नामित किया है। इस संबंध में मंत्रिपरिषद अनुभाग द्वारा कार्यालय ज्ञापन जारी कर उनकी नियुक्ति की औपचारिक घोषणा की गई है। कार्यालय ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नव नामित सदस्य के कर्तव्यों, अधिकारों, दायित्वों, सेवा शर्तों एवं कार्यकाल से संबंधित विस्तृत प्रावधानों के लिए संबंधित प्रशासनिक विभाग द्वारा पृथक आदेश जारी किए जाएंगे। इसके बाद वे आयोग की गतिविधियों में विधिवत अपनी भूमिका निभाएंगी। विमला अधिकारी का राज्य महिला आयोग में नामांकन महिला हितों की सुरक्षा, महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के संरक्षण तथा उनके



सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक सशक्तिकरण के प्रयासों को और अधिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर उनकी सक्रिय भागीदारी का अनुभव आयोग के कार्यों को नई ऊर्जा और प्रभावशीलता प्रदान कर सकता है। इस पद को मिलते ही जनता में खुशी की लहर दौड़ गई। विमला दीदी की कर्मठता एवं कार्य प्रणाली से सभी नैनीताल वासी परिचित हैं। केपी काला, सरिता आर्य विधायक, डा. सूर्य प्रकाश प्रधानाचार्य पीपीजे समेत डा. माधव प्रसाद त्रिपाठी एवं पवन जोशी, प्रियांशु, जितेंद्र पांडे ने शुभकामना दी हैं। कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने भी विमला अधिकारी को उत्तराखंड राज्य महिला आयोग का सदस्य नियुक्त होने पर उन्हें बधाई दी है। कूटा के तरफ से प्रो. ललित तिवारी, डा. नीलू, डा. दीपक, डा. युगल जोशी, डा. संतोष कुमार, डा. कुबेर गिनती, डा. शिवांगी, डा दीपिका गोस्वामी, डा. अनिल बिष्ट, डा. दीपिका गोस्वामी, डा. अशोक कुमार सहित एलुमनी सेल डा. बीएस कालाकोटी, डा. एसएस सामंत, डा. ज्योति कांडपाल, डा. मीना पांडे व डा. रितेश साह ने उन्हें बधाई दी है।

### संगीत प्रतियोगिता आज

**हल्द्वानी।** स्वर संगम हल्द्वानी और संगीत संकल्प के तत्वावधान में स्व. आरएस शारदा स्मृति संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना है। स्वर संगम हल्द्वानी के संस्थापक निदेशक आचार्य हरीश चंद्र पंत ने बताया कि यह आयोजन दिवंगत डा. मुकेश गर्ग के दिव्य आशीर्वाद से संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम कल यानि आज रविवार को शाम 5 बजे हल्द्वानी स्थित होटल फॉर्च्यून, वॉकवे मॉल के समीप जलसा बैंक्वेट में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रोफेसर दीवान सिंह बिष्ट, कुलपति, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल तथा प्रोफेसर शिवेंद्र कुमार कश्यप, कुलपति, जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर उपस्थित रहेंगे।

## 'जनहित' के भावी कार्यक्रमों पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जनहित संस्था की बैठक शनिवार को श्री राम सेवक सभा भवन में संस्था के संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट व अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष दिव्या साह की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में संस्था के भावी कार्यक्रमों को लेकर गहन मंथन किया गया। इसके साथ ही बैठक में संस्था के नए सदस्यों का संस्था परिवार की ओर से भव्य स्वागत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि जुलाई माह में नगर के स्थानीय स्कूलों के बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही संस्था के पूर्व में लंबित प्रकरणों (समस्याओं) के बारे में संबंधित महकमों के अफसरों




से पत्राचार करने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही संस्था ने नगर के स्कूलों के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने का भी फैसला लिया। बैठक में नए सदस्यों सोनू साह तथा जीवंती भट्ट का स्वागत किया गया। बैठक के अंत में संस्था के पूर्व सदस्य नंद लाल का निधन हो जाने पर दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया गया। बैठक में संस्था के संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष अशोक साह, विजय साह, अमित रस्तोगी, मनोज सनवाल, सिद्धार्थ बिष्ट, अशोक तिवारी, महेश चंद्र आर्य, प्रो. ललित तिवारी, अशोक कुमार व पंकज साह ने विचार रखे। संचालन महासचिव महेश चंद्र आर्य ने किया।

## नेहा का एएमसी में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल की 05 यूके नेवल सब यूनिट एनसीसी की कैडेट नेहा त्रिपाठी इन दिनों उत्तरकाशी स्थित नेहरु इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग उत्तरकाशी में आयोजित प्रतिष्ठित एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स (एएमसी) में प्रतिभाग कर रही हैं। यह प्रशिक्षण 27 मई से शुरु हो चुका है जो 23 जून तक आयोजित किया जा रहा है। कैडेट नेहा त्रिपाठी को यह अवसर राष्ट्रीय कैडेट कोर (राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स) के माध्यम से प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि उन्होंने गत वर्ष बेसिक लीडरशिप कैंप (बीएलएसी) सफलतापूर्वक पूर्ण किया था। एनसीसी द्वारा देश भर में चयनित केवल तीन कैडेट इस कोर्स में प्रतिभाग कर रहे हैं। कैडेट नेहा त्रिपाठी का इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण में चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत कामयाबी है बल्कि यह डीएसबी परिसर कुमाऊँ विश्वविद्यालय तथा 05 यूके नेवल सब यूनिट एनसीसी के लिए भी गौरव का विषय है। इससे



विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को साहसिक गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरणा मिलेगी तथा राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय और एनसीसी इकाई की पहचान और प्रतिष्ठा को भी बल मिलेगा। विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत, डीएसडबल्यू प्रो. संजय पंत, एनसीसी अधिकारी प्रो. (ले.) रीतेश साह, चीफ प्राक्टर प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. ललित तिवारी, आईटीईपी के विभागाध्यक्ष डा. अशोक व शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने कैडेट नेहा त्रिपाठी को इस कामयाबी पर शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण की सफल पूर्णता और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## 'ओ जन्मया नहीं' का मंचन शैले हाल में कल

### भारत पाकिस्तान के विभाजन की विभीषिका का दर्द उतरेगा मंच पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** संगीत नाटक अकादमी द्वारा देश भर के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों की संस्थाओं के द्वारा संगीत नाटक अकादमी अवॉरडीज थिएटर फेस्टिवल के तहत अलग–अलग स्थानों पर नाटकों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। जिसको लेकर शनिवार को शारदा संघ में प्रेस वार्ता की गई। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित नैनीताल के रंगकर्मी एवं युगमंच के अध्यक्ष जहूर आलम को सम्मानित किए जाने पर उनके द्वारा अभिनीत प्रसिद्ध नाटक ओ जन्मया नहीं का मंचन शैले हाल नैनीताल में आगामी 8 जून को आयोजित किया जा रहा है। प्रसिद्ध नाटककार असगर वजाहत द्वारा लिखित नाटक ओ जन्मया नहीं का निर्देशन ज़हूर आलम द्वारा एवं स्क्रिप्ट संपादन प्रदीप पांडे




द्वारा किया गया है। नाटक का मूल संगीत बांग्लादेश के सानी जुबेर द्वारा दिया गया है, जबकि प्रस्तुति संगीत निर्देशन नैनीताल के संगीतकार नवीन बेगाना हैं। भारत पाकिस्तान के विभाजन की विभीषिका के दर्द को इस नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। नाटक में मुख्य भूमिका के रूप में रतन लाल जोहरी की माँ की सशक्त भूमिका ज़हूर आलम द्वारा निभाई गयी है। साथ ही मुख्य भूमिकाओं में मिथिलेश पाण्डे, मदन मेहरा, मनोज कुमार सहित अदिति खुराना, डा. मोहित सनवाल, हर्षिता गुसाई, कौशल साह, डा. हिमांशु पाण्डे, पवन कुमार, नीरज डालाकोटी, दीपक बोरा, हर्ष यादव द्वारा सराहनीय योगदान दिया जा रहा है। नाटक में प्रकाश व्यस्था अनिल कुमार तथा वित्त एवं निर्माण नियंत्रक के रूप में भास्कर बिष्ट एवं रफत आलम द्वारा योगदान दिया जा रहा है। इस प्रस्तुति में संगीत नाटक अकादमी की प्रतिनिधि के तौर पर उत्तराखंड की प्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री डा. बसंती बिष्ट सहित विशिष्ट अतिथियो के रूप में कुमाऊँ विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत सहित पद्मश्री अनूप साह, समाज सेवी आलोक साह, गीता साह केपी साह समेत अन्य लोग मौजूद रहेंगे। प्रस्तुति को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से राजीव लोचन साह, डीके शर्मा, शारदा संघ के प्रो. डीएस बिष्ट, चंद्र लाल साह आदि द्वारा योगदान दिया जा रहा है। प्रेस वार्ता में भास्कर बिष्ट, नवीन बेगाना, मिथिलेश पांडे, हिमांशु पांडे, कौशल साह जगाती, अदिति खुराना मौजूद रहे।

## कमल पांडेय बने शिक्षा प्रकोष्ठ में प्रदेश सह संयोजक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** शिक्षा व सामाजिक सरो. कारों से जुड़े अनुभवी शिक्षाविद् कमल के पांडेय को भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड द्वारा शिक्षा प्रकोष्ठ में प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है। बता दें कमल के पांडेय का शैक्षिक एवं सामा. जिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव रहा है। उन्होंने कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में सिस्टम प्रोग्रामर, सहायक परीक्षा नियंत्रक, मीडिया प्रभारी, प्रभारी ईआरपी सेल तथा नोडल ऑफिसर समर्थ के रूप में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। श्री पांडेय वर्तमान में हिमालयन एजूक. ेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष तथा शांतिनिकेतन ट्रस्ट फॉर हिमालया के सदस्य के रूप में विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक गति. विधियों का संचालन कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में शिक्षा, शोध एवं जन जागरूकता से जुड़े अनेक कार्यक्रम निरंतर संचालित हो रहे हैं। राज्य स्तरीय कई पुरस्कारों से सम्मानित श्री पांडेय के लेख राष्ट्रीय पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों में नियमित रूप से



प्रकाशित होते रहते हैं जिनके माध्यम से वे समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं।अपने सरल, विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार के लिए पहचाने जाने वाले श्री पांडेय शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। कमल के पांडेय द्वारा इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार तथा प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक कौस्तुभानंद जोशी का आभार व्यक्त किया गया।

# गुरु-शिष्य परंपरा व पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम

## मंत्री भरत चौधरी ने किया 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज मंत्री भरत सिंह चौधरी ने प्रकृति संरक्षण को गुरु-शिष्य परंपरा से जोड़ते हुए एक प्रेरणादायक पहल की शुरुआत की। उन्होंने तल्ला नागपुर क्षेत्र के क्वीली गांव पहुंचकर अपने प्रथम गुरु पंडित पूर्णानंद पुरोहित के जन्मस्थल पर 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।




गुरु पूर्णानंद पुरोहित के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर मंत्री चौधरी ने उन्हें भोजपत्र की माला एवं उत्तराखंड के राजकीय पुष्प ब्रह्मकमल अर्पित कर सम्मान व्यक्त किया। इसके उपरांत उन्होंने अपने गुरु के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता स्वरूप चंदन का पौधा रोपित कर गुरुदक्षिणा अर्पित की। इस अवसर पर मंत्री चौधरी ने कहा कि गुरुदेव का आशीर्वाद और मार्गदर्शन उन्हें सदैव प्राप्त होता रहा है। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए जनसेवा का संकल्प और अधिक सशक्त हुआ है। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन के मूल्यों और संस्कारों का भी मार्गदर्शन करते हैं। मंत्री ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस से आरंभ हुआ यह अभियान प्रतिवर्ष हरेला पर्व की समाप्ति तक संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण करना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी में गुरुजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विक. सित करना भी है। उन्होंने प्रदेश के सभी पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंगल दलों, स्वयं सहायता समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा इसे व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। मंत्री चौधरी ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि यह अभिनव पहल विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों तक भी पहुंचे। उन्होंने सुझाव दिया कि गुरु पूर्णिमा, विद्यालयों के वार्षिकोत्सव तथा कक्षा 12 के विद्यार्थियों के विदाई समारोह जैसे अवसरों पर छात्र अपने प्रिय गुरु के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि किसी निर्धारित स्थान पर 'गुरु स्मृति वन' विकसित किए जा सकते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ विद्यार्थियों में गुरुजनों के प्रति सम्मान और अपनत्व की भावना भी मजबूत होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जयवर्धन कांडपाल, गंभीर सिंह बिष्ट, कनिष्ठ प्रमुख सविता भंडारी, नंदा नाभ्या सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी के अभियान से मिली प्रेरणा

**रूद्रप्रयाग।** मंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर ही गुरु सम्मान में यह पहल शुरू की गई है। उनका मानना है कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में ज्ञान देने वाले गुरु के सम्मान में एक पौधा लगाए, तो यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भारतीय संस्कृति की गौरवशाली गुरु-शिष्य परंपरा को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ गुरु के नाम' प्रकृति, संस्कृति और संस्कारों को जोड़ने वाला एक प्रेरणादायक अभियान है, जो भविष्य में जनआंदोलन का रूप लेने की क्षमता रखता है।

# तुंगनाथ धाम में घोड़ा-खच्चर संचालक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध तृतीय केदार तुंगनाथ धाम यात्रा मार्ग पर एक तीर्थयात्री और घोड़ा-खच्चर संचालक के बीच हुए विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि हरियाणा के यमुनानगर निवासी एक युवक ने घोड़ा-खच्चर संचालक के साथ मारपीट करते हुए उसके सिर पर हाथ में पहने कड़े से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को तुंगनाथ यात्रा मार्ग पर किसी बात को लेकर तीर्थयात्री राघव और घोड़ा-खच्चर संचालक के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में विवाद और मारपीट में बदल गई। घटना में संचालक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त हो गया। लोगों ने आरोपी युवक की तलाश शुरू की और कुछ समय बाद उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उत्तराखंड अपनी धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक मूल्यों और अतिथि सत्कार की परंपरा के लिए देशभर में सम्मानित है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्थानीय समाज, संस्कृति और धार्मिक स्थलों की मर्यादा का सम्मान करें तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखें।

सामाजिक कार्यकर्ता राजेश नेगी ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि चारधाम यात्रा और अन्य धार्मिक यात्राओं के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा, अभद्र व्यवहार अथवा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।



आरोपी तीर्थयात्री पुलिस के हवाले

उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल स्थानीय लोगों की भावनाओं को आहत करती हैं, बल्कि प्रदेश की छवि और धार्मिक स्थलों की गरिमा को भी प्रभावित करती हैं। प्रशासन को ऐसे मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई कर स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि देवभूमि में कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। आरोपी युवक के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई गई है तथा मामले की जांच जारी है।

# काण्डा ग्राम पंचायत की हर समस्या के निराकरण को विभाग प्रतिबद्ध: कण्डवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** रिखणीखाल प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत काण्डा में आयोजित सिंचाई सलाहकार समिति उत्तराखंड सरकार की ओर से कार्यक्रम में समस्त सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, लघु डाल खण्ड के साथ पहुंचे उपाध्यक्ष ऋषि कण्डवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विभाग की ओर से प्रस्तावित किसी भी कार्य को लम्बित नहीं रखा जायेगा। ग्राम पंचायत काण्डा के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए ग्राम पंचायत काण्डा प्रधान बिनीता ध्यानी ने दूरस्थ गांव की समस्यायों में दियोड़, जवाड़ियूंरौला, बिरोबाड़ी, भैंस्यारौ, जोपुर, गजरोड़ा, बुडोलाखोला, सौंटियालखोला, चौड़, बैडवाड़ी, खेड़ा आदि खेतीयोग्य भूभाग की जगहों पर सिंचाई गूल निर्माण करने तथा तैड़िया गांव में विद्युतीकरण योजना व सड़क से जोड़ने की बात कही तथा मन्दालनदी से प्रभावित खेत सीमा भैंस्यारौ, बिरोबाड़ी, जवाड़ियूंरौला, कटरौ दियोड़, ढाब, खेड़ा गजरोड़ा तक बाढ़रोधी दीवार बनाने का प्रस्ताव सौंपा। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में महिला मोर्चा मंत्री लक्ष्मी रावत, अजय तिवारी, विकास कौशिक,अनिल कुमार, प्रवीन, महिपाल नेगी, प्रेम सिंह, शिशपाल सिंह, दीनदयाल ठाकुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन एआरटीओ भवन का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने निर्माणाधीन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय भवन परिसर का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण, ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक सहित विभिन्न कार्य समयसीमा के बावजूद पूर्ण न होने पर उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था एवं अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परियोजना से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी के



कार्य पूर्ण न होने पर जताई कड़ी नाराजगी

जिम्मेदार अधिकारियों कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक समेत कई महत्वपूर्ण कार्य अभी भी अधूरे हैं। इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सभी शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समयसीमा का उल्लंघन होने पर संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद जल्द ही परियोजना का हस्तांतरण किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि विकास कार्यों में लापरवाही और शिथिलता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय भवन परिसर एवं ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के पूर्ण होने से परिवहन विभाग की सेवाएं और अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सक्षम एवं जनहितकारी बनेंगी, इसलिए कार्यों को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

## एक नजर .......

### अवकाश प्राप्त कर्मचारी को दी दंत रोगों की रोकथाम की जानकारी

**श्रीनगर।** अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन के तत्वावधान में शनिवार को रामचन्द्र ओरो डेंटल क्लिनिक एवं इम्प्लांट सेंटर द्वारा दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को दांतों की देखभाल, दंत रोगों की रोकथाम तथा समय पर उपचार के महत्व की जानकारी दी गई। इस मौके पर रामचंद्र ओरो डेंटल क्लिनिक एवं इम्प्लांट सेंटर के डॉ. केके गुप्ता ने दांतों से संबंधित विभिन्न बीमारियों, उनके प्रारंभिक लक्षणों तथा बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। कहा कि नियमित दंत परीक्षण से बीमारियों का प्रारंभिक अवस्था में ही पता चल जाता है, जिससे समय पर उपचार संभव हो पाता है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के लिए अपने क्लिनिक में विशेष रियायत एवं सुविधाएं प्रदान करने की भी घोषणा की, ताकि अधिक से अधिक लोग दंत चिकित्सा का लाभ उठा सकें। शिविर के दौरान दंत चिकित्सक डॉ. पूजा ने नि:शुल्क दंत परीक्षण किया तथा आवश्यक उपचार संबंधी परामर्श दिया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र मैठाणी, पूर्व अध्यक्ष पीसी नौटियाल, सचिव दीनबंधु सिंह चौहान, उपाध्यक्ष राजाराम जोशी सहित आदि मौजूद थे।

### आत्म निर्भर स्वनिधि लोक कल्याण मेले का हुआ आयोजन

**कोटद्वार।** प्रधानमत्री स्ट्रीट वेण्डर आत्म निर्भर निधि योजना के अर्न्तगत नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार में स्वनिधि लोक कल्याण मेले का आयोजन नगर आयुक्त पीएल शाह एवं सहायक नगर आयक्त चन्द्रशेखर शर्मा की अध्यक्षता मे किया गया, जिसमें पीएम स्वनिधि के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक नगर आयुक्त ने फड़ एवं रेहडी फेरी व्यवसायियों से अधिक से अधिक संख्या में पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन करने को कहा गया। उन्होने कहा कि प्रधांनमत्री की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र फड़ व्यवसाई तक पहुचना चाहिए। सिटी मिशन मैनेजर जगदीश रतूड़ी ने उपस्थित वेण्डर्स को पीएम स्वनिधि पुनर्गठित योजना तथा स्वनिधि से समृद्धि योजना की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि जनपद की सभी निकायों में 01 जून 2026 से 30 जून 2026 तक लोक कल्याण मेलों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के तहत 03 नये ऋण आवेदन प्राप्त हुए। निष्क्रिय वेण्डर्स को पुन: सक्रिय करने के लिए बैंकों के साथ चर्चा कि गई। फड़ व्यवसायियों को अधिक से अधिक क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने पर भी विचार किया गया। इसके अलावा चार फड व्यवसायियों की प्रोफाइलिंग की गई। मेले में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी के अलावा नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कर्मचारी चन्द्रशेखर बड़ोनी एवं साक्षी नेगी मौजूद रहे।

### कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया समीक्षा बैठक का आयोजन

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार के बद्रीनाथ मार्ग स्थित कांग्रेस कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दौरे के मध्यनजर अल्मोड़ा एवं पौड़ी में उमड़ा अभूतपूर्व जनसमूह एवं राहुल गांधी के द्वारा बीडीओ कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रभावशाली सारगर्भित संबोधन से उत्साहित कांग्रेसियों ने पूर्व प्रदेश सचिव प्रवेश रावत की अध्यक्षता में विधान सभा चुनाव 2027 में कांग्रेस को सत्ता पर काबिज करने का संकल्प लिया । इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि आज जनता भाजपा की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल से तंग आ गई है । सरकार पूरी तरह असफल है, वही प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है, महिलाओं पर अत्याचार और बेरोजगारी भी चरम पर पहुंची है ।

इसलिए बीजेपी सरकार को सत्ता से बाहर करना जहां प्रत्येक कांग्रेसी की जिम्मेदारी होगी, वहीं उत्तराखंड प्रदेश के युवाओं के हित में होगा ।समीक्षा बैठक में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, रमेश चन्द्र खंतवाल, बलबीर सिंह रावत, राजीव जखमोला ब्लाक अध्यक्ष दुगड्डा, सनोज रावत, भीमेंद्र पवांर, सुरेन्द्र सिंह गुसाईं, सुबेग जोशी, जावेद हुसैन, बृज मोहन सिंह नेगी, सुनील उनियाल, पवन कुमार रावत, महाबीर सिंह, त्रिभुवन सिंह आदि सम्मिलित थे।

### 'आओ सीखें' कार्यशाला का किया शुभारंभ

**लैंसडाउन।** अभ्युदय परिवार द्वारा आओ सीखें कार्यशाला का शुभारंभ डॉ रीता नेगी क्षेत्र पंचायत सदस्य, शशि बिष्ट प्रधानाचार्य, भगवती सिंह, मीना अधिकारी, शीतल खंडेलवाल, संयोजिका भावना वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया । आओ सीखें कार्यशाला में बच्चों और महिलाओं को अभ्युदय परिवार संस्था द्वारा नि:शुल्क चित्रकला, क्राफ्ट, मेहंदी, रंगोली, स्टोन, पेंटिंग, बुनाई, सिलाई, फायरलैस कुकिंग, नृत्य, विभिन्न प्रकार के नमक बनाने की विधि, एपेण आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । संयोजिका भावना वर्मा ने बताया कि बच्चों और महिलाओं में प्रशिक्षण को लेकर काफी उत्साह है । कार्यशाला में शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे व महिलाएं भी प्रतिभाग कर रही है ।

# प्रकृति का संकेत: तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रैक पर सुरक्षा अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा के साथ-साथ विश्व के सबसे ऊंचे शिवालय तृतीय केदार तुंगनाथ धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रुद्रप्रयाग पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) ऊखीमठ मनोज नेगी ने चोपता-तुंगनाथ मंदिर ट्रैक एवं चंद्रशिला ट्रैक का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न आवश्यक कदम उठाए गए तथा स्थानीय स्तर पर सुरक्षा

**एसएचओ ऊखीमठ ने किया निरीक्षण, मौसम खराब होने पर आगे न बढ़ने की अपील**

व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए।

ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम के अचानक बदलने तथा संभावित प्राकृतिक खतरों को देखते हुए पुलिस द्वारा चोपता घोड़ा स्टैंड (तुंगनाथ मंदिर प्रवेश द्वार के निकट), तुंगनाथ मंदिर परिसर तथा चंद्रशिला ट्रैक पर चेतावनी बोर्ड स्थापित किए गए हैं। इन बोर्डों के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आगाह किया गया है कि खराब मौसम, अत्यधिक वर्षा अथवा घने कोहरे की स्थिति में आगे न बढ़ें। साथ ही दोपहर 1 बजे के बाद चंद्रशिला ट्रैक पर न जाने की सख्त सलाह दी गई है, क्योंकि इस क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा अत्यधिक रहता है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है।

पुलिस द्वारा तुंगनाथ मंदिर परिसर में स्थापित लाउडस्पीकर के माध्यम से भी लगातार उद्घोषणाएं कर श्रद्धालुओं को मौसम संबंधी अपडेट एवं सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

निरीक्षण के दौरान ट्रैक मार्ग एवं मंदिर परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को यात्रियों की सुरक्षा, सहायता एवं संवेदनशील व्यवहार के साथ ड्यूटी निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त मंदिर समिति के पदाधिकारियों अभिषेक मैठाणी, प्रमोद मैठाणी, रेवाधर मैठाणी एवं अन्य सदस्यों के साथ बैठक कर श्रद्धालुओं के लिए दर्शन व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

भ्रमण के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने तुंगनाथ धाम में दर्शन कर लौट रहे देश-विदेश के श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से संवाद कर उनके यात्रा अनुभवों की जानकारी ली। साथ ही यात्रा मार्ग पर उपलब्ध सुविधाओं एवं पुलिस व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

जनपद पुलिस ने सभी श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से अपील की है कि हिमालयी क्षेत्रों की यात्रा के दौरान मौसम की ताजा जानक. ारी पर विशेष ध्यान दें तथा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करें, ताकि यात्रा सुरक्षित एवं सुखद बनी रहे।

# रुद्रप्रयाग में बड़ा हादसा टला, गहरी खाई में गिरी स्कूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद मुख्यालय के निकट सनबैंड क्षेत्र में शनिवार प्रात: एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। एक स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। स्कूटी पर सवार दो लोग रुद्रप्रयाग की ओर आ रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन तंत्र, डीडीआरएफ, पुलिस एवं 108 एम्बुलेंस सेवा तत्काल सक्रिय हो गई और समय रहते दोनों व्यक्तियों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

**डीडीआरएफ, पुलिस और 108 एम्बुलेंस की तत्परता से बची दो जिंदगियां**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार 6 जून 2026 को प्रात: 6:55 बजे सूचना दाता साबर सिंह द्वारा जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को सूचना दी गई कि सनबैंड के समीप स्कूटी संख्या यूके-13बी-2069 अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई है। सूचना मिलते ही जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्क्त्थ् टीम, पुलिस बल तथा 108 एम्बुलेंस को घटनास्थल के लिए रवाना किया।

मौके पर पहुंची राहत एवं बचाव टीम ने विषम परिस्थितियों के बीच खाई में उतरकर रेस्क्यू अभियान चलाया। टीम की मुस्तैदी और सूझबूझ के चलते दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दुर्घटना में सचिन कुमार (19 वर्ष), पुत्र राजकुमार, मूल निवासी बिहार एवं वर्तमान निवासी डांगसेरा-तूना रोड रुद्रप्रयाग घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के बाद 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग भेजा गया।वहीं स्कूटी में सवार सुलेखा देवी (26 वर्ष), पत्नी राजू कुमार, मूल निवासी बिहार एवं वर्तमान निवासी डांगसेरा-तूना रोड, रुद्रप्रयाग सुरक्षित हैं। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई गई है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही सभी संबंधित एजेंसियों को तत्काल सक्रिय किया गया, जिसके परिणामस्वरूप राहत एवं बचाव कार्य शीघ्रता से संपन्न हुआ और एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया।

स्थानीय लोगों ने भी डीडीआरएफ, पुलिस एवं 108 एम्बुलेंस सेवा की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि समय पर पहुंची बचाव टीम के कारण दोनों लोगों की जान बच सकी।

प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि पहाड़ी एवं घुमावदार मार्गों पर वाहन चलाते समय विशेष सतर्कता बरतें।

# वनाग्नि मानव और पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर चुनौती: प्रो. सेमवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र एवं नि:शुल्क कोचिंग योजना, उत्तराखण्ड द्वारा शनिवार को वनाग्नि: कारण एवं परिणाम विषय पर साप्ताहिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने वनाग्नि के बढ़ते खतरे तथा उसके पर्यावरणीय प्रभावों पर विचार-विमर्श किया। परिचर्चा में वक्ताओं ने बताया कि वनाग्नि प्राकृतिक कारणों के साथ-साथ मानवीय गतिविधियों और लापरवाही के कारण भी उत्पन्न होती है। विद्यार्थियों ने उत्तराखण्ड में बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं, वन्यजीवों, जैव विविधता तथा स्थानीय समुदायों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। हिमालयी मोनाल जैसे दुर्लभ पक्षियों के आवास और प्रजनन पर वनाग्नि के नकारात्मक प्रभावों की भी चर्चा की गई। संकाय सदस्य डॉ. अरविंद सिंह रावत ने कहा कि क्राउन फायर सबसे खतरनाक स्वरूप है। उन्होंने वनाग्नि के वैज्ञानिक कारणों तथा रोकथाम के उपायों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. शैलेन्द्र ने वनाग्नि से मृदा की उर्वरता पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों, जबकि डॉ. वीर सिंह ने हिमालयी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन और हिम पिघलने की प्रक्रिया पर इसके प्रभावों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष बहुगुणा ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश कुमार सिंह, डॉ. मुकेश सहाय सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# तुंगनाथ धाम में पर्यटकों की हुड़दंगबाजी का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चोपता/रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ धाम एवं मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से प्रसिद्ध चोपता क्षेत्र में कुछ पर्यटकों द्वारा की गई अनुशासनहीनता और हुड़दंगबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं तथा सामाजिक संगठनों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है।

वायरल वीडियो में कुछ युवक वाहनों की छतों पर चढ़कर जोर-जोर से चिल्लाते, शोर-शराबा करते तथा सार्वजनिक स्थान पर अनुचित व्यवहार करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो तुंगनाथ धाम यात्रा मार्ग एवं चोपता क्षेत्र का है, जहां प्रतिवर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु एवं पर्यटक दर्शन और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तुंगनाथ धाम केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र और उत्तराखंड की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक है। ऐसे में कुछ बाहरी पर्यटकों द्वारा यहां की परंपराओं, धार्मिक मर्यादाओं और सामाजिक मूल्यों की अनदेखी करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।क्षेत्रवासियों के अनुसार हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से आने वाले कुछ पर्यटक धार्मिक स्थलों को पिकनिक स्पॉट समझकर व्यवहार कर रहे हैं, जिससे न केवल स्थानीय संस्कृति प्रभावित हो रही है, बल्कि अन्य श्रद्धालुओं को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि देवभूमि उत्तराखंड की पहचान उसकी संस्कृति, सभ्यता, आस्था व अनुशासित पर्यटन व्यवस्था से है, जिसे किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होने दिया जाना चाहिए। वीडियो वायरल होने के बाद नागरिकों ने पुलिस एवं जिला प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। लोगों का कहना है कि धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रभावी निगरानी व्यवस्था विकसित की जाए व नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**स्थानीय लोगों में रोष, धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग**

### आस्था और पर्यटन के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी

तुंगनाथ धाम देश के प्रमुख शिवधामों में से एक है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में क्षेत्रवासियों का मानना है कि धार्मिक स्थलों पर बढ़ती भीड़ के साथ-साथ अनुशासन और जिम्मेदार पर्यटन को भी बढ़ावा देना आवश्यक है। उनका कहना है कि देवभूमि की पहचान उसकी आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक मूल्यों से है, इसलिए यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इन मर्यादाओं का पालन करना चाहिए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुंगनाथ, चोपता और अन्य धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी अभियान चलाकर असामाजिक एवं अनुशासनहीन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था और उत्तराखंड की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सके।

# खेल और अध्यात्म के समन्वय से मिलेगा सकारात्मक परिवर्तन: डॉ. बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय श्रीनगर के तत्वावधान में खेलों में आध्यात्मिक मूल्यों का समावेश विषय पर दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ।

शिविर में श्रीनगर सहित देशभर के उत्तर भारत के 21 सेंटरों से स्पोर्ट्स विंग के सदस्य प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम में खेल, योग, ध्यान और आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से खिलाड़ियों के व्यक्तित्व विकास और मानसिक संतुलन को मजबूत बनाने पर विशेष चर्चा की गई।

मौके पर जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के

**खेलों में आध्यात्मिक मूल्यों के समावेश पर श्रीनगर में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू**

वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रशेखर ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे भेंट किए। कहा कि खेल और प्रकृति दोनों ही मनुष्य को अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मकता प्रदान करते हैं।

मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के खेल विभाग के सहायक निदेशक डॉ. मोहित बिष्ट ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में खिलाड़ियों के लिए शारीरिक फिटनेस के साथ मान. सिक शांति और आत्मिक संतुलन भी बेहद आवश्यक है।

कहा कि मेडिटेशन और राजयोग खिलाड़ियों की एकाग्रता बढ़ाने, तनाव कम करने तथा प्रदर्शन में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर पैठानी महाविद्यालय के डॉ. देवकृष्ण थपलियाल, बीके रोहतास, बीके प्रवेंद्र, बीके बाला सहित विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागी, खिलाड़ी और श्रीनगर क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची बिजली विभाग की टीम का

# लोगों ने किया घेराव, विरोध के बाद बैरंग लौटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम के वार्ड नंबर 33 स्थित सोत मोहल्ला में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची विद्युत विभाग की टीम को स्थानीय लोगों के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने टीम का घेराव कर स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया और स्पष्ट कहा कि जब तक शहर के अन्य वार्डों में यह व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक उनके क्षेत्र में स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने दिए जाएंगे। मौके पर तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार अधिशासी अभियंता अनिल मिश्रा के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम विजिलेंस कर्मियों के साथ सोत मोहल्ला पहुंची थी। स्मार्ट मीटर लगाए जाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र



हो गए। पार्षद हाजी फजलुर्रहमान, पार्षद संजीव राय 'टोनी', कांग्रेस नेता मोहम्मद मुबश्शीर, अनस अंसारी सहित अन्य लोगों के नेतृत्व में नागरिकों ने विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर अपना विरोध दर्ज कराया। स्थानीय लोगों का कहना था कि उनका वार्ड नगर निगम का 33वां वार्ड है। यदि पूरे शहर में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना लागू की जा रही है तो इसकी शुरुआत वार्ड नंबर एक से होनी चाहिए। उनका तर्क था कि क्रमवार सभी 32 वार्डों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद ही उनके वार्ड में यह प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। इस दौरान लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की। विरोध के दौरान स्थिति तब और गर्मा गई जब अधिशासी अभियंता ने कहा कि विभाग निर्धारित योजना के अनुसार हर हाल में स्मार्ट मीटर लगाएगा। इस बयान पर लोग आक्रोशित हो गए और विरोध तेज हो गया। काफी देर तक चले गतिरोध के बाद विभागीय टीम को बिना मीटर लगाए वापस लौटना पड़ा। अधिशासी अभियंता अनिल मिश्रा ने बताया कि विभाग नियमानुसार स्मार्ट मीटर स्थापित करने पहुंचा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों के मन में जो आशंकाएं और भ्रांतियां हैं, उन्हें संवाद के माध्यम से दूर किया जाएगा और सहमति बनाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुराचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** किशोरी को शादी का झांसा देकर दुराचार का मामला सामने आया है। किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों को पता चला पीड़ित के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

लंढौरा पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि यूपी बिजनौर क्षेत्र निवासी एक युवक उनका रिश्तेदार है। युवक का उनके घर आना जाना था। आरोप है कि युवक ने एक शादी समारोह में उसकी पुत्री को अपने प्रेम जजाल में फंसा लिया। आरोप है भी है कि कुछ माह पहले युवक युवती को लेकर कलियर पहुंचा। जहां पर उसने किशोरी को शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद किशोरी गर्भवती हो गई। जब किशोरी ने इस बारे में युवक को बताया तो आरोपी ने शादी करने से साफ मना कर दिया। साथ ही किशोरी के घर आना जाना बंद कर दिया। मामले की जानकारी घर वालो को मिलने पर परिजन सकते में आ गए। पहले परिजनों ने आरोपी युवक के परिजनों से इस संबंध में बात करने का प्रयास किया लेकिन परिजनों ने बात नही की। पिडित किशोरी के पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गोपाल राम बिनवाल अब होंगे रुड़की के नगर आयुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राज्य सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल के तहत रुड़की नगर निगम को नया नगर आयुक्त दे दिया है। नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत राकेश तिवारी का तबादला कर उन्हें सिटी मजिस्ट्रेट देहरादून एवं संयुक्त सचिव एमडीडीए की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी जगह गोपाल राम बिनवाल को रुड़की नगर निगम का नया नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। कार्मिक विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी तबादला आदेशों के अनुसार यह बदलाव प्रशासनिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। रुड़की नगर निगम में नए नगर आयुक्त की तैनाती के बाद शहर की सफाई व्यवस्था, विकास कार्यों, कर वसूली और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। तबादला सूची में अन्य अधिकारियों के भी स्थानांतरण किए गए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट देहरादून एवं संयुक्त सचिव एमडीडीए प्रत्युष सिंह को हरिद्वार विकास प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है। वहीं आईपीएस अधिकारी निवेदिता कुकरेती को विशेष सचिव गृह के पद से अवमुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार उप सचिव कार्मिक दीपक कुमार की ओर से तबादला आदेश जारी किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि इनमें से कई तबादले भारत निर्वाचन आयोग के हालिया दिशा-निर्देशों के अनुरूप किए गए हैं। रुड़की में अब निगाहें नए नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल के कार्यभार संभालने और उनकी प्राथमिकताओं पर टिकी हैं, क्योंकि नगर निगम क्षेत्र में कई विकास परियोजनाएं और जनहित के कार्य लंबित हैं।

# लक्सर नगर पालिका ने तहसील प्रशासन के साथ कस्बे से हटवाया अवैध अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका क्षेत्र मेंन बाजार में आज नगर पालिका के द्वारा एसडीएम एवं तहसीलदार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाया गया है जिससे अतिक्रमण करने वालों में खंलबली मच गई।

**❖एसडीएम व तहसीलदार ने खुद संभाली अतिक्रमण हटाओ अभियान की कमान**

जानकारी के अनुसार लक्सर उप जिलाधिकारी लक्सर अनिल शुक्ला ने बताया कि कुछ लोग बेवजह अतिक्रमण कर बाजार में भीड़ जमा कर देते है उसी को हटाने के लिए आज नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी सभी साथ है और जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है अभी तक नगर पालिका के द्वारा 9 चालान किए जा चुके हैं उन्होंने यह भी कहा कि अगर आज के बाद किसी ने भी अतिक्रमण किया तो गोपनीय तरीके से उसकी जांच कराकर उनके खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की जाएगी और हमारा यह अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा आज



अतिक्रमण हटाने के वक्त वहां पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें दीवान सिंह राणा तहसीलदार लक्सर मोहम्मद कामिल अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लक्सर गुलशेर बाबू अजय खाती बाबू योगेश चौहान सुरेंद्र सिंह दीपक सिंह मोनू चौहान मनोज वर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष आदि तहसील व नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रेन से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** चुड़ियाला रेलवे स्टेशन पर एक युवक के ट्रेन से गिरने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी रुड़की की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार चुड़ियाला रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति के ट्रेन से गिरने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर जीआरपी रुड़की चौकी से अपर उपनिरीक्षक गिरीश चंद्र उनियाल, कांस्टेबल आशीष कुमार एवं कांस्टेबल सन्नी कुमार को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो युवक मृत अवस्था में मिला। घटनास्थल पर मौजूद मृतक के भाई ने उसकी पहचान सचिन पुत्र रमेश कुमार (उम्र लगभग 26 वर्ष) निवासी रामनगर, थाना सदर बाजार, जनपद सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में की। जीआरपी ने रेल यातायात को बाधित होने से बचाने तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए शव को घटनास्थल से हटाकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई एवं पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय रुड़की भिजवा दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में शोक की लहर है। वहीं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भी इस हादसे को लेकर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# होटल, कैफे व होम स्टे पर चलाया चैंकिग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** होटल/कैफे/होमस्टे में अनैतिक गतिविधियों के विरूद्व कार्यवाही के संबंध में एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में कोतवाली भगवानपुर में गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र मे पडने वाले होटल/कैफे/होमस्टे/ रेस्टोरेंट/ ढाबों पर जाकर एंट्री रजिस्टर व कमरो की चौकिंग की गई तो कोई भी व्यक्ति अवैध गतिविधि करता हुआ नहीं मिला। समस्त होटल/कैफे/होमस्टे स्टांफ को हिदायत दी गई कि-1-चेक-इन के समय बिना वैध पहचान प्रमाण के किसी भी व्यक्ति को कमरा न दिया जाए।2-18 वर्ष से कम उम्र के अकेले बच्चो या युवाओ को उनके माता पिता या अभिभावक के साथ ही कमरा दिया जाये। 3-नाबालिग द्वारा परिजन अथवा अभिभावकों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के साथ कमरा लेने की स्थिति में तत्काल थाने को सूचित करें।4-कमरा लेने वाले व्यक्तियों का आधार कार्ड या वैध पहचान पत्र लेने के बाद रजिस्टर में स्पष्ट नाम पते के साथ एंट्री करें। 5-संदिग्ध व्यक्तियो, बिना पहचान वाले लोगों की जानकारी तुरंत स्थानीय थाने को दी जाये। 6-होटल के रिसेप्शन और गैलरी में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाये जायें।

# पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाला नामजद आरोपी को पुलिस ने पकड लिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली गंगनहर क्षेत्र के निवासी प्रदीप कुमार पुत्र इंद्रपाल निवासी ग्राम माधोपुर हजरतपुर थाना कोतवाली गंगनहर रुड़की जनपद हरिद्वार द्वारा दी गई तहरीर बाबत अभियुक्त सलमान पुत्र इसरार निवासी लाठर देवा शेख थाना झबरेड़ा जनपद हरिद्वार उम्र 27 वर्ष द्वारा उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भाग ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में कोतवाली में बी0एन0एस0 व 5(द)/6 पोक्सो अधि0 बनाम सलमान पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी रूडकी व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल व डिजिटल साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। नामजद आरोपी सलमान पुत्र इसरार निवासी लाठर देवा शेख थाना झबरेड़ा जनपद हरिद्वार उम्र 27 वर्ष को थाना परिसर रुड़की से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई।

# युवती के रास्ते में बदसलूकी विरोध करने पर भाई के साथ मारपीट

## शिकायत करने पर दी बुरे अंजामे की धमकी

**❖युवती ने दहशत में खाया जहरीला पदार्थ, गांव के ही चार पांच लोगों पर आरोप, मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** बुधवार शाम को सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में भाई के साथ बाइक पर जा रही एक युवती का चार युवकों ने सरेआम बदसलूकी करने का प्रयास किया। जब भाई ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने युवती के भाई को बेरहमी से पीटा आरोप है कि बीच बचाव में आयी युवती के भी आरोपियों ने कपड़े तक फाड़ दिए। इस घटना से आहत होकर पीड़िता ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

युवती के जहरीला पदार्थ खाने के बाद अस्पताल में इलाज चल रहा है अब युवती की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी अपने भाई के साथ बुधवार की शाम को बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर अपनी रिश्तेदारी में जा रही थी। जैसे ही वो बेलड़ा अंडरपास के पास पहुंचे, घात लगाए बैठे चार युवकों ने जबरन उनकी बाइक रोक ली। आरोप है कि चारों युवकों ने युवती को खींचकर अगवा करने की कोशिश की। भाई ने जब अपनी बहन को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। शिकायत करने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गयी। अब डरी सहमी मां और बेटी इस घटना की शिकायत करने पुलिस के पास जा रही थीं, तो आरोप है कि दबंगों ने उन्हें रास्ते में फिर से रोक लिया। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर पुलिस के पास गईं, तो जान से मार देंगे। खौफ और लोकलाज के कारण दोनों घर लौट आईं, लेकिन इस बदनामी और सदमे को युवती बर्दाश्त नहीं कर पाई बताया गया कि युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन-फानन में उसे कलियर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। उक्त मामले में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल का कहना है कि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों को तलाश की जा रही है।

# होटल व रेस्टोरेन्ट का अग्निशमन सुरक्षा के तहत किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** भीषण गर्मी में हर तरफ हो रही आग की घटनाओं के मददेनजर फायर स्टेशन रूडकी स्टॉफ द्वारा रुड़की क्षेत्रांतर्गत होटलों एवं रेस्टोरेन्ट आदि का अग्निशमन सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया। जानकारी के अनुसार निरीक्षण दौरान होटल एवं रेस्टोरेंट्स में अग्निशमन उपकरणों यथा फायर एक्सटिंग्यूशर, फायर हाईड्रेन्ट, फायर होजरील इत्यादि की कार्यशीलता को चेक किया गया, साथ ही आपातकालीन निकास मार्ग की व्यवस्था को चेक करते हुए प्रबंधकों को अग्निसुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अक्षय चौधरी उर्फ भानू का आचरण ठीक न होने के कारण मैंने अक्षय चौधरी से संबंध विच्छेद कर तमाम सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद अक्षय चौधरी के किसी भी अनैतिक कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **श्रीमती सुषमा** पत्नी स्व. राजकुमार नि. चौधरी डेरी मौहल्ला केशवनगर सोसायटी रोड लक्सर, हरिद्वार।

# दबंगों ने रंजिशन किसान के खेत से दो हजार पोपलर के पेड़ों पर चलाई आरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जहां आपसी रंजिश के चलते करीब आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने एक किसान की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया। रात के अंधेरे में खेत में घुसकर करीब 2,000 पॉपुलर के पेड़ो को काटकर और तोड़कर धराशाई कर दिया गया पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित किसान चौधरी नाथीराम और चौधरी नीटू सिंह ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष अपने दो अलग-अलग खेतों में बड़ी उम्मीद और मेहनत के साथ करीब 2,000 पॉपुलर के पौधे लगाए थे। पौधे अब पेड़ का रूप ले रहे थे, लेकिन रात के अंधेरे में गांव के ही कुछ उपद्रवियों ने इस हरी-भरी फसल को पूरी तरह तबाह कर दिया सुबह हमें सूचना मिली कि हमारे दोनों खेतों में लगे पॉपुलर के पेड़ टूटे और कटे पड़े हैं। जब हम परिवार सहित खेत पर पहुंचे, तो वहां का मंजर देखकर हमारे पैरों तले जमीन खिसक गई सालभर की मेहनत को बेरहमी से उजाड दिया गया था। किसानों ने इस घिनौने कृत्य के लिए गांव के ही कुछ लोगों को नामजद करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है तहरीर में मुख्य रूप सेनिम्नलिखित व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है: कुलदीप कुमार उर्फ नीटू (पुत्र धर्म सिंह)राजकुमार (पुत्र रिचपाल सिंह)सहित करीब 6 से 8 अन्य अज्ञात व्यक्ति हमसे थी, तो पेड़ों को क्यों काटापीड़ित किसानों ने भावुक होते हुए कहा कि अगर उन लोगों की हमसे कोई निजी दुश्मनी या रंजिश थी, तो उन्हें सामने आकर बैठकर बात करनी चाहिए थी। बेजुबान पेड़ों को काटकर उन्होंने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है।किसानों ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस मामले में किसी भी तरह का ढुलमुल रवैया न अपनाया जाए। आरोपियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई की जाए जो मिसाल बने, ताकि भविष्य में कोई भी दबंग किसी अन्य गरीब या सीधे-साधे किसान की फसल और संपत्ति को इस तरह नुकसान पहुंचाने की हिम्मत न कर सके। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चेक बाउंस पर व्यापारी को 6 माह की जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** चेक बाउसं होने पर न्यायालय ने व्यापारी को छह माह की सजा सुनायी है। चार वर्ष तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद लक्सर की अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए छह माह के कारावास और 2.70 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। अदालत ने जुर्माने की राशि में से 2.67 लाख रुपये परिवादी फर्म को प्रतिकर के रूप में दिए जाने के आदेश भी दिए हैं। मामला सुल्तानपुर कुन्हारी स्थित रहमत अली छोटा अली एंड संस फर्म से जुड़ा है। परिवाद के अनुसार 2022 में आरोपी सोनू अली ने फर्म से लाखों रुपये का अंबुजा सीमेंट खरीदा था। भुगतान के लिए उसने 2.52 लाख रुपये का चेक दिया लेकिन बैंक में प्रस्तुत करने पर चेक बाउंस हो गया। कानूनी नोटिस भेजे जाने के बावजूद भुगतान नहीं किए जाने पर फर्म ने अदालत की शरण ली।मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से साक्ष्य और तर्क प्रस्तुत किए गए। सुनवाई पूरी होने के बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सिविल जज (सीनियर डिवीजन) लक्सर ललिता सिंह ने आरोपी सोनू अली को परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा 138 के तहत दोषी करार दिया। अदालत ने अपने आदेश में आरोपी को छह माह के कारावास, 2.70 लाख रुपये के अर्थदंड और अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त छह माह के कारावास की सजा सुनाई। परिवादी पक्ष के अधिवक्ता मोहम्मद कासिम ने बताया कि अदालत ने साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय व्यापारिक लेन-देन में चेक के माध्यम से भुगतान करने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है कि चेक बाउंस के मामलों में कानून सख्ती से कार्रवाई करता है।

# सेवा संगठन ने राहगीरों को बांटा मीठा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लगातार बढ़ रही गर्मी और तपते मौसम के बीच सर्व समाज सेवा संगठन ने मानव सेवा का सराहनीय उदाहरण पेश करते हुए गणेश चौक पर मीठे शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान राहगीरों, मजदूरों और आम नागरिकों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

जानकारी के अनुसार संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम चौधरी ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से संगठन द्वारा विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए संगठन लगातार कार्य करता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया और संगठन के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस तरह के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का काम करते हैं। इस अवसर पर नीलम चौधरी, रविन्द्र बंसल, किरण पटेल, रीता शर्मा, मंजू, स्वास्तिक सिंह, दीपक गोयल



और राजेश्वर धीमान मोहिनी सिंह , रीना नेगी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत दिलाने के लिए शरबत वितरण, जल सेवा और अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रम जारी रहेंगे।

# दरगाह अब्दाल साहब में अकीदत के साथ मनाया गया शिम्मी मियां का सालाना उर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह अब्दाल साहब में शुक्रवार रात शाह मंजर ऐजाज साबरी कुद्दूसी उर्फ शिम्मी मियां का सालाना उर्स धार्मिक श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया गया। उर्स में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे अकीदतमंदों ने शिरकत कर मजार शरीफ पर चादर और फूल पेश कर दुआएं मांगी।

उर्स का आगाज दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली ऐजाज साबरी कुद्दूसी और साहिबजादा शाह यावर अली ऐजाज साबरी की सरपरस्ती में हुआ।सज्जादानशीन सैकड़ों जायरीनों के साथ दरगाह साबिर पाक पहुंचे, जहां चादर और फूल पेश कर देश और दुनिया में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ की गई।इसके बाद दरगाह अब्दाल साहब में शाह मंजर ऐजाज साबरी उर्फ शिम्मी मियां के मजार शरीफ पर चादरपोशी और गुलपोशी की रस्म अदा की गई।बाद में कुल शरीफ की रस्म संपन्न हुई जिसमें शाह अली ऐजाज साबरी और शाह यावर अली ऐजाज साबरी ने मुल्क की एकता, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआ कराई। उर्स के मौके



पर लंगर का आयोजन भी किया गया जिसमें जायरीनों ने तबर्रुक प्राप्त किया। देर रात आयोजित महफिल-ए-समां में सूफियाना कलाम पेश किए गए जिससे पूरा माहौल रूहानियत से सराबोर हो गया। महफिल के समापन के साथ उर्स भी सम्पन्न हो गया।उर्स में पंजाब, सूरत, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद समेत विभिन्न शहरों के अकीदतमंदों ने शिरकत की।इस मौके पर रुदौली शरीफ दरगाह के सज्जादानशीन नय्यर मियां, मिस्सी शाह बाबा,सूफियाना बाबा, शाह सुहैल मिया, असद साबरी ,सूफी राशिद, डैनी, गाजी मिया, बिन्नी,सफीक साबरी, राजू बाबा अमृतसर, नोमी मियां आदि मौजूद रहे।

# अमेरिका-ईरान फिर सैन्य टकराव के करीब

## दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किए

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच तनाव एक बार फिर सीधे सैन्य टकराव के बेहद करीब पहुंच गया। दोनों पक्षों ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किए। खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष विराम की परीक्षा के बीच ईरान के अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागे जाने के बाद अमेरिकी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरानी ड्रोन और रडार ठिकानों को निशाना बनाया।

इसी दौरान एक अन्य मोर्चे पर इजरायल-लेबनान में संघर्ष विराम समझौता होने के बावजूद इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच झड़पें तेज हो गई हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर यह युद्धविराम लागू है, लेकिन जमीन पर इसका पालन बेहद कमजोर नजर आ रहा है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि ईरानी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य और पड़ोसी खाड़ी देशों की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे। शुरुआती आकलन के अनुसार, अमेरिकी सेना ने कुवैत और बहरीन को निशाना बनाकर दागी गई सात मिसाइलों में से छह को हवा में ही नष्ट कर दिया, जबकि सातवीं मिसाइल लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही गिर गई। बयान में कहा गया है कि किसी भी अमेरिकी कर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सेंटकॉम ने कहा कि बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचाने के ईरानी दावे पूरी तरह झूठे हैं। इससे पहले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया था कि उसने 'क्षेत्र में मौजूद दुश्मन के ठिकानों' पर हमले किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में सक्रिय जहाजों के लिए सीधा खतरा बने ईरान के चार हमलावर ड्रोन को मार गिराया गया। जवाब में अमेरिका ने गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ईरान के रडार और तटीय रक्षा ठिकानों पर हमले किए। ये वे महत्वपूर्ण ठिकाने हैं, जहां से तेहरान समुद्री यातायात पर नजर रखता है। अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को रक्षात्मक कदम बताया। इसका उद्देश्य वाणिज्यिक जहाजरानी मार्गों की रक्षा करना और भविष्य के हमलों को रोकना है। ईरान ने इस घटनाक्रम को अलग तरह से पेश किया है। वहां की अर्ध-सरकारी 'मेहर न्यूज एजेंसी' ने खबर दी है कि ईरानी बलों ने जलडमरूमध्य के पास चेतावनी के तौर पर गोलीबारी की थी, जो संभवतः क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों की नई तैनाती के जवाब में की गई थी। ईरान ने पूरे क्षेत्र में दुश्मन के ठिकानों को सफलतापूर्वक निशाना बनाने का भी दावा किया, हालांकि सेंटकॉम ने बहरीन में अमेरिकी पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की रिपोर्टों का सिरे से खंडन किया है। तड़के सुबह बहरीन और कुवैत में हवाई हमले के सायरन गूंज उठे। कुवैत की सेना ने कहा कि वह मिसाइलों और ड्रोनों के खतरों का सक्रियता से जवाब दे रही है। हालांकि किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन इस चेतावनी ने यह साफ कर दिया है कि जब भी अमेरिका-ईरान के बीच टकराव होता है, तो खाड़ी देश कितने जोखिम में आ जाते हैं। लेबनान के सरकारी मीडिया के अनुसार, शुक्रवार को वहां स्थिति और अधिक हिंसक हो गई, जहां दक्षिण में हुए इजरायली हमलों में 20 से अधिक लोग मारे गए।



■ बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचाने के ईरानी दावे पूरी तरह झूठे हैं

### अमेरिका ने ईरान की छह बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया: सेंटकॉम

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य और पड़ोसी खाड़ी देशों की ओर दागी गई ईरान की कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। सेंटकॉम के अनुसार अमेरिकी बलों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के चार एकतरफा हमला करने वाले (आत्मघाती) ड्रोन मार गिराए जाने के बाद, ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। सेंटकॉम ने दावा किया कि ईरान की छह मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया गया, जबकि सातवीं मिसाइल लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। उसने यह भी कहा कि किसी भी अमेरिकी कर्मी को नुकसान नहीं पहुंचा। कमान ने ईरान के उन दावों को भी खारिज कर दिया, जिनमें बहरीन स्थित अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की बात कही गई थी।

### शांति शक्ति संतुलन पर निर्भर, खोखले वादों पर नहीं: ईरानी सलाहकार

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के सलाहकार अली अकबर विलायती ने कहा है कि स्थाई शांति केवल शक्ति संतुलन के माध्यम से ही हासिल की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने विरोधियों के साथ किसी भी तरह के समझौते या 'खोखले वादों' पर भरोसा करने के खिलाफ चेतावनी दी है। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विलायती ने कहा कि ईरान के बढ़ते प्रभाव को लेकर पश्चिमी देशों की चिंताएं अब हकीकत में बदल चुकी हैं और वैश्विक स्तर पर 'शक्ति का एक नया ढांचा' उभर कर सामने आया है। उन्होंने पश्चिमी मीडिया की उन रिपोर्टों का हवाला दिया जिनमें कहा गया है कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए एक अस्थाई समझौते की कोशिश कर रहा है। विलायती ने इसे 'ईरान को डराने की नीति की विफलता' और 'प्रतिरोध की जीत' के रूप में वर्णित किया। विलायती ने क्षेत्रीय ताकतों को राजनीतिक समझौते के जरिए अपने प्रतिरोध को कमजोर न करने की चेतावनी दी।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनाव से भारत नाराज

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 7 जून को होने वाले विधानसभा चुनावों का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान जिस क्षेत्र पर अवैध और जबरन कब्जा किए हुए है, वहां चुनाव कराने की उसकी योजना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, जिसमें गिलगित-बाल्टिस्तान भी शामिल है, भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है।

इसलिए पाकिस्तान को उन क्षेत्रों में किसी भी तरह की राजनीतिक प्रक्रिया चलाने का कोई अधिकार नहीं है। चुनाव कराने जैसी गतिविधियां वहां की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकतीं। गिलगित- बाल्टिस्तान में रविवार को 10 जिलों की 24 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। यह भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा है। हालांकि, यह पाकिस्तान के कब्जे में है। इसी वजह से वहां होने वाले हर चुनाव या राजनीतिक कदम पर भारत आमतौर पर आपत्ति दर्ज कराता है।



■ कहा: इससे अवैध कब्जा वैध नहीं होगा, 7 जून को 24 सीटों पर वोटिंग

गिलगित-बाल्टिस्तान में साढ़े पांच साल बाद चुनाव हो रहे हैं। इससे पहले यहां नवम्बर 2020 में चुनाव हुए थे, जिनमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने जीत हासिल की थी। यहां का कार्यकाल 5 साल का होता है। 2020 में चुनी गई विधानसभा ने नवम्बर 2025 में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया था। नियमों के मुताबिक इसके बाद नए चुनाव कराए जाने थे, लेकिन खराब मौसम और प्रशासनिक कारणों से मतदान समय पर नहीं हो सका। क्षेत्र में सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी होती है, जिससे कई इलाकों में आवागमन प्रभावित हो जाता है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति राजधानी योजना आयोग ने ग्रेट ट्रायम्फल आर्क परियोजना को दी मंजूरी: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रीय राजधानी योजना आयोग ने वाशिगटन डीसी में ग्रेट ट्रायम्फल आर्क (विशाल विजय मेहराब) की योजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने परियोजना के पक्ष में 8.1 से मतदान करने के लिए आयोग को धन्यवाद दिया। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि राष्ट्रीय राजधानी योजना आयोग को बहुत-बहुत धन्यवाद जिसने आर्लिंगटन मेमोरियल ब्रिज के आधार पर बनने वाले भ आर्क डी ट्रायम्फ को 8-1 के बहुमत से मंजूरी प्रदान की है। इस संरचना की 200 वर्षों से अधिक समय से प्रतीक्षा की जा रही थी।

### ट्रम्प के साथ किसी भी परमाणु समझौते पर भरोसा नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार एवं इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के पूर्व कमांडर-इन-चीफ मोहसिन रेजाई ने वर्ष 2015 के जेसीपीओए समझौते से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पीछे हटने का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ फिलहाल परमाणु पर कोई बातचीत नहीं होगी।

रेजई ने यह भी कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गई है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए ट्रम्प को कदम उठाना चाहिए। ईरानी मीडिया के अनुसार, आईआरजीसी के पूर्व प्रमुख ने अमेरिका को दोबारा आक्रामकता दिखाने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने फिर से सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुना, तो वह एक अंधेरी और अंतहीन सुरंग में प्रवेश कर जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध और नाकेबंदी जारी रही तो ईरान इस टकराव को फारस की खाड़ी से आगे हिंद महासागर, लाल सागर, बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य और भूमध्य सागर तक बढ़ा सकता है। रेजाई ने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत गतिरोध पर पहुंच गई है और ईरान के फ्रीज किए गए फंड को जारी करना विश्वास बहाली के लिए एक जरूरी परीक्षा है। उन्होंने 'सीएनएन' से कहा कि अब गेंद ट्रम्प के पाले में है और ईरान के रोके गए फंड को जारी करना विश्वास बहाली के उपाय के रूप में काम करेगा।

■ ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गई है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए ट्रम्प को कदम उठाना चाहिए

### सूडानी नागरिक की जांच रिपोर्ट आई इबोला निगेटिव, अस्पताल से जल्द मिलेगी छुट्टी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद के सरकारी गांधी अस्पताल के इबोला आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराए गए एक संदिग्ध सूडानी यात्री की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। अस्पताल के अधिकारियों ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की है कि मरीज में इबोला वायरस का कोई संक्रमण नहीं पाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह यात्री गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा था। हवाई अड्डे पर थर्मल स्क्रीनिंग के दौरान उसे हल्का बुखार पाया गया, जिसके बाद एहतियात के तौर पर उसे तुरंत अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## अमेरिका-ईरान समझौता जब्त संपत्तियों की रिहाई पर निर्भर: मोहसिन रज़ाई

**तेहरान।** ईरान के वरिष्ठ सलाहकार मो. हसिन रजाई ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी संभावित समझौते की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि ट्रम्प प्रशासन ईरान की 24 अरब डॉलर की जब्त की हुई संपत्तियों को जारी करने की मांग स्वीकार करता है या नहीं। सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई के सैन्य सलाहकार रजाई ने कहा कि अब अगला कदम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उठाना है।

उन्होंने कहा कि वार्ताएं गतिरोध की स्थिति में हैं और इस गतिरोध को तोड़ना ट्रम्प की जिम्मेदारी है। गेंद अब ट्रम्प के पाले में है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सैन्य टकराव फिर शुरू हुआ तो संघर्ष का दायरा फारस की खाड़ी से कहीं आगे तक फैल सकता है। रजाई के अनुसार ईरान चाहता है कि अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर होते ही 12 अरब डॉलर जारी किए जाएं, जबकि शेष 12 अरब डॉलर बाद में दिए जाएं। उन्होंने कहा कि यह राशि जारी करना विश्वास बहाली का महत्वपूर्ण कदम होगा और युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते तक पहुंचने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प वास्तव में ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं तो यह 24 अरब डॉलर विश्वास की परीक्षा है। अमेरिका को यह परीक्षा पास करनी होगी, तभी आगे का रास्ता खुलेगा। यह हमारा अपना पैसा है, अमेरिका का नहीं। यह मांग ऐसे समय सामने आई है जब ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय तनाव जैसे मुद्दों पर संभावित समझौते के लिए अप्रत्यक्ष वार्ताएं जारी हैं, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अमेरिकी अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इस स्तर पर ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने से वार्ता में अमेरिका की दबाव बनाने की क्षमता कम हो सकती है। रजाई ने संभावित सैन्य कार्रवाई के परिणामों को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका फिर से सैन्य कार्रवाई करता है तो ईरान युद्ध का दायरा बढ़ा देगा। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य से लेकर हिद महासागर, बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य, लाल सागर और भूमध्यसागर तक के रणनीतिक समुद्री मार्गों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघर्ष को नया आयाम दिया जा सकता है।



■ वार्ताएं गतिरोध की स्थिति में हैं और इस गतिरोध को तोड़ना ट्रम्प की जिम्मेदारी है: रज़ाई

## ट्रम्प सरकार की जासूसी करा रहा इजरायल

### बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी अधिकारी, इजरायल बोला: आरोप झूठा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल के बीच ईरान को लेकर मतभेद बढ़ रहे हैं। इस बीच अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) के भीतर यह चिंता बढ़ गई है कि इजरायल अमेरिकी अधिकारियों और ट्रम्प सरकार की अंदरूनी जानकारी जुटाने के लिए जासूसी की कोशिश कर रहा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक दो मौजूदा और एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि पेंटागन की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) ने हाल ही में इजरायल से जुड़े काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाकर 'क्रिटिकल' कर दिया है। यह एजेंसी का सबसे गंभीर अलर्ट माना जाता है। अमेरिका और इजरायल जैसे बेहद करीबी सहयोगियों के बीच ऐसा होना बेहद असाधारण माना जाता है। हालांकि इजरायल ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। इजरायली दूतावास का कहना है कि वह अमेरिकी अधिकारियों की जासूसी नहीं करता और उसकी खुफिया एजेंसियां सहयोगियों नहीं, बल्कि दुश्मनों पर नजर रखती हैं। काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाने का सबसे ज्यादा असर उन अमेरिकी अधिकारियों पर पड़ सकता है जो इजरायल की यात्रा करते हैं या इजरायली अधिकारियों के साथ सीधे संपर्क में रहते हैं। हालांकि अमेरिका और इजरायल के बीच खुफिया जानकारी साझा करने का सहयोग फिलहाल जारी रहेगा। एक अमेरिकी अधिकारी ने एनबीसी को बताया कि अमेरिका पहले से ही अपने सीनियर अधिकारियों की इजरायल यात्रा के दौरान खास सावधानी बरतता है। इजरायल में रह रहे अमेरिकी अधिकारी अपने फोन-लैपटाप का इस्तेमाल करने से बचते हैं। वे बर्नर फोन (इस्तेमाल कर फेंक दिए जाने वाले फोन) और खास कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते हैं। कई बार वे होटल के कमरों या ऐसी जगहों पर संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करने से भी बचते हैं, जहां निगरानी का खतरा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि इजरायली खुफिया एजेंसियां जानकारी जुटाने के मामले में काफी आक्रामक मानी जाती हैं। हालांकि अधिकारियों ने यह भी कहा कि ऐसा कोई एक बड़ा घटनाक्रम नहीं था जिसकी वजह से खतरे का स्तर अचानक बढ़ाया गया हो। इसके बजाय कई घटनाओं और आकलनों के आधार पर यह फैसला लिया गया। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है जब ईरान को लेकर ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। अप्रैल में युद्धविराम के बाद ट्रम्प ईरान के साथ एक बड़े समझौते की कोशिश कर रहे हैं, जबकि नेतन्याहू का मानना है कि ईरान किसी समझौते का पालन नहीं करेगा।



■ अमेरिका और इजरायल जैसे बेहद करीबी सहयोगियों के बीच ऐसा होना बेहद असाधारण माना जाता है

### अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा और छद्म वित्तीय नेटवर्क पर कड़े किए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान के खिलाफ बड़ी आर्थिक कार्रवाई करते हुए उसके एक 'संगठित नेटवर्क' पर नए प्रतिबंधों का एलान किया है। अमेरिकी प्रशासन के अनुसार, यह नेटवर्क 'अवैध ऊर्जा व्यापार और वैश्विक वित्तीय धोखाधड़ी' में लिप्त था। इसके जरिए दक्षिण और पूर्वी एशिया के बाजारों में करोड़ों डॉलर मूल्य की ईरानी एलपीजी की तस्करी की जा रही थी। अमेरिकी विदेश और वित्त मंत्रालय के जारी बयानों के मुताबिक ईरान इसे ओमान जैसे तीसरे देशों का बताकर बेच रहा था। इस पूरे खेल को छिपाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और चीन में सक्रिय मुखौटा कंपनियों के साथ-साथ ईरान के जहाजों के लिए छद्म बेड़े का इस्तेमाल किया जा रहा था। ये जहाज अपनी पहचान और ईंधन के ईरानी मूल को छिपाकर परिवहन कर रहे थे।





**भोपाल। कोलार जल आपूर्ति की मरम्मत पूरी न हो पाने के कारण आपूर्ति बाधित होने से पानी भरने के लिए कतार में खड़े लोग।**

### 'ऑपरेशन तूफान' के तहत दो प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट के सरगना अरेस्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस ने मादक पदार्थों की श्रृंखलाओं को नष्ट करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राज्यव्यापी नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान 'ऑपरेशन तूफान-द नार्को हंट' के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क से जुड़े दो प्रमुख सरगनाओं को गिरफ्तार किया है। गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने बताया कि नाइजीरियाई नागरिक सैमुअल क्लिफसन ओकफोर को दिल्ली में पंडालम में दर्ज एक मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया, जबकि पेरिनद, पथानामथिट्टा में दर्ज एक मामले में वांछित विदेशी नागरिक एल्सीना संतन सुसान को बेंगलुरु में पकड़ा गया।

## जंग के बावजूद ईरानी फुटबॉल टीम को अमेरिकी वीजा मिला

■ सपोर्ट स्टाफ को अब तक इजाजत नहीं, ईरान बोला: यह भेदभाव

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग के बावजूद ईरानी फुटबाल टीम के खिलाड़ियों को अमेरिका का वीजा मिल गया है। हालांकि टीम के कई सपोर्ट स्टाफ और अधिकारियों को अब तक अमेरिकी वीजा नहीं मिला है।

इस पर ईरान ने अमेरिका पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, फुटबाल महासंघ के महासचिव हेदायत मोम्बेनी, उपाध्यक्ष मेहदी मोहम्मद नबी समेत 14 अधिकारी और सहयोगी स्टाफ अभी भी वीजा का इंतजार कर रहे हैं। महासंघ का कहना है कि इससे टीम को बराबरी का मौका नहीं मिल रहा है और वह इस मामले को फीफा के सामने उठाएगा। वहीं, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सभी खिलाड़ियों, कोच, ट्रेनर और कुछ सपोर्ट स्टाफ को वीजा जारी कर दिया गया है, लेकिन कुछ आवेदनों को मंजूरी नहीं दी गई। ईरानी टीम फिलहाल तुर्किये के अंताल्या में अभ्यास कर रही है और वहां से मेक्सिको रवाना होगी। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होगा। पहली बार यह टूर्नामेंट तीन देशों की मेजबानी में खेला जाएगा। इसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी।



## ईरान के पास समझौते के अलावा विकल्प नहीं: ट्रम्प

### अप्रैल में हुआ युद्धविराम अभी तक किसी तरह कायम है, लेकिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है, क्योंकि ईरानी नेतृत्व 'मजबूत' और 'स्वाभिमानी' है, लेकिन अंततः उसके पास समझौते के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ट्रम्प ने एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि वे मजबूत हैं, वे गर्व से भरे हुए हैं।

कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था, लेकिन अब उन्हें करना पड़ेगा। उनके पास कोई विकल्प नहीं है, हालांकि इसमें थोड़ा समय लगेगा। ट्रम्प की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए चल रही वार्ता चौथे महीने में प्रवेश कर चुकी है। अप्रैल में हुआ युद्धविराम अभी तक किसी तरह कायम है, लेकिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है। हाल के दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास दोनों पक्षों द्वारा की गई सैन्य कार्रवाइयों के कारण तनाव फिर बढ़ गया है, जिससे युद्धविराम पर भी खतरा मंडराने लगा है।अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार को कांग्रेस के सदस्यों से कहा कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम से संचालित सैन्य अभियान समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह की गई अमेरिकी सैन्य कार्रवाई पूरी तरह रक्षात्मक थी और यह होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट जहाजों पर ईरानी हमलों के जवाब में की गई। रुबियो ने कहा कि अपनी सेनाओं की सुरक्षा के लिए हम केवल ड्रोन को नहीं, बल्कि उन्हें लॉन्च करने वालों को भी निशाना बनाते हैं। यदि वे जहाजों पर हमला नहीं करेंगे तो हम भी कार्रवाई नहीं करेंगे, लेकिन जवाब देना हमारी मजबूरी है। ट्रम्प और उनकी रिपब्लिकन सरकार लगातार यह दावा करती रही है कि इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई उसके परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को रोकने के लिए आवश्यक थी।




■ कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था, लेकिन अब उन्हें करना पड़ेगा: ट्रम्प

### दर्शकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए पेड्डी में बदलाव करेंगे निर्देशक बुची बाबू सना

**मुंबई।** फिल्म पेड्डी को लेकर उठी आपत्तियों के बीच निर्देशक बुची बाबू सना ने दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का सम्मान करते हुए फिल्म के कुछ दृश्यों में बदलाव करने की घोषणा की है। बुची बाबू सना ने जारी बयान में कहा कि फिल्म के कुछ हिस्सों को लेकर सामने आई चिंताओं को गंभीरता से लिया गया है और उनकी समीक्षा के बाद आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक फिल्ममेकर के रूप में उनका मानना है कि सिनेमा का उद्देश्य लोगों का मनोरंजन करना, उन्हें प्रेरित करना और उनसे जुड़ाव बनाना है। किसी को असहज महसूस कराना या उसका अपमान करना कभी भी उनका उद्देश्य नहीं रहा है।उन्होंने कहा कि वह हमेशा महिलाओं का सम्मान करते आए हैं, चाहे वह पर्दे पर हों या वास्तविक जीवन में। उनका कहना है कि फिल्म में किसी महिला किरदार को गलत तरीके से प्रस्तुत करने या उसका अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि यदि फिल्म का कोई हिस्सा दर्शकों को ऐसा महसूस कराता है, तो वह उनकी भावनाओं का सम्मान करते हैं और इसके लिए दिल से माफी मांगते हैं।

# AI के पांच सबसे अच्छे 5 कोर्स

# नहीं होगी नौकरी की दिक्कत और मिलेगी बंपर सैलरी



**नई दिल्ली।** शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, बिजनेस और आईटी सहित लगभग हर क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। एआई के कुछ कोर्स आपको अच्छी सैलरी वाली नौकरी दिलाने और करियर में शानदार तरक्की करने में मदद कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई आज के दौर की सबसे तेजी से उभरती टेक्नोलॉजी में से एक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, बिजनेस और आईटी जैसे लगभग हर सेक्टर में एआई का इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसलिए ही कंपनियां एआई और डेटा साइंस प्रोफेशनल्स तलाश रही हैं। अगर आपने 12वीं पास कर ली है और आगे चलकर अच्छी नौकरी के साथ बंपर सैलरी चाहते हैं, तो एआई से जुड़े कोर्स आपके लिए बेहतरीन ऑपशन साबित हो सकते हैं। जानें ऐसे 5 प्रमुख कोर्स, जिनकी मांग आने वाले सालों में और बढ़ने की उम्मीद है।

**एआई में डिप्लोमा**

एआई में डिप्लोमा एक शॉर्ट-टर्म कोर्स है, जिसमें छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेसिक और एडवांस कॉन्सेप्ट्स सिखाएं जाते हैं। इसमें Python प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, डेटा प्रोसेसिंग और अलग-अलग एआई टूल्स की ट्रेनिंग दी जाती है। यह कोर्स आमतौर पर 6 महीने से 2 साल तक का होता है। इसकी फीस लगभग 50 हजार से 3 लाख रुपये तक हो सकती है। यह डिप्लोमा ML इंजीनियर और एआई आर्किटेक्ट जैसी हाई-पेइंग रोल्स के लिए बेस्ट है।

**एआई और डेटा साइंस में बीटेक**

एआई और डेटा साइंस से B.Tech भी अच्छा करियर ऑप्शन है। इस चार साल की इंजीनियरिंग डिग्री में डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा और प्रोग्रामिंग लैंग्वेज जैसे Python C++ और R की पढ़ाई जाती है। इस कोर्स की फीस संस्थान के अनुसार 4 लाख से 20 लाख रुपये तक हो सकती है। कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों के लिए टेक कंपनियों में हाई सैलरी के साथ बेहतर करियर अवसर उपलब्ध होते हैं।

**एआई से BCA**

जो छात्र कॉमर्स, आर्ट्स या किसी भी दूसरी स्ट्रीम से 12वीं पास कर चुके हैं, उनके लिए AI से BCA एक अच्छा ऑप्शन है। इस कोर्स में कंप्यूटर एप्लीकेशन के साथ AI और मशीन लर्निंग की पढ़ाई कराई जाती है। इसमें प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, एल्गोरिदम और डीप लर्निंग जैसे सब्जेक्ट्स शामिल होते हैं। इसकी फीस लगभग 50 हजार से 3 लाख रुपये सालाना तक हो सकती है। इस कोर्स के बाद अब प्रोग्रामर या डेटा एनालिस्ट सहित दूसरे रोल्स पर काम करते हुए अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं।

**एआई और डेटा साइंस से B.Sc**

यह 3-ईयर डिग्री कोर्स मशीन लर्निंग और डेटा साइंस पर फोकस करता है। इसमें छात्रों को डेटा माइनिंग, स्टैटिस्टिक्स, डेटा विजुअलाइजेशन और एनालिटिक्स जैसे सब्जेक्ट्स पढ़ाए जाते हैं। इस कोर्स की फीस 30 हजार से 3 लाख रुपये सालाना तक हो सकती है। डेटा साइंस और रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा ऑप्शन माना जाता है। यह कोर्स ML इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट और AI आर्किटेक्ट जैसे हाई-पेइंग रोल्स दिलाने में मदद कर सकता है।

**एआई और डेटा साइंस से B.Tech भी अच्छा करियर ऑप्शन है। इस चार साल की इंजीनियरिंग डिग्री में डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा और प्रोग्रा. मिंग लैंग्वेज जैसे Python C++ और R की पढ़ाई जाती है। इस कोर्स की फीस संस्थान के अनुसार चार लाख से 20 लाख रुपये तक हो सकती है। कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों के लिए टेक कंपनियों में हाई सैलरी के साथ बेहतर करियर अवसर उपलब्ध होते हैं। जो छात्र कॉमर्स, आर्ट्स या किसी भी दूसरी स्ट्रीम से 12वीं पास कर चुके हैं, उनके लिए AI से BCA एक अच्छा ऑप्शन है।**




# JEE एडवांस के बिना मिलेगा IIT दिल्ली में एडमिशन, शुरू हुआ AI कोर्स

**नई दिल्ली।** IIT दिल्ली के लिए AI पद Healthcare प्रोग्राम के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। क्लासेज शनिवार और रविवार को चलाई जाएंगी। IIT Delhi AI Course: आईआईटी दिल्ली IIT Delhi से करना चाहते हैं पढ़ाई तो आपके लिए सुनहरा मौका है। IIT Delhi us Continuing Education Programme CEP Executive Programme for AI in Healthcare का दूसरा बैच लॉन्च कर दिया है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। कैंडिडेट्स 30 जुलाई 2026 से पहले अप्लाई कर लें। संस्थान ने खुद इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी है

**IIT Delhi ने शेयर की जानकारी**

IIT क्मसीप ने X पर किए एक पोस्ट में शेयर किया है कि संस्थान ने AI पद Healthcare प्रोग्राम के दूसरे ब्रांच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही संस्थान ने इस प्रोग्राम से जुड़ी सभी जानकारी शेयर की है।

**क्या है यह प्रोग्राम**

IIT Delhi के इस एक्जीक्यूटिव लेवल प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को हेल्थकेयर इंडस्ट्री में AI के इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी।

डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और मेडिकल टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस प्रोग्राम का उद्देश्य प्रोफेशनल्स को हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी के कॉम्बिनेशन में एक्सपर्ट बनाना है, ताकि वे फ्यूचर की डिजिटल हेल्थ सर्विसेज में बेहतर योगदान दे सकें।

## अप्लाई करने के लिए जरूरी डिटेल

**प्रोग्राम:** Executive Programme for AI in Healthcare Batch
**संस्थान:** IIT Delhi
**आवेदन प्रक्रिया:** ऑनलाइन
**लास्ट डेट:** 30 जुलाई 2026
**Class Schedule**- शनिवार: शाम 6:00 बजे से 7:30 बजे तक, रविवार- सुबह 11:00 बजे से 12:30 बजे तक

## कौन कर सकता है अप्लाई

कोई भी ग्रेजुएट प्रोफेशनल आवेदन कर सकता है
उम्मीदवार इंडस्ट्री या एकेडमिक सेक्टर से जुड़ा होना चाहिए

**आवेदन कैसे करें**

IIT Delhi के इस प्रोग्राम के ceppay.iitd.ac.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। सबसे पहले आपको नाम, फोन नंबर और ईमेल डालकर लॉगिन करना होगा। इसके बाद फॉर्म भरें। आईआईटी दिल्ली का यह प्रोग्राम उन प्रोफेशनल्स के लिए एक बेहतरीन अवसर है जो AI और हेल्थकेयर के फील्ड में अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। यह कोर्स फ्यूचर की टेक्नोलॉजी आधारित हेल्थ सिस्टम के लिए एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

# यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून से

**उम्मीदवारों के लिए राहत की बात यह है कि इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई है। यानी अगर कोई जवाब गलत हो जाता है तो उसके लिए नंबर नहीं काटे जाएंगे। हालांकि उम्मीदवारों को जवाब सोच-समझकर ही भरने चाहिए।**

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में नौकरी पाने का सपना देख रहे लाखों युवाओं के लिए बड़ी खबर है। यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून से शुरू होने जा रही है। लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवार अब अंतिम दौर में पहुंच चुके हैं। ऐसे समय में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि परीक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी होना भी बहुत जरूरी है। हर साल कई अभ्यर्थी देर से पहुंचने, जरूरी दस्तावेज साथ न रखने या नियमों की जानकारी न होने की वजह से परेशानी में पड़ जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं तो एग्जाम वाले दिन किसी तरह की दिक्कत से बचने के लिए भर्ती बोर्ड की ओर से जारी सभी जरूरी नियम पहले से जान लें।

**8 से 10 जून तक होगी परीक्षा**

यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून, 9 जून और 10 जून को कराई जाएगी। परीक्षा के लिए राज्यभर में कई केंद्र बनाए गए हैं। बड़ी संख्या में उम्मीदवार इसमें शामिल होने वाले हैं।

**दो शिफ्ट में होगा एग्जाम**

परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। उम्मीदवारों को अपनी शिफ्ट का समय एडमिट कार्ड में देख लेना चाहिए।

**समय से पहले पहुंचना जरूरी**

भर्ती बोर्ड ने साफ कहा है कि तय समय के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। सुबह की शिफ्ट वाले उम्मीदवारों को सुबह 8 बजे से 9:30 बजे के बीच केंद्र पहुंचना होगा। वहीं दूसरी शिफ्ट वालों को दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे के बीच रिपोर्ट करना होगा। इसलिए आखिरी समय तक इंतजार करने की गलती न करें।

**एडमिट कार्ड और पहचान पत्र जरूर रखें**

परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड जरूरी है। इसके साथ आधार कार्ड या कोई दूसरा सरकारी पहचान पत्र भी रखना होगा। बिना पहचान पत्र के उम्मीदवारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**सेंटर बदलने की सुविधा नहीं**

कई उम्मीदवारों का परीक्षा केंद्र उनके शहर से दूर आया है, लेकिन भर्ती बोर्ड ने साफ कर दिया है कि एक बार सेंटर तय होने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को उसी केंद्र पर परीक्षा देनी होगी जो उनके एडमिट कार्ड में लिखा है।

**यह सामान बिल्कुल न ले जाएं**

मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, नोट्स, कागज या किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक सामान परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी सभी उम्मीदवारों की बायोमेट्रिक जांच भी की जाएगी।

**गलत जवाब पर नहीं कटेंगे नंबर**

उम्मीदवारों के लिए राहत की बात यह है कि इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई है। यानी अगर कोई जवाब गलत हो जाता है तो उसके लिए नंबर नहीं काटे जाएंगे। हालांकि उम्मीदवारों को जवाब सोच-समझकर ही भरने चाहिए।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



**OMR शीट पर भरने होंगे जवाब**

यह परीक्षा कंप्यूटर पर नहीं होगी। उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट दी जाएगी। सभी जवाब ओएमआर शीट पर भरने होंगे। इसके लिए काला या नीला बॉल पेन साथ रखना जरूरी है। प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में मिलेगा।